वर्ष : 19 | अंक : 316 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

राजस्थान पत्रिका SUNDAY

य एषु सुप्तेषु जागर्ति | नई दिल्ली, रविवार, 09 जून, 2024 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया संवत् 2081

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

/rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

patrika.com

पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

SUNDAY GUEST EDITOR संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

जीवन में हर पथ पर जीत मिलेगी, खुद पर रखें भरोसा

आधी आबादी की सोच को अखबार में उतारने के लिए पत्रिका की पहल संडे वुमन गेस्ट एडिटर के तहत आज की गेस्ट एडिटर किरण राव हैं। आप फिल्म निर्माता-निर्देशक व पटकथा लेखिका हैं। आप महाराष्ट्र में अकालग्रस्त क्षेत्रों के लिए काम कर रहे 'पानी फाउंडेशन' की को-फाउंडर भी हैं। आपका मानना है कि महिलाओं को खुलकर सोचने और निडर होकर जीवन जीने का पूरा अधिकार है। आप मानती हैं कि महिलाओं को खुलकर अपनी बात रखने की भी आजादी मिलनी चाहिए। उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा होना चाहिए क्योंकि खुद पर भरोसा ही हर महिला को जीत दिला सकता है।

- असिस्टेंट डायरेक्टर से की शुरुआत
- महिला प्रधान विषय और उनके सशक्तीकरण पर फिल्मों का निर्माण और निर्देशन करने के लिए जानी जाती हैं।

पत्रिका में संडे गेस्ट एडिटर के रूप में उन महिलाओं की कहानियों को चुना है जिन्होंने जीवन में लीक से हटकर काम किए और न केवल सफलता पाई बल्कि दूसरों की मददगार भी बनीं।

–किरण राव, फिल्म निर्माता-निर्देशक, मुंबई

संडे वुमन गेस्ट एडिटर की पहल आपको कैसी लगी। अपने सुझाव हमें बताएं। वॉट्सऐप नंबर/ई-मेल पर भेजें- 8955003879/ sunday@in.patrika.com

संडे गेस्ट एडिटर की थीम स्टोरीज पढ़ें अंदर के पेजों पर

अलविदा

रामोजी ग्रुप के चेयरमैन रामोजी राव का निधन



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

हैदराबाद. रामोजी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन रामोजी राव का शनिवार को 87 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने हैदराबाद के अस्पताल में अंतिम सांस ली। उन्हें सांस लेने में समस्या होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रामोजी राव मीडिया जगत की बड़ी हस्ती थे। वह रामोजी फिल्म सिटी और ईटीवी के मालिक थे। उन्हें 2016 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। पीएम मोदी ने भी उनके निधन पर दुख जताते हुए कहा, रामोजी ने मीडिया व मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए।

24 कैरट खरे रामोजी @इंडिया&वर्ल्ड

तीसरी बार एनडीए सरकार : राष्ट्रपति भवन में शाम 7.15 बजे समारोह

मोदी 3.0 आज लेंगे उम्मीदों की शपथ शामिल होंगे 50-55 मंत्री

नवनिर्वाचित सांसदों की धड़कनें बढ़ाती रही मोबाइल की घंटियां

नवनीत मिश्र
patrika.com

नई दिल्ली. भाजपा नीत एनडीए संसदीय दल के नेता नरेंद्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में शाम 7.15 बजे आयोजित एक सादे समारोह में मोदी 50 से 55 मंत्रियों के साथ शपथ ले सकते हैं। इनमें दो दर्जन कैबिनेट मंत्री होंगे, अन्य स्वतंत्र प्रभार और राज्य मंत्री हो सकते हैं।

नई सरकार में जातीय, क्षेत्रीय, सामाजिक संतुलन स्थापित करने वाला मंत्रिमंडल होगा। योग्यता को भरपूर तवज्जो मिलेगी। मंत्रियों के चयन में अनुभव और शिक्षा दीक्षा का भी ख्याल रखा जाएगा। यह मंत्रिमंडल उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम को साधने वाला होगा। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा सीसीएस में शामिल गृह, वित्त, रक्षा और विदेश मंत्रालय अपने पास रखेगी।

शेष @पेज04

राष्ट्रपति भवन के प्रांगण (फोरकोर्ट) को भव्य तरीके से सजाया गया है। फोरकोर्ट में ही तैयार हुए विशेष मंच पर मोदी शपथ लेंगे।

राज्यों से ये सांसद मंत्री पद की रेस में

उत्तर प्रदेश से राजनाथ सिंह, जितिन प्रसाद, एसपी सिंह बघेल और पंकज चौधरी तो मध्यप्रदेश से ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, गणेश सिंह, बीडी शर्मा मंत्री पद की रेस में हैं। महाराष्ट्र से नितिन गडकरी, पीयूष गोयल और नारायण राणे, हरियाणा से राव इंद्रजीत, कृष्णपाल गुर्जर और मनोहर लाल खट्टर, राजस्थान से अर्जुन मेघवाल, भूपेंद्र यादव, गजेंद्र सिंह, ओडिशा से धर्मेंद्र प्रधान, संबित पात्रा, वैजयंत पांडा, अपराजिता सारंगी व गुजरात से सीआर पाटिल मंत्री बन सकते हैं।

दक्षिण से इनके नाम चर्चा में : कर्नाटक से प्रहलाद जोशी, शोभा करंदलाजे, पीसी मोहन तेलंगाना से संजय बंडी या जी. किशन रेड्डी, केरल से सुरेश गोपी, तमिलनाडु से अन्नामलै, त्रिपुरा से विप्लव देब, असम से सर्वानंद सोनोवाल भी मंत्री बनाए जाने की रेस में हैं।

संभावित बंटवारा

टीडीपी को एक कैबिनेट, दो राज्यमंत्री मिल सकते हैं। जेडीयू को एक कैबिनेट एक राज्यमंत्री मिल सकता है। शिवसेना, एलजेपी, आरएलडी व एनसीपी का एक-एक मंत्री सरकार में शामिल हो सकता है। शनिवार को बातचीत फाइनल हो चुकी है।

पड़ोसी प्रथम की झलक...

- **सात देशों के शासनाध्यक्ष आएंगे:** भारत की पड़ोसी प्रथम नीति और सागर विजन की दृष्टि से नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मालदीव, सेशेल्स और मॉरीशस के नेताओं को समारोह में भाग लेने के निमंत्रण पत्र भेजा गया है। इन देशों के दो राष्ट्रपति, एक उपराष्ट्रपति और चार प्रधानमंत्री शामिल होंगे।
- **आठ हजार मेहमान :** इस बार भी 8000 मेहमान आयोजन के लिए आमंत्रित किए गए हैं।
- **तीन स्तरीय सुरक्षा :** राष्ट्रपति भवन की थ्री लेयर सुरक्षा होगी। बाहर दिल्ली पुलिस के जवान होंगे। अर्धसैनिक बल की 5 कंपनियां व राष्ट्रपति भवन की आंतरिक सुरक्षा के जवान तैनात रहेंगे। शेष @पेज04

टी-20 विश्व कप : न्यूयॉर्क में आज दिखाई देगा मिनी इंडिया

अमरीका में पहली बार भारत और पाक के बीच टी-20 का रोमांच

टीम इंडिया का पाक पर पलड़ा भारी

यदि रेकॉर्ड पर नजर डालें तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। टी-20 विश्व कप में भारत ने पाकिस्तान से सात मैच खेले हैं और छह जीते जबकि सिर्फ एक हारा है। भारत को एकमात्र हार 2021 में मिली थी।

न्यूयॉर्क में अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

न्यूयॉर्क. आइसीसी टी-20 विश्व कप में रविवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी में वो नजारा दिखेगा, जो यहां के लोगों ने पहले कभी नहीं देखा होगा। भारत और पाकिस्तान की टीम जब मैदान पर उतरेगी तो करीब 35000 प्रशंसक इस महामुकाबले को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद होंगे। दुनियाभर के क्रिकेट प्रशंसक इस मैच का लुत्फ उठाने और अपनी-अपनी टीमों की हौसलाअफजाई करने के लिए यहां आ रहे हैं। दोनों टीमों के बीच अमरीका में पहली बार मैच खेला जाएगा। संबंधित @स्पोर्ट्स&गेमिंग

टिकट की कीमत 8.35 लाख रुपए तक

भारत और पाकिस्तान मैच के टिकट की शुरुआती कीमत 300 डॉलर यानि 25000 रुपए रखी गई है। वहीं, सबसे महंगे टिकट की कीमत 10,000 डॉलर (8.35 लाख रुपए) है।

पार्किंग के लिए चुकाने होंगे 1 लाख रुपए

एक रिपोर्ट के मुताबिक नासाउ स्टेडियम के पास प्रशंसकों को यदि गाड़ी पार्क करनी है तो उन्हें पार्किंग के लिए 1200 डॉलर (1 लाख रुपए) चुकाने होंगे। इस बात की जानकारी पूर्व भारतीय क्रिकेटर नवजोत सिंह सिद्धू ने दी।

प्रति सेकेंड एड की कीमत 4 लाख रुपए

भारत-पाक मैच के लिए विज्ञापन कंपनियों से प्रति सेकेंड चार लाख रुपए वसूले जा रहे हैं। ऐसे में 10 सेकेंड का स्लॉट 40 लाख रुपए में बुक हो रहा है। वहीं, अन्य मैचों के लिए यह कीमत प्रति सेकेंड 01 से 1.50 लाख रुपए तक होती है।

न्यूज ब्रीफ

सीवर टैंक में उतरे तीन लोगों की मौत

मथुरा @पत्रिका. मथुरा के वृंदावन कोतवाली इलाके में बीकानेर रेस्टोरेंट पर शनिवार दोपहर सीवर टैंक में उतरे 3 मजदूरों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मजदूरों को करंट लगा था। परिवार वालों का कहना है कि रेस्टोरेंट संचालक और उनके साथी बिना सेफ्टी उनसे सफाई करा रहे थे। मरने वालों में चाचा-भतीजे शामिल हैं।

मध्यप्रदेश : दो ट्रकों में आग, चार जिंदा जले

रीवा @पत्रिका. मध्यप्रदेश के रीवा में बाइपास के निकट दो ट्रकों में आमने-सामने की टक्कर के बाद भीषण आग लग गई। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई।

झरोखा

कांग्रेस कार्यसमिति : लोकसभा में नेता बनने का प्रस्ताव किया पारित

नेता प्रतिपक्ष बनने पर राहुल बोले... सोचूंगा

कार्यकर्ता 24x365 दिन जुट जाएं: खरगे

शादाब अहमद
patrika.com

नई दिल्ली. लोकसभा चुनाव में 2009 के बाद अच्छे प्रदर्शन को कांग्रेस खुद के लिए महाबूस्टर डोज मान रही है। इससे उत्साहित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चाहे हम सत्ता में हों या नहीं। हमें 24 घंटे, 365 दिन लोगों के बीच रहना होगा, जनता के मुद्दों को उठाना होगा।

दूसरी ओर, संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे मुकाबले के लिए राहुल गांधी को लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल का नेता बनने का प्रस्ताव कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने पारित किया। राहुल ने सीडब्ल्यूसी से इस पर फैसला लेने के लिए थोड़ा वक्त मांगा है। बाद में संसदीय दल की बैठक में भी राहुल पर लोकसभा में कांग्रेस के नेता बनाने का दबाव डाला गया।

शेष @पेज04

नई दिल्ली में शनिवार को आयोजित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का हाथ पकड़कर सहारा देते राहुल गांधी।

दो उपनेता बनाने पर भी विचार

कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में राहुल गांधी पर नेता प्रतिपक्ष बनने का दबाव डाला जा रहा है। उन्हें सहयोग के लिए एक या दो उपनेता भी बनाए जा सकते हैं। इसमें वर्तमान उपनेता गौरव गोगोई का नाम सबसे ऊपर बताया जा रहा है। गोगोई का पिछले कार्यकाल में अच्छा प्रदर्शन रहा है और कई मुद्दों पर कांग्रेस की बात रखी। इसके अलावा के.सी. वेणुगोपाल, मनीष तिवारी, कुमारी शैलजा का नाम भी सामने आ रहे हैं।

सोनिया फिर से कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष

संसद के पुराने भवन के संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में कांग्रेस संसदीय दल के अध्यक्ष पद पर सोनिया गांधी को फिर से चुना गया। संसदीय दल की बैठक में लोकसभा के सभी नवनिर्वाचित सांसदों के साथ-साथ राज्यसभा सांसद भी मौजूद रहे। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) के अध्यक्ष के लिए सोनिया गांधी के नाम का प्रस्ताव रखा। सांसद तारिक अनवर व गौरव गोगोई ने इसका समर्थन किया। इसके बाद सोनिया गांधी ने कहा कि लोकसभा चुनाव से कांग्रेस में नई जान आई है। इसमें सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत शामिल है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा व भारत जोड़ो न्याय यात्रा से कांग्रेस को नई दिशा मिली। लोगों तक सीधा पहुंचकर उनके मुद्दों को चुनाव में उठाया गया।

नीट यूजी

ग्रेस मार्क्स मामले की जांच होगी, कमेटी गठित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी के परिणाम में कथित गड़बड़ी के बाद मचे हंगामे और सीबीआइ जांच की मांग के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने ग्रेस मार्क्स की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी बनाई है। यूपीएससी के पूर्व चेयरमैन की अगुवाई में यह कमेटी एक सप्ताह में 1500 से अधिक अभ्यर्थियों को दिए गए ग्रेस मार्क्स की समीक्षा कर रिपोर्ट सौंपेगी।

एनटीए डीजी सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को ग्रेस अंक देने से नतीजों या क्वालिफाइंग क्राइटेरिया पर कोई फर्क नहीं पड़ा है। उन्होंने पेपर लीक होने के आरोपों को भी खारिज करते हुए कहा कि यह मात्र 1600 विद्यार्थियों से जुड़ा मामला है। पेपर 23 लाख से ज्यादा बच्चों ने दिया था। उन्होंने कहा कि कमेटी ग्रेस मार्क्स व टाइम लॉस मामले की जांच करेगी।

शेष @पेज04

प्रक्रिया शुरू : विधानसभा चुनाव की ओर कदम

जम्मू-कश्मीर की 'अपनी' सरकार की तैयारी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में जल्द ही लोगों की अपनी सरकार होगी। चुनाव आयोग (ईसी) ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की तैयारियां शुरू कर दी है। ईसी ने चुनाव चिन्ह आवंटित करने के लिए जम्मू-कश्मीर में पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से आवेदन मांगे हैं।

फिलहाल वहां मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य दलों के पास अपने चुनाव चिन्ह हैं लेकिन पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त दलों को चुनाव में उम्मीदवार उतारने के लिए उनके लिए आवेदन करना होगा। सूत्रों के अनुसार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची का विशेष संशोधन होगा ताकि पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ कर उसे अपडेट किया जा सके।

लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में मतदान का 40 साल का रेकॉर्ड टूटने से उत्साहित मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गत सप्ताह ही कहा था कि वहां जल्दी चुनाव प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

शेष @पेज04

370 खात्मे के बाद पहले चुनाव

जम्मू-कश्मीर में करीब छह साल से राष्ट्रपति शासन है और अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 समाप्त करने और राज्य की जगह केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद पहली बार विधानसभा चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 370 के खात्मे को सही ठहराते हुए जम्मू-कश्मीर में 30 सितंबर तक चुनाव करवाने के निर्देश दिए थे। लोकसभा चुनाव के साथ विधानसभा चुनाव करवाने की अटकलें थी लेकिन चुनाव आयोग ने सुरक्षा कारणों से इसे व्यावहारिक नहीं माना था।

TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज

दिल्ली की फैक्ट्री में आग, 3 की मौत

नई दिल्ली. दिल्ली के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में एक फूड फैक्ट्री श्याम कृपा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग झुलस गए। बताया जाता है कि गैस लीक होने के कारण हादसा हुआ।

एलन मस्क ने दी मोदी को बधाई

नई दिल्ली. लोकसभा चुनाव जीतने पर पीएम नरेंद्र मोदी को टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने बधाई दी। मस्क ने एक्स पर पोस्ट किया कि मैं अपनी कंपनियों द्वारा भारत में रोमांचक काम करने की उम्मीद करता हूं।

अमरनाथ यात्रा: 20 हजार जवान तैनात होंगे

श्रीनगर. कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा के दौरान 20 हजार सुरक्षाकर्मियों को और तैनात किया जाएगा। प्रदेश में पहले से ही 50 हजार अर्धसैनिक बलों के जवान मौजूद हैं। इनके अतिरिक्त देशभर से 20 हजार जवान अगले हफ्ते तक कश्मीर पहुंच जाएंगे।

महाराष्ट्र: जरांगे फिर भूख हड़ताल पर बैठे

जालना. मराठा आरक्षण की मांग कर रहे शिवबा संगठन के नेता मनोज जरांगे पाटिल ने शनिवार को फिर भूख हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने सरकार से जनवरी में किए गए वादों को लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

यादों में अमर : अपोलो-8 मिशन में भरी थी उड़ान

दुनिया को 'अर्थराइज' दिखाने वाले एंडर्स की प्लेन हादसे में मौत

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

न्यूयॉर्क. अपोलो-8 मिशन के जरिए पहली बार चांद की परिक्रमा करने वाले तीन अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल विलियम एंडर्स की विमान हादसे में मौत हो गई। 90 वर्षीय एंडर्स छोटे विमान को खुद उड़ा रहे थे। जोन्स द्वीप के तट के निकट विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर पानी में गिर गया।

एंडर्स 1963 में नासा में शामिल हुए और 21 दिसंबर, 1968 को अपोलो-8 मिशन के तहत पहली बार चंद्रमा की कक्षा में पहुंचे थे। तीन अंतरिक्ष यात्रियों में एंडर्स सबसे कम अनुभवी थे। लेकिन एक तस्वीर ने उन्हें रातों रात मशहूर कर दिया। ये तस्वीर थी चांद के क्षितिज से अर्थराइज अर्थात पृथ्वी उदय का नजारा। टाइम मैगजीन ने उस वर्ष उन्हें 'मैन ऑफ द ईयर' से सम्मानित किया। इस मिशन के सात महीने बाद ही अपोलो-11 लॉन्च किया, जिसमें पहली बार अमरीका ने इंसानों को चांद पर उतारने में कामयाबी पाई।

पहल: महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल का कदम

अस्पतालों में क्यूआर कोड से होगी फर्जी डॉक्टरों की पहचान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. कई बार बिना योग्यता और डिग्री के फर्जी डॉक्टर मरीजों का इलाज करते पकड़े जाते हैं। इसकी कीमत मरीजों को चुकानी पड़ती है। ऐसे फर्जीवाड़े पर रोक लगाने के लिए महाराष्ट्र मेडिकल काउंसिल (एमएमसी) ने नई शुरुआत की है। इसके तहत डॉक्टरों को अपनी क्लिनिक और अस्पतालों में ऐसा क्यूआर कोड लगाना होगा, जिसे स्कैन कर मरीज डॉक्टर की प्रामाणिकता जांच पाएंगे। फर्जी डॉक्टरों पर निगरानी रखने और उन्हें मरीजों का इलाज करने से रोकने के लिए यह फैसला लिया गया है। जल्द ही इसे लागू कर दिया जाएगा।

एमएमसी के प्रशासक डॉ. विंकी रुघवानी ने बताया कि मरीज क्यूआर कोड को स्कैन कर डॉक्टर के बारे में सभी जरूरी बातें जान सकेगा। इससे मरीजों की सेहत से खिलवाड़ भी नहीं होगा और फर्जी डॉक्टरों की धरपकड़ में भी मदद मिलेगी।

बंधन प्यार का : पूर्व सैनिक हैं हेरोल्ड टेरेंस

100 साल के टेरेंस ने 96 वर्ष की स्वेरलिन से शादी रचाई

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

पेरिस. द्वितीय विश्व युद्ध का हिस्सा रहे पूर्व फ्रांसिसी सैनिक हेरोल्ड टेरेंस ने 100 साल की उम्र में शनिवार को 96 वर्षीय जीन स्वेरलिन के साथ शादी रचाई। नॉरमैंडी समुद्र तट पर दोनों ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई।

शादी के बाद टेरेंस ने इसे जीवन का सबसे अच्छा दिन कहा तो स्वेरलिन ने कहा, प्यार सिर्फ युवाओं के लिए नहीं है। टेरेंस की पहली पत्नी थेल्मा से उनके तीन बच्चे हैं। टेरेंस और थेल्मा की शादी 70 सालों तक चली, लेकिन 2018 में थेल्मा का देहांत हो गया। 2021 में एक मित्र के जरिए टेरेंस की स्वेरलिन से मुलाकात हुई और कुछ ही समय में दोनों एक-दूसरे को चाहने लगे।

पिछले दिनों टेरेन्स को द्वितीय विश्व युद्ध के खास अभियान डी-डे की 80वीं वर्षगांठ पर सम्मानित किया गया था। टेरेन्स को राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन भी लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित कर चुके हैं।

गनीमत : भोजन नली में किनारे पर अटका था

बच्चे के गले में सात साल से फंसा सिक्का निकाला

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

लखनऊ. उत्तर प्रदेश के हरदोई में डॉक्टरों ने पेचीदा सर्जरी कर 12 साल के बच्चे के गले में फंसे सिक्के को निकालने में सफलता हासिल की। हैरानी की बात ये है कि यह सिक्का बच्चे के गले में सात साल से फंसा हुआ था।

हरदोई के जिला अस्पताल में ईएनटी सर्जन डॉ. विवेक सिंह और उनकी टीम ने यह सर्जरी की। बघौली के मुरलीपुरवा गांव के अंकुल को अप्रेल में पेट में दर्द हुआ, तब दवाओं से वह ठीक हो गया। 4 जून को उसे गले में दर्द होने लगा तो परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। एक्स-रे जांच में डॉक्टर ने पाया कि लड़के के गले में एक रुपए का सिक्का फंसा हुआ है। सिक्का उसकी भोजन नली के किनारे पर अटका था और यह इस तरह से अटका हुआ था कि ज्यादा परेशानी नहीं हुई। डॉक्टर्स की टीम ने दूरबीन विधि से सर्जरी कर सिक्के को निकाला।

एग्जिट पोल की जांच के लिए याचिका

नई दिल्ली@पत्रिका. सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर एग्जिट पोल से कथित रूप से निवेशकों को प्रभावित कर उन्हें शेयर बाजार में 31 लाख करोड़ रुपए के नुकसान की जांच की मांग की गई है। एडवोकेट बीएल जैन ने याचिका में कहा है कि एग्जिट पोल व वास्तविक परिणामों में अंतर के कारण बाजारों में भारी गिरावट से 31 लाख करोड़ रुपये का नुकसान समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक स्तर पर भारत की प्रतिष्ठा को प्रभावित करेगा। याचिका में पूर्वानुमान-एग्जिट पोल को जनप्रतिनिधित्व कानून और चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन बताते हुए इन्हें प्रसारित करने वाले मीडिया घरानों और सर्वे एजेंसियों के खिलाफ सीबीआइ, ईडी, एसएफआइओ और सेबी से जांच की मांग की गई है।

पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने पत्नी व बेटे के खिलाफ कराया चोरी का मामला दर्ज

भरतपुर@पत्रिका. पूर्व राजपरिवार के बीच उपजा विवाद एसडीएम कोर्ट के बाद शुक्रवार देर रात थाने तक जा पहुंचा। पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने पूर्व सांसद पत्नी दिव्या सिंह व पुत्र अनिरुद्ध के खिलाफ मथुरा गेट थाने में एफआइआर दर्ज कराई है। इसमें दिल्ली की एक बैंक के लॉकर से बगैर स्वीकृति 10 किलो सोने के आभूषणों के अलावा पूर्व राजपरिवार के पुराने आभूषण निकाल कर हड़पने का आरोप लगाया है।

संभावना: राजस्थान कोटे से दो या तीन सांसद बनाए जा सकते हैं मंत्री

मोदी के साथ राज्य के कितने मंत्री लेंगे शपथ, 6 सांसद प्रबल दावेदार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर/नई दिल्ली . नरेन्द्र मोदी रविवार को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। उनके साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्य भी शपथ लेंगे। इस बार राजस्थान कोटे से कितने मंत्री बनेंगे? प्रदेश में सभी की नजरें इस पर टिकी हुई है। पिछली बार की तरह राजस्थान में सभी सीटों पर तो भाजपा जीत नहीं पाई है, लेकिन पिछली सरकार में लोकसभा अध्यक्ष और चार मंत्री राजस्थान से थे। इनमें से एक को छोड़ सभी चुनाव जीत गए हैं। राजस्थान में भाजपा के 14 सांसद ही चुनाव जीत पाए हैं। चर्चा है कि मोदी के तीसरे कार्यकाल के पहले मंत्रिमंडल गठन में राजस्थान कोटे से दो या तीन मंत्री बनाए जा सकते हैं।

निवर्तमान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कोटा से, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव अलवर से, गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर से और अर्जुन राम मेघवाल बीकानेर लोकसभा सीट से फिर से चुनाव जीते हैं, जबकि कैलाश चौधरी बाड़मेर से चुनाव हार चुके हैं। मोदी के दूसरे कार्यकाल में जो मंत्रिमंडल में शामिल थे, उन्हें मंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। सबसे प्रबल दावेदारी कोटा सांसद ओम बिरला की मानी जा रही है। 1999 के बाद एकमात्र बिरला ही ऐसे लोकसभा अध्यक्ष हैं, जो फिर से चुनाव जीत कर संसद पहुंचे हैं।

शपथ ग्रहण: मोदी के दूसरे कार्यकाल में राजस्थान से चार मंत्री और एक लोकसभा अध्यक्ष थे, एक को छोड़ सभी जीते

नई दिल्ली . बीकानेर हाउस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और नव निर्वाचित लोकसभा सांसद।

1 जातिगत समीकरण साधना सबसे बड़ी चुनौती

भाजपा के लिए मंत्रिमंडल गठन में राजस्थान के जातिगत समीकरण साधना सबसे बड़ी चुनौती है। जातिगत समीकरण पूरी तरह से साध नहीं पाने के कारण राजस्थान में भाजपा 25 में से 11 सीटों पर चुनाव हार गई। भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि इस बार बड़ी जातियों को मंत्रिमंडल से दूर रखा जाए या नहीं?

2 नए चेहरों में इनकी भी चर्चा

नए सांसदों में से किसी को जगह मिलती है तो इसमें सबसे ज्यादा चर्चा राजसमंद सांसद महिमा कुमारी, उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी की है। महीमा कुमारी को टिकट दिलाने में भी आलाकमान की भूमिका रही है। इसलिए उनका नाम नए चेहरों में सबसे ज्यादा चर्चा में है।

3 ये छह सांसद सबसे ज्यादा प्रबल दावेदार

भाजपा के जो 14 सांसद जीते हैं, इनमें झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह पांचवी बार और बीकनेर सांसद अर्जुन राम मेघवाल चौथी बार चुनाव जीते हैं। इनके अलावा ओम बिरला, गजेन्द्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी और पीपी चौधरी लगातार तीसरी बार चुनाव जीते हैं। इन सभी के नाम प्रमुखता से सियासी गलियारों में मंत्रिमंडल में शामिल होने के लिए चल रहे हैं।

कोर्ट ने कहा ऐसे अपराध में नहीं कर सकते नरमी

आतंकी मामलों में दो सजाएं साथ चलाने की याचिका खारिज

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. दिल्ली हाईकोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधि (यूएपीए) के दो मामलों में दोषी ठहराए गए आतंकी संगठन आइएसआइएस के एक सदस्य की उस उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें उसने दोनों केसों की सजा एक साथ चलाए जाने की मांग की थी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा मोहसिन इब्राहिम सैयद की याचिका खारिज करते हुए शीर्ष अदालत के एक फैसले का हवाला दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने एनडीपीएस मामलों में सजाओं को एक साथ चलाने की अनुमति नहीं देने को कहा है जबकि याचिकाकर्ता तो आतंकवाद के मामले में दोषी हैं। आतंकवाद के मामलों से और भी अधिक कठोरता से निपटा जाना चाहिए।

कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता कुंभ मेले के दौरान हरिद्वार में आतंकवादी हमले करने की योजना बनाने और हिंदू महासभा के एक नेता की हत्या की साजिश रचने के लिए दोषी था, उसका मुख्य उद्देश्य देश में सांप्रप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाना था। ट्रायल कोर्ट कम सजा देकर पहले ही नरम रुख अपना चुका है इसलिए ग्रेटर बॉम्बे और दिल्ली की अदालतों की ओर से दी गई सजा एक साथ चलाकर और नरमी नहीं दी जा सकती।

पृथ्वीराज चौहान जयंती धूमधाम से मनाई

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

नई दिल्ली. अखिल भारतीय रावत राजपूत महासभा और भारतीय रावत महासभा की राजधानी सर्कल सभा और प्रवासी राजस्थानियों ने लाडो सराय स्थित पिथौरागढ़ प्रांगण में सम्राट पृथ्वीराज चौहान की 879 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस अवसर पर मौजूद श्रद्धालुओं ने पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा को माला पहना श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के पदाधिकारियों ने प्रतिमा की पूजा के बाद पृथ्वीराज चौहान की वीरगाथा भी सुनाई। सभा के संरक्षक देवीसिंह चौहान ने पृथ्वीराज के जीवन चरित्र व एतिहासिक उपलब्धियों की चर्चा की। इस मौके पर अध्यक्ष अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठेकेदार और युवक मंडल के अध्यक्ष शंकर सिंह चौहान के नेतृत्व में पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर विशेष आमंत्रित रक्षा मंत्रालय के ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह चौहान और उनकी पत्नी रेणु चौहान ने भी विचार रखे।

शपथ ग्रहण समारोह: पहुंचने लगे मेहमान

नई दिल्ली. भारत के प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए आए सेशेल्स गणराज्य के उपराष्ट्रपति अहमद अफिफ का आईजीआई टी-3 में गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

नई दिल्ली. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की अगुआई में टीम ने दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापें मारकर 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया।

यह कार्रवाई एनसीपीसीआर ने श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू), मानव दुर्व्यापार (ट्रैफिकिंग) रोधी इकाई, स्थानीय एसडीएम और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन (एवीए) ने बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) को मिली एक शिकायत के आधार पर की। संयुक्त टीम ने पश्चिमी दिल्ली और उत्तर पश्चिमी दिल्ली जिलों में 10 ठिकानों पर छापे मारे। इस दौरान 8 से 17 वर्ष के बीच के कुल 21 बच्चों को मुक्त कराया गया, जिन्हें पढ़ाई और बेहतर जीवन का झांसा देकर यहां लाया गया था। ये बच्चे पश्चिम बंगाल, ओड़ीशा, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे देश के विभिन्न राज्यों के थे। इस दौरान 10.5 लाख रुपए की नगदी और सोने के आभूषणों की बरामदगी के साथ ही ऐसे हजारों और बच्चों के बारे में दस्तावेजी जानकारी मिली। बचपन बचाओ आंदोलन के निदेशक मनीष शर्मा ने कहा कि इस कार्रवाई से गरीब परिवारों के बच्चों की सुरक्षा और उन्हें शोषण से बचाने के लिए तत्काल कड़े कानूनों और उन पर सख्ती से अमल की जरूरत महसूस हुई है।

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 : तीनों दिन के लीक हुए थे पेपर

बीकानेर पुलिस ने दबा दिया था मामला, 3 और थानेदार गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

जयपुर/नई दिल्ली. उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान बीकानेर में लीकर पेपर मिला गया था, जिसे स्थानीय पुलिस ने दबा दिया था। परीक्षा के पहले दिन 13 सितम्बर को हुए पेपर लीक मामले में एसओजी ने गिरोह के सरगना, साल्वर व परीक्षा केन्द्र वाली स्कूल संचालक सहित चार जनों की दो दिन पहले गिरफ्तारी के बाद शनिवार को तीन और प्रशिक्षु थानेदारों को गिरफ्तार किया हैं। बीकानेर पुलिस ने गिरोह का नाम सामने आने के बाद भी मामला दबा दिया था। गौरतलब है कि एसओजी ने पूर्व में 14 व 15 सितम्बर को जयपुर की स्कूल से पेपर लीक मामले में 32 प्रशिक्षु थानेदारों को गिरफ्तार किया था।

छह और की पड़ताल

एडीजी, एसओजी वीके सिंह ने बताया कि दो दिन पहले पोरव कालेर, स्कूल संचालक दिनेश सिंह व साल्वर नरेश दान तथा प्रवीण कुमार को गिरफ्तार किया। इनसे पूछताछ के आधार पर आरएसी प्लाटून कमांडर प्रभा विश्नोई को जोधपुर के राजस्थान पुलिस ट्रेनिंग सेंटर तथा थानेदार मनीषा सिहाग व अंकिता गोदारा को आरपीए से गिरफ्तार किया।

एक थानेदार जोधपुर, 2 आरपीए से पकड़े

अंकिता गोदारा | प्रभा विश्नोई | मनीषा सिहाग

पोरव कालेर | प्रवीण कुमार | नरेशदान चारण | दिनेश सिंह

कालेर गैंग पर की बीकानेर पुलिस ने मेहरबानी!

पाली में 13 सितम्बर को पहली पारी के दौरान ही परीक्षा केन्द्र पर अभ्यर्थी राजेश बेनीवाल के पास मोबाइल में पेपर के साथ प्रश्नों के सीरियल से उत्तर भी मिले। पुलिस ने बेनीवाल के सहयोगी नरेन्द्र खींचड़ को पकड़ा जो बाहर कार में बैठा अन्य अभ्यर्थियों को पेपर हल करवा रहा था। नरेन्द्र ने यह पेपर कालेर गैंग से ही लिया था। इस सूचना पर बीकानेर पुलिस ने मुरलीधर व्यास कॉलोनी में लीक पेपर के साथ छह जनों को पकड़ा। इनके पास हिंदी का वह पेपर मिला, जिसकी परीक्षा उस दौरान चल रही थी। इसके बाद भी बीकानेर पुलिस ने मामला दबा दिया। न गैंग की पड़ताल की न ही उन अभ्यर्थियों की तलाश की, जिनके पास पेपर पहुंचा था। **पूर्व** में गिरफ्तार प्रशिक्षु थानेदार मनीष बेनीवाल व जयराज सिंह पूछताछ में बताया था कि उन्होंने पेपर बीकानेर की कालेर गैंग से लिया था। आरोपियों ने ब्लूटूथ से नकल की थी। इसके बाद एसओजी ने बीकानेर की कालेर गैंग की पड़ताल की जिसमें चौंकाने वाले खुलासे हुए।

उपराष्ट्रपति से शिष्टाचार भेंट

नई दिल्ली. राजस्थान के उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से शिष्टाचार भेंट।

बेनीवाल से बात हो गई है, वो खुश हैं: वेणुगोपाल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

नई दिल्ली. कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कहा कि आरएलपी प्रमुख और नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल से बात हो गई है। वो खुश हैं। दरअसल, सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद पत्रकार वार्ता में वेणुगोपाल से बेनीवाल के नाराज होकर इंडिया गठबंधन से अलग होने को लेकर सवाल किया गया। इस पर वेणुगोपाल ने कहा कि बेनीवाल से बात हुई है। अब कोई मुद्दा नहीं है। वहीं महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि बेनीवाल के इंडिया गठबंधन से बाहर जाने की खबरें भ्रामक हैं।

यह है मामला

लोकसभा चुनाव के मतदान समाप्त होने से नतीजों के बाद इंडिया गठबंधन की दो बैठकें हो चुकी है। बेनीवाल ने गठबंधन में शामिल होकर चुनाव लड़ा और जीता, लेकिन बैठकों में उन्हें नहीं बुलाया। इस पर बेनीवाल ने नाराजगी जताई थी। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कार्यालय ने बेनीवाल से खेद भी जताया था।

साप्ताहिक फलादेश 09 से 15 जून, 2024

पं. अमर डब्बावाला (त्रिवेदी) ज्योतिषाचार्य

मेष
(चू, च, चो, ला, ली, लू, ले, लो, आ)

पुनर्वसु नक्षत्र में आरंभ यह सप्ताह सम्पत्ति में वृद्धि का संकेत कर रहा है। संयुक्त उपक्रम से कोई बड़ी भूमि या भवन का सौदा संभावित है। आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। व्यापार में भागीदारी से अपेक्षाएं बढ़ेंगी। नौकरी में प्रशासनिक विभाग में कार्य अवसर। छात्रवर्ग को प्रशासन से जुड़े क्षेत्र के मौके।

शुभ दिन : बुधवार **शुभ अंक :** 3, 9
शुभ रंग : गहरा गुलाबी **दिशा:** उत्तर, पूर्व
विशेष सलाह : योजनाओं को क्रमानुसार आगे बढ़ाएं।

मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

राशि पर चन्द्रमा का गोचर नए विचारों से अवगत करवाएगा। दूसरे या तीसरे दिन बाहरी यात्रा का शेड्यूल बन सकता है। व्यावसायिक विषयों को हल करने का प्रयास करें। व्यापार में संबंधित इकाइयों में लाभ मिलने की संभावना है। नौकरी में प्रादेशिक स्तर पर पद की प्राप्ति का योग।

शुभ दिन : रविवार **शुभ अंक :** 3, 6
शुभ रंग : गहरा लाल **दिशा:** उत्तर, दक्षिण
विशेष सलाह : निरंतर विचारों को प्रवाहमान रहने दें।

सिंह
(मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

ग्रहों की अनुकूलता नए कार्यों में आगे बढ़ाएगी। लीक से हटकर नए प्रोजेक्टों में ध्यान देंगे। आर्थिक मजबूती के लिए बाहरी यात्रा भी संभव है। प्रयासों में तेजी लाएं। व्यापार में सोयाबीन से जुड़े स्टॉक का लाभ मिल सकता है। नौकरी में वरिष्ठ वर्ग का सहयोग मिलने से पदोन्नति।

शुभ दिन : सोमवार **शुभ अंक :** 1, 5
शुभ रंग : हल्दी पीला **दिशा:** वायव्य
विशेष सलाह : संबंधों तथा योग्यताओं का समानुपात लाभ देगा।

तुला
(रा, री, रू, रे, री, ता, ती, तू, ते)

सप्ताह के आरंभ में सफलता का अनुभव होगा। मंगल, बुध सोचनीय है। हड़बड़ाहट या शीघ्रता में कोई भी निर्णय लेने से बचने की आवश्यकता है। आर्थिक पक्ष अनुकूल रहेगा। व्यापार में चांदी से जुड़े बाजार का लाभ मिलेगा। नौकरी में कार्यशैली सम्मानित करवाएगी।

शुभ दिन : गुरुवार **शुभ अंक :** 2, 8
शुभ रंग : खरबूजी पीला **दिशा:** दक्षिण
विशेष सलाह : संचार साधनों का लाभ लेना आरंभ करें।

धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)

दोपहर तक जरूरी काम निपटाए जा सकते है। शाम से कुछ विपरीत स्थिति आ सकती है। हालांकि बहुत ज्यादा तनाव वाला समय नहीं है। किन्तु निर्णय के लिए धैर्य रखें। व्यापार में बुधवार का दिन नए कॉन्ट्रेक्ट का काम दिलवा सकता है। नौकरी में बदलती परिस्थितियां आश्चर्य में डालेंगी।

शुभ दिन : बुधवार **शुभ अंक :** 3, 7
शुभ रंग : कत्थई **दिशा:** उत्तर, ईशान
विशेष सलाह : दूरदर्शी रहकर धैर्य से आगे बढ़ें।

कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

आकस्मिक लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक कार्यों में अहम भूमिका मिल सकती है। व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी समय तथा अवसर लाभकारी हो सकते हैं, प्रयास करें। व्यापार में प्लास्टिक से जुड़े सभी फैकल्टी के कार्य लाभ दे सकते हैं। नौकरी में परिश्रम के अच्छे परिणाम मिलेंगे।

शुभ दिन : शुक्रवार **शुभ अंक :** 4, 8
शुभ रंग : गहरा नीला **दिशा:** वायव्य
विशेष सलाह : अवसरों का अन्वेषण कर आगे बढ़ें।

वृषभ
(इ, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

धीरे-धीरे स्थितियों में अनुकूलता अनुभव होगी। पारिवारिक समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ मामले आपसी समझदारी से सुलझाने होंगे। आर्थिक पक्ष उत्तम रहेगा। व्यापार में माइंस से जुड़े सभी प्रकार के क्षेत्र में लाभ के अवसर। नौकरी में योग्यताओं को बढ़ाने की आवश्यकता अनुभव होगी।

शुभ दिन : मंगलवार **शुभ अंक :** 1, 8
शुभ रंग : नारंगी **दशा:** दक्षिण, पश्चिम
विशेष सलाह : सकारात्मक ऊर्जा को निरंतर प्रवाहमान रखें।

कर्क
(ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

दोपहर के बाद खर्च की अधिकता हैरत में डालेगी। मंगलवार से कोई आर्थिक प्रपोजल कार्य से जुड़ा हुआ मिल सकता है। परिवार में बाहरी यात्रा पर खर्च होगा। व्यापार में डिस्पोजल से जुड़े मेडिकल सेक्टर के लाभ मिलेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र बढ़ेगा। महिला तथा छात्रवर्ग को तकनीकी क्षेत्रों में अवसर।

शुभ दिन : गुरुवार **शुभ अंक :** 2, 4
शुभ रंग : हल्का काला **दिशा:** मध्यपूर्व
विशेष सलाह : कार्य प्रणाली का विस्तार करते हुए आगे बढ़ें।

कन्या
(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

गुरु के राशि परिवर्तन का लाभ मिलेगा। कुछ मित्र व सहयोगी आर्थिक पक्ष की मजबूती दिलवा सकते हैं। संतान की ओर से भी शिक्षा से जुड़े क्षेत्र में अनुकूल समाचार मिलेंगे। व्यापार में धान से जुड़े बाजार का श्रेष्ठतम लाभ मिलने का योग है। नौकरी में मनोवांछित पद व स्थान की प्राप्ति हो सकती है।

शुभ दिन : शुक्रवार **शुभ अंक :** 4, 9
शुभ रंग : समुद्री हरा **दिशा:** नैऋत्य
विशेष सलाह : सुसंगठित योजना सफलता का अवसर देगी।

वृश्चिक
(तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार आएगा। विवादित जमीन जायदाद के मामलों में मार्ग निकलेगा। आर्थिक पक्ष की श्रेष्ठता के लिए छोटे-छोटे निवेश किए जा सकते हैं। व्यापार में मंगल, बुध बड़े भागीदारियों से लाभ दिलवा सकते हैं। नौकरी में प्रशासकीय विभाग में अवसर मिल सकता है।

शुभ दिन : मंगलवार **शुभ अंक :** 4, 5
शुभ रंग : सिंदूरिया **दिशा:** दक्षिण, पूर्व
विशेष सलाह : समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है।

मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

शाम को कोई विशेष कार्य होने की संभावना है। प्रयासों को छोड़ें नहीं। कुछ स्थानों पर वैचारिकता को समझौते के तौर पर ढालने की आवश्यकता है। व्यापार में परिस्थितियां अनुकूल होंगी। नौकरी में अवसरों की अनुकूलता बढ़ेगी। महिला तथा छात्रवर्ग को मैकेनिकल सेक्टर में सेवा के अवसर।

शुभ दिन : बुधवार **शुभ अंक :** 1, 9
शुभ रंग : तरबूजी लाल **दिशा :** दक्षिण
विशेष सलाह : अनुभवों के साथ संबंधों का लाभ लें।

मीन
(दी, दु, थ, ञ, दे, दो, चा, ची)

समय की अनुकूलता अवसरों को बढ़ाएगी। संबंध तथा विशेष कार्य के माध्यम से कोई बड़ा प्रोजेक्ट हल हो सकता है। अपने आर्थिक मामलों में गति बढ़ाने का प्रयास करें। व्यापार में औषधि तथा वनस्पति से जुड़े खुले बाजार का लाभ मिलेगा। नौकरी में पुनः कोई विशिष्ट पद की प्राप्ति का योग बन रहा है।

शुभ दिन : बुधवार **शुभ अंक :** 5, 6
शुभ रंग : फिरोजी **दिशा :** मध्यउत्तर
विशेष सलाह : रणनीतिक मामलों में गंभीरता सफलता देगी।

राजकार्य में बाधा डालने व गाली-गलौच करने का मामला दर्ज

नोखा @ पत्रिका. दावां के हल्का पटवारी के साथ कुछ लोगों द्वारा गालीगलौच करने व राजकार्य बाधा डालने का मामला दर्ज कराया गया। पुलिस के मुताबिक दावां पटवारी सुंदरलाल कुम्हार ने रिपोर्ट में बताया कि तहसीलदार कार्यालय आदेश से दावां गांव के खसरा नंबर 472,473/1 का सीमाज्ञान करने के लिए राजस्व रिकॉर्ड के साथ पहुंचा तो वहां पहले से खातेदार सहित तीन-चार व्यक्ति खेत में खड़े थे। उन्होंने उससे वहां आने का कारण पूछा तो उसने कहा कि वह पटवारी है और सीमाज्ञान करने आया है। इतने में एक व्यक्ति ने गालीगलौच करते हुए उसके हाथ से सरकारी कागजात छीन लिए। आरोपियों ने राजकार्य में बाधा पहुंचाते हुए उसके साथ मारपीट करने पर उतारू हो गए। धन्नेसिंह ने बीचबचाव कर उसे छुड़वाया।

ग्रह-नक्षत्र

ज्योतिर्विद: घनश्यामलाल स्वर्णकार

शुभ वि. सं: 2081
संवत्सर का नाम: कालयुक्त
शाके सम्वत: 1946
हिजरी सम्वत: 1445
मु. मास: जिलहिज-02
अयन: उत्तरायण
ऋतु: ग्रीष्म
मास: ज्येष्ठ
पक्ष: शुक्ल

रविवार, 09 जून, 2024
सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति

श्रेष्ठ चौघड़िए आज प्रात: 07-18 से दोपहर 12-26 तक क्रमश: चर, लाभ व अमृत तथा दोपहर बाद 02-08 से अपराह्न 03-51 तक शुभ के श्रेष्ठ चौघड़िए हैं एवं दोपहर 11-58 से दोपहर 12-53 तक अभिजित नामक श्रेष्ठ मुहूर्त हैं, जो आवश्यक शुभकार्यारम्भ के अत्युत्तम हैं।

तिथि तृतीया जया संज्ञक तिथि अपराह्न 03-45 तक, तदन्तर चतुर्थी रिक्ता संज्ञक तिथि होगी। तृतीया तिथि में सभी शुभ व मांगलिक कार्य, अन्नप्राशन, गान-विद्या, सीमन्तकर्म आदि कार्य करने योग्य हैं, पर चतुर्थी तिथि में शुभ व मांगलिक कार्य शुभ नहीं कहे गए हैं।

नक्षत्र पुनर्वसु ''चर व तिर्ङ्यंमुख'' संज्ञक नक्षत्र रात्रि 08-20 तक, तदन्तर पुष्य ''क्षिप्र व ऊर्ध्वमुख'' संज्ञक नक्षत्र हैं। पुनर्वसु नक्षत्र में शान्ति, पुष्टता, यात्रा, अलंकार, घर, सवारी व विद्यादि कार्य शुभ व सिद्ध होते हैं।

योग	विशिष्ट योग	करण
वृद्धि नामक नैसर्गिक शुभ योग सायं 05-20 तक, तदन्तर ध्रुव नामक नैसर्गिक शुभ योग हैं।	रवि पुष्य नामक शुभ योग रात्रि 08-20 से सूर्योदय तक, सर्वार्थसिद्धि व रवियोग नामक दोष समूह नाशक शुभ योग रात्रि 08-20 से।	गर नामकरण अपराह्न 03-45 तक तदन्तर वणिज नामकरण अंतरात 04-00 बजे तक, इसके बाद भद्रा प्रारम्भ हो जायेगी।

व्रतोत्सव आज महाराणा प्रताप जयन्ती, मेला हल्दीघाटी (राज.) तथा रवि पुष्य योग रात्रि 08-20 से।

चन्द्रमा: चन्द्रमा दोपहर बाद 2-07 तक मिथुन राशि में, तदन्तर कर्क राशि में होगा।

दिशाशूल: रविवार को पश्चिम दिशा की यात्रा में दिशाशूल रहता है। चन्द्र स्थिति के अनुसार दोपहर बाद 02-07 तक पश्चिम दिशा की व इसके बाद उत्तर दिशा की यात्रा लाभदायक व शुभप्रद है।

राहुकाल (मध्यममान से): सायं 4-30 बजे से सायं 6-00 बजे तक राहुकाल वेला में शुभकार्यारम्भ यथासम्भव वर्जित रखना हितकर है।

सोमवार-10,जून: विनायक चतुर्थी, उमा चतुर्थी (बंगाल व उड़ीसा में) गुरु अर्जुन देव, पुण्य दिवस (प्रा.मत से) तथा गण्डमूल प्रारम्भ रात्रि 09-40 से।

मंगलवार-11,जून: श्रुति पंचमी (जैन), महादेव विवाह (उड़ीसा में), सांई टेऊंराम पुण्य दिवस, मेला भन्देबालाजी जयपुर (राज.) तथा गण्ड मूल सम्पूर्ण दिवारात्रि।

बुधवार-12,जून: अरण्य षष्ठी व्रत, विन्ध्यवासिनी पूजा, महारानी लक्ष्मी बाई पुण्य दिवस, जामित्री षष्ठी (बं.) शीतला छठ् यात्रा (उड़ीसा) तथा गण्डमूल रात्रि 02-12 तक।

शुक्रवार-14,जून: आषाढ़ संक्रान्ति, सूर्य मिथुन प्रवेश रात्रि 12-27 पर, पुण्य काल 15, जून को, दुर्गाष्टमी, धूमावती जयन्ती, मेला खीर भवानी (कश्मीर)।

शनिवार-15,जून: संक्रान्ति पुण्य काल पूर्वाह्न में, श्री महेश नवमी, श्री हरि जयन्ती, माहेश्वरी नवमी, व्यतिपात पुण्यं तथा राजस संक्रान्ति (उड़ीसा में)।

रविवार-16,जून: गंगा दशमी (स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त), गंगा दशहरा व्रत समाप्त, मेला गंगा दशहरा (हरिद्वार), बटुक भैरव जयन्ती, श्री रामेश्वर प्रतिष्ठा दिवस पर यात्रा, दर्शन व पूजन, गुरु अर्जुन देव पुण्य दिवस (न.मत से), फादर्स डे तथा हज यात्रा (मु.)।

शुभ कार्यारम्भ मुहूर्त **शुभ मुहूर्त:** उपर्युक्त शुभाशुभ समय, तिथि, वार, नक्षत्र व योगानुसार आज यथाआवश्यक आठवां पूजन, पुंसवन व सीमन्तोन्नयन के कार्यों के पुनर्वसु नक्षत्र में शुभ मुहूर्त हैं।

सोमवार-10,जून: नामकरण, अन्नप्राशन, विपणि-व्यापारारम्भ व शल्य चिकित्सा सभी पुष्य नक्षत्र में।

मंगलवार-11,जून: प्रसूतिस्नान अश्लेषा में।

गुरुवार-13,जून: प्रसूतिस्नान पूर्वाफाल्गुनी में।

रविवार-16,जून: गंगा दशमी का स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त भी है। अत: विवाह, देव-प्रतिष्ठा, व्रत बन्ध, गृह-प्रवेश, पुंसवन, आठवां पूजन, सीमन्त कर्म, प्रसूतिस्नान, चूड़ा पहिनना, वाहन क्रय करना, मशीनरी प्रारम्भ, शल्य चिकित्सा, द्विरागमन, मुकलावा, जलवा, मुण्डन, विपणि-व्यापारारम्भ, सगाई व रोका आदि सभी हस्त नक्षत्र में।

वारकृत्य कार्य रविवार को सामान्यरूप से राज्यभिषेक, उत्सव (गाना-बजाना), नई-सवारी (वायुयान आदि) का प्रयोग, यात्रा, नौकरी, पशु क्रय-विक्रय, सोना, ताम्बा, ऊन-काष्ठ सम्बन्धी कार्य, औषध व जड़ी-बूटी आदि का संग्रह व प्रयोग, शिक्षा-दीक्षा लेना-देना, अस्त्र-शस्त्र व अग्नि सम्बन्धी कार्य, न्यायिक परामर्श तथा यज्ञादि मन्त्रोपदेश आदि कार्य करने योग्य हैं।

आज जन्म लेने वाले बच्चे

आज जन्म लेने वाले बच्चों के नाम (को, ह, ही, हू, हे) आदि अक्षरों पर रखे जा सकते हैं। दोपहर बाद 02-07 तक जन्मे जातकों की जन्म राशि मिथुन व इसके बाद जन्मे जातकों की जन्म राशि कर्क है। मिथुन राशि के स्वामी बुध व कर्क राशि के स्वामी चन्द्रमा हैं। इनका जन्म रजतपाद से है। सामान्यत: ये जातक बुद्धिमान, विद्वान, काव्य प्रेमी, मातृ-पितृ भक्त और परोपकारी होते हैं। इनका भाग्योदय 25 वर्ष की आयु के बाद होता है। मिथुन राशि वाले जातकों का राशि स्वामी बुध द्वादश में होने से व्यय बहुत करायेगा, पर शुक्र की युति कार्यों में सफलता प्रदान कराने वाली है।

कंगना को थप्पड़ मारने के मामले में बोले सांसद, अब सीकर व प्रदेश की जनता की आवाज देश की सबसे बड़ी पंचायत में गूंजेगी

'सिपाही ने अपनी कौम के खिलाफ बोलने वालों को जवाब दिया'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीकर . सांसद अमराराम ने कहा है कि किसान आंदोलन हकों की आवाज के लिए एक संघर्ष था। जांबाज सिपाही ने अपनी कौम के खिलाफ बोलने वालों को जवाब दिया है। सांसद ने कहा कि हो सकता है कि उन्हें सस्पेंड किया जाए या फिर वह बर्खास्त। लेकिन शहीद ए आजम भगत सिंह तो फांसी पर झूल गए थे। सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं हो सकता।

सीकर. जाट बोर्डिंग में नवनिर्वाचित सांसद अमराराम का स्वागत करते लोग

यह बात उन्होंने जाट बोर्डिंग में मीडिया से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश के लोगों के खिलाफ जो नीतियां बनी हैं उन्हें रद्द करने के लिए आंदोलन लगातार आगे बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरे राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत इसी जाट बोर्डिंग से हुई है। मैंने नवीं क्लास में ही इस छात्रावास में एडमिशन ले लिया था। यह छात्रावास अंग्रेजों और सामंतशाही के खिलाफ संघर्ष के माध्यम से इस छात्रावास का निर्माण हुआ था। जहां गांव के लोग अपनी समस्याओं पर विचार कर सकें और उनके बच्चे यहां पढ़ सकें। जब देश में किसान 13 महीने तक सड़कों पर सोए तो अमराराम ने भी उनके साथ सड़कों पर सोकर उनका साथ दिया था। उन्होंने कहा कि सीकर लोकसभा की आवाज संसद में मजबूती से उठाने का काम आपके परिवार का यह सदस्य करेगा। इसके बाद भी सरकार ने सीकर के लोगों को हक नहीं दिया तो सरकार को झुकाने का काम भी किया जाएगा।

सांसद ने कहा कि युवाओं, किसानों व महिलाओं सहित अन्य वर्ग के लिए जो कानून थोपे गए है उनके खिलाफ जनता की आवाज बनने का का काम भी किया जाएगा। जाट बोर्डिंग हाउस संस्थान के प्रेस सचिव हरिराम मील ने बताया कि कार्यकारिणी सदस्यों की ओर से सांसद अमराराम का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर भढाढर निवासी लिखमाराम बगड़िया ने संस्थान को 51 हजार रुपए राशि देकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम में जाट बोर्डिंग हाउस संस्था के अध्यक्ष गणेश बेरवाल, सचिव केडी नेहरा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुरेश थालौड़, पूर्व तहसीलदार ओंकारमल मूंड, बनवारीलाल नेहरा, मुकेश कुमार , छाजूराम मंगावा, नरेश कुमार भास्कर लिखमाराम बगड़िया, भोलाराम आदि मौजूद रहे।

देश के पहले प्रधानमंत्री की प्रतिमा को नहीं मिल रही सफेद कपड़े से आजादी

नेहरू की प्रतिमा का अनावरण करें.. माननीयों को इतनी भी फुर्सत नहीं?

प्रतिमा स्थापना को डेढ़ साल से अधिक समय बीता

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जैसलमेर. जैसलमेर के सबसे उम्दा लोकेशन पर स्थापित नेहरू पार्क में स्थापित देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से अनावरण के इंतजार में है। विगत वर्षों में नगरपरिषद की तरफ से नेहरू पार्क के सौन्दर्यकरण व विकास करवाने के साथ वहां पं. नेहरू की 7.5 फीट ऊंची आदमकद प्रतिमा की स्थापना करवाई गई। अष्टधातु से निर्मित यह प्रतिमा करीब 17 लाख रुपए खर्च कर यहां लगवाई गई है। अब तक इसका अनावरण को लेकर जिम्मेदार सजग नहीं हुए हैं। गौरतलब है कि नेहरू पार्क का निर्माण पूर्व रियासतकाल में हुआ था।

ठेलों के कारण बंद मुख्य द्वार : नेहरू पार्क के मुख्य द्वार व उसके आसपास खाने-पीने के सामान के ठेलों की इफरात के कारण द्वार बंद ही रखा जाता है। पार्क में जाने वालों को रैन बसेरे के पास से बने दूसरे द्वार से जाना होता है लेकिन कई अनजान लोगों को दूसरे रास्ते की जानकारी नहीं होने के कारण अपेक्षित संख्या में लोग नेहरू पार्क में भ्रमण अथवा शांति के पल बिताने नहीं पहुंच पा रहे हैं। विभिन्न प्रकार के नाश्तों के ठेलों की वजह से सुंदर पार्क के मुख्य द्वार पर साफ-सफाई का भी अभाव बना हुआ है।

पार्क का लोकार्पण हुआ, प्रतिमा का नहीं

- पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के जनप्रतिनिधियों ने नेहरू पार्क में करवाए गए सौन्दर्यकरण व विकास कार्यों का तो लोकार्पण किया लेकिन पं. नेहरू की प्रतिमा को कपड़े की कैद से बाहर निकालने की जहमत नहीं उठाई गई।
- लम्बे अर्से तक यह पार्क उपेक्षित रहा था और यहां कूड़े-करकट के ढेर व झाड़-झंखाड़ के साथ कई तरह के कब्जे भी हो गए थे।
- वर्तमान बोर्ड से पहले के भाजपा शासित नगरपरिषद बोर्ड ने इसके कायाकल्प को मंजूरी दी और वर्तमान बोर्ड के कार्यकाल में यह पार्क पूरी तरह से विकसित हुआ।
- करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से सजाए-संवारे गए नेहरू पार्क में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की आदमकद प्रतिमा भी स्थापित की गई।
- पार्क में सुकून के पल बिताने और पैदल भ्रमण करने के लिए पहुंचने वाले लोग भी प्रतिमा को ढकी देखकर चकित रह जाते हैं।
- लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए हैं और आदर्श आचार संहिता भी हट गई है, अब नेहरू प्रतिमा को अपने अनावरण का एक बार फिर इंतजार है।

नेहरू पार्क में अनावरण के इंतजार में पं. नेहरू की आदमकद प्रतिमा।

अब और देरी नहीं होगी

नेहरू पार्क में स्थापित पं. जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा के अनावरण में कई कारणों से देरी हुई है। बीच में विधानसभा और हाल में लोकसभा चुनाव की आचार संहिता भी एक प्रमुख कारण रहा। अब यह कार्य शीघ्रता से करवाने का प्रयास किया जाएगा।

- हरिवल्लभ कल्ला, सभापति, नगरपरिषद जैसलमेर

लूणकरणसर नहर में मिला अपहृत विवाहिता का शव

तारानगर @ पत्रिका. दो दिन पहले अपहरण की गई विवाहिता का शव लूणकरणसर नहर में मिला है। प्रेम प्रसंग के चलते पति ने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर विवाहिता की हत्या कर उसका शव नहर में डाल दिया था।

मृतका कंचन

पुलिस के मुताबिक तारानगर तहसील के गांव गोगटिया कछावतान निवासी कंचन की शादी सरदारशहर निवासी दानाराम के साथ करीब 10 वर्ष पूर्व हुई थी। पुलिस ने बताया कि कंचन के पति दानाराम का रतननगर थाना क्षेत्र के रामदेवरा निवासी बसंती पुत्री धर्माराम प्रजापत के साथ 4-5 सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दानाराम व उसकी पत्नी कंचन का तलाक का केस चल रहा था। कंचन अपने पति दानाराम को तलाक नहीं देना चाहती थी। 1 जून को दानाराम, उसका भाई कृष्ण, दानाराम का भांजा हितेश, दानाराम की बहन माया व बसंती सभी पांचो पिकअप गाड़ी में ढाणी कुम्हारान व गोगटिया के बीच रास्ते में कंचन का अपहरण कर ले गए। सभी ने सरदारशहर से आगे निकलकर कंचन को पिकअप गाड़ी में गला घोंटकर कर उसकी हत्या कर दी। लाश की पहचान छुपाने के लिए कंचन के कपड़े बदलकर उसे एक कट्टे में डालकर महाजन की तरफ ले गए। जहां पर सभी ने कंचन के शव को नहर में डाल दिया।

हथियारों से लैस बदमाशों ने घर में घुसकर की मारपीट

आबूरोड @ पत्रिका. मूंगथला गांव में आवल रोड पर एक मकान में कुछ लोगों ने हथियारों से लैस होकर परिवार पर हमला कर दिया। बदमाशों ने दो बाइकें तोड़ दी और दो महिलाओं के साथ मारपीट कर उनके चांदी के जेवरात लूटकर ले गए। परिवादी के सदर थाने में रिपोर्ट देने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो परिवादी ने एसपी को ज्ञापन सौंपा है। प्रार्थी मूंगथला आवल रोड निवासी छगनलाल पुत्र धनाराम गरासिया ने बताया कि 5 जून को रात्रि में उसके घर में परिवार की चार महिलाएं और एक बच्चा सो रहा था। तभी एक दर्जन से अधिक लोग घर में हथियारों से लैस होकर घुसे और उसकी पत्नी सांकली और पुत्र वधु से मारपीट कर उसके गले में पहनी चांदी की चैन और मोबाइल छीनकर ले गए। मारपीट से दोनों महिला घायल हो गई।

आरोपी 10-15 लड़कों के साथ दोबारा आए और परिवार से की मारपीट

लोडिंग टैंपो हटाने को कहा तो तीन जनों ने अधेड़ को लात-घूसों से मारा, मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीकर. शहर के मोहल्ला कारीगरान स्थिति छीलरी चौक में पानी के केन से भरी लोडिंग टैंपो को साइड में हटाने की बात को लेकर दो जनों में कहासुनी हो गई। टैंपो में सवार तीन आरोपियों ने बाइक सवार को लात-घूसों से बुरी तरह से मारा और जमीन पर गिरने के बाद भी मारपीट करते रहे। बाइक सवार को श्री कल्याण हॉस्पिटल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

धर्माणा चौकी पुलिस ने बताया कि मृतक के बेटे आदिल नारू निवासी मोहल्ला कारीगरान, छिलरी चौक, वार्ड नंबर 20 ने पोस्टमार्टम के समय कोतवाली थाना में मामला दर्ज करवाया है। आदिल ने बताया कि उसके पिता यूसुफ नारू घर से बाहर निकले। घर के सामने वॉटर सप्लाई लोडिंग टैंपो खड़ा था। यूसुफ ने टैंपो को साइड में करने की बात कही, जिससे कि वह बाइक लेकर निकल सके। टैंपो चालक अजरूद्दीन उर्फ निवासी पठान ऑटो गैरेज के पास मोहल्ला कारीगरान लोडिंग टैंपो से बाहर निकल कर आया और यूसुफ के मुंह पर मुक्कों से पंच मारे, जिससे उनके होठ फटने के साथ ही दो दांत टूट गए व मुंह से खून निकलने लगा। इतने में टैंपो में सवार मोहम्मद शरीफ, अरबाज अगवान एकाएक लोडिंग टैंपो से बाहर आए निकलकर आए और पीड़ित के पिता को लात-घूसों से बुरी तरह से मारने लगे। शोर मचाने की आवाज सुनकर आदिल घर से बाहर आया और मोहल्ले के लोगों के सहयोग से पिता को छुड़ाया। पीड़ित आदिल ने बताया कि वह पिता को लेकर अस्पताल पहुंचा तो इस दौरान अजहरुद्दीन उर्फ टिल्लू, अरबाज और शरीफ सहित 10- 15 अन्य लोग पीछे से उसके घर पहुंचे और हमला बोल दिया। पीड़ित के छोटे भाई सोहेल व समीर के साथ भी मारपीट की।

मृतक यूसुफ व मौका मुआयना करती पुलिस।

11 जून को बीकानेर आएंगे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

बीकानेर @ पत्रिका. जगदगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती 11 जून को दोपहर 2 बजे बीकानेर आएंगे। वे जयपुर से बीकानेर आएंगे। पहले अनूपगढ़ से बीकानेर पहुंचने का कार्यक्रम था। शंकराचार्य की अगवानी के लिए बीकानेर से सनातन धर्म रक्षा मंच के कार्यकर्ता जयपुर जाएंगे। वे शंकराचार्य के साथ बीकानेर आएंगे।

मंच के संतोषानंद सरस्वती महाराज ने बताया कि जंगलेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित शिव-शिवा सदन में 12 जून को शाम 4 बजे से धर्मसभा होगी। इससे पहले दिन में आदि शंकराचार्य की पादुका का पूजन होगा। धर्मसभा स्थल पर करीब डोम लगाया जा रहा है, जिसमें 30 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है। डोम में सौ से अधिक कूलर की व्यवस्था रहेगी।

आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग पर अड़े परिजन

पेड़ पर लटका मिला युवक, हत्या का आरोप, शव लेने से इनकार

परसरामपुरा @ पत्रिका. निकटवर्ती ग्राम खिरोड़ के पास स्थित मीलो की ढाणी के पास जोहड़ में एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। मृतक युवक के परिजन ने चार-पांच जनों पर हत्या का आरोप लगाते हुए गोठड़ा थाने में मामला दर्ज कराया है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव लेने से मना कर दिया।

चैलासी निवासी शमशेर अली ने गोठडा थाने में रिपोर्ट दी है कि उसका पुत्र शहबाज उर्फ धोलु (26) शादियों में घोड़ी लेकर जाता है। वह सावे के पैसे लेने के लिए चैलासी के ही संदीप मेघवाल के साथ निकला था। दोनों मोटरसाइकिल पर खिरोड़ से मीलों की ढाणी की तरफ जा रहे थे। रास्ते में एक कैम्पर गाड़ी ने उनका रास्ता रोका। गाड़ी में अज्जू कल्याण सहित 5-6 जने थे। उन्होंने दोनों के साथ मारपीट की। मौका देखकर शहबाज वहां से भाग गया। उन्होंने संदीप के साथ मारपीट, छीना झपट्टी कर उसे गाड़ी में डाल लिया। फिर संदीप के साथ मारपीट कर उसे वहां छोड़कर भाग गए। थोड़ी देर बाद संदीप के पास शहबाज का फोन आया। शहबाज ने उसे स्कूल के पास से बेरी वाले रास्ते पर आने के लिए कहा। इस पर संदीप वहां पहुंचा तो उसे न तो शहबाज मिला और न ही उसका फोन लगा। शमशेर अली ने आरोप लगाया है कि कैम्पर में आए लोग ही शहबाज को पकड़ कर मीलो की ढाणी के पास जोहड़ में ले गए। वहां उसके साथ मारपीट की और उसके गले में तोलिया डालकर नीम के पेड़ पर लटका दिया।

होनहारों का होगा सम्मान, रजिस्ट्रेशन को लेकर उत्साह

NIMS
PATRIKA IGNITERS 2024
EMPOWERING YOUTH

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जयपुर. सीबीएसइ, आरबीएसइ, आइसीएसइ की कक्षा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में 70 फीसदी से अधिक अंक लाने वाले होनहारों का सम्मान किया जाएगा। राजस्थान पत्रिका की ओर से 'पत्रिका इग्नाइटर्स 2024' में यह सम्मान दिया जाएगा। जयपुर जिले के एक हजार विद्यार्थियों को यह सम्मान मिलेगा। इसके लिए रजिस्ट्रेशन किए जा रहे हैं। छात्र और छात्राओं में रजिस्ट्रेशन को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। चयनित श्रेष्ठ विद्यार्थियों को आमंत्रण पत्र के माध्यम से सूचना दी जाएगी। चयनित बच्चे अभिभावकों के साथ सम्मान समारोह में आमंत्रित किए जाएंगे। चार दिवसीय समारोह में छात्रों को देश की ख्यातनाम शख्सियतों से मुलाकात करने का मौका मिलेगा। समारोह में विद्यार्थियों के भविष्य से संबंधित विषयों और नवाचारों पर एक्सपर्ट्स की ओर से कई सेशन आयोजित किए जाएंगे। 'पत्रिका इग्नाइटर्स-2024' कार्यक्रम से संबंधित अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9928015903, 9772201211 पर संपर्क करें।

आयोजन इसलिए: पत्रिका की ओर से यह आयोजन होनहार छात्रों को सम्मानित करने के लिए किया जा रहा है। इससे होनहारों को मोटिवेट किया जाएगा। गौरतलब है कि पत्रिका की ओर से हर साल यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

रजिस्ट्रेशन के लिए क्यूआर कोड
स्कैन करें

यह दस्तावेज जरूरी

जयपुर जिले के विद्यार्थियों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। विद्यार्थी क्यूआर कोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के समय बोर्ड की मार्कशीट, आधार कार्ड और स्कूल आइडी की फोटो लगानी होगी। 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को यह शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार दिया जाएगा।

पेज 1 का शेष

पड़ोसी प्रथम...

दिल्ली पुलिस के स्वाट और एनएसजी के कमांडो, ड्रोन और स्नाइपर अहम स्थानों के आसपास तैनात रहेंगे।

होटलों में रुकेंगे मेहमान : रंगबिरंगी लाइटों से लेकर मेहमानों के स्वागत के लिए लाल कालीन भी बिछाए गए हैं। विदेशी मेहमानों को राजधानी के ताज, लीला, आइटीसी मौर्या, क्लेरिजस और ओबेरॉय होटल में व्यवस्था की गई है। इन होटलों को भी कड़ी सुरक्षा घेरे में ले लिया गया है।

ये विदेशी नेता शामिल होंगे: रानिल विक्रमसिंघे- श्रीलंका के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू- मालदीव के राष्ट्रपति शेख हसीना- बांग्लादेश प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड'- नेपाल पीएम प्रविंद कुमार जुगनुथ- मॉरीशस के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे- भूटान पीएम अहमद अफीक- सेशेल्स के उपराष्ट्रपति

नेता प्रतिपक्ष...

लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में कांग्रेस नेताओं की 'बॉडी लेंग्वेज' आत्मविश्वास से भरी नजर आई। नेता आपस में खुशी से एक-दूसरे को मुबारकबाद के साथ गले लगते दिखे। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपने भाषण में नतीजों की सही समीक्षा करते हुए कई राज्यों में हुई चूक को भी उजागर किया। खरगे ने इंडिया गठबंधन के साथी दलों के एकजुट रहने की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब इंडिया गठबंधन के साथियों के साथ हम संसद और संसद के बाहर एकजुट होकर और मिलकर काम करेंगे।

विपरीत परिणाम पर करना होगा गौर : खरगे ने कहा कि एसटी, एससी, पिछड़े वर्ग, अल्पसंख्यक और ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी की सीटों में वृद्धि हुई है। हमें आगे यह प्रयास करना है कि शहरी मतदाताओं के बीच हम अपना प्रभाव बनाए और इन इलाकों में भी पार्टी को मजबूत करें। जहां हम कुछ राज्यों में कांग्रेस पार्टी के अच्छे प्रदर्शन पर खुश हैं, तो वहीं उन राज्यों पर भी खास तौर से गौर करना होगा, जहां कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं और अपेक्षाओं के विपरीत परिणाम आए। हमने विधान सभा में अच्छा प्रदर्शन कर सरकार बनाई, लेकिन लोक सभा में उस प्रदर्शन को दोहरा नहीं पाए।

आगे के चुनावों पर नजर : अगले कुछ महीनों में महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली जैसे राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। सीडब्ल्यूसी ने इन राज्यों में पूरी ताकत लगाने के लिए जुटने का फैसला किया।

राहुल को दी बधाई : सीडब्ल्यूसी ने संविधान, आर्थिक गैर बराबरी, बेरोजगारी और सामाजिक न्याय और सौहार्द जैसे मसलों को जन-जन का मुद्दा बनाने के लिए राहुल गांधी को बधाई दी। खरगे ने यहां तक कहा कि राहुल के नेतृत्व में दो साल पहले 4 हजार किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो यात्रा और फिर 6,600 किलोमीटर लंबी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का फल है, जिसकी मदद से हमें जनता से जुड़ने और उनकी समस्याओं, सरोकारों, और आकांक्षाओं को जानने में मदद मिली।

हार की समीक्षा के लिए कमेटी : कांग्रेस महासचिव संगठन के.सी. वेणुगोपाल ने पत्रकार वार्ता में कहा कि जिन राज्यों में हमें अपेक्षाकृत सफलता नहीं मिली है। वहां की समीक्षा के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी अपनी रिपोर्ट कांग्रेस अध्यक्ष को सौंपेगी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत महाबूस्टर डोज है।

देशवासियों का आभार : सीडब्ल्यूसी ने दूसरे प्रस्ताव में देशवासियों का धन्यवाद जताया गया। इसमें कहा गया कि जनता ने पिछले एक दशक में की गई शासन की प्रकृति और शैली दोनों को निर्णायक रूप से नकार दिया है। लोकसभा चुनावों का ये जनादेश न केवल प्रधानमंत्री की राजनीतिक हार है बल्कि, उनकी नैतिक हार भी है। उन्होंने अपने नाम पर जनादेश मांगते हुए झूठ, नफरत, पूर्वाग्रह, विभाजन और अत्यधिक कट्टरपंथी अभियान चलाया। यह जनादेश स्पष्ट रुप से लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं को 2014 के बाद निरंतर दबाए जाने के विरूद्ध है। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस को पुनरुत्थान के मार्ग पर मजबूती से लाने के लिए देश के लोगों को धन्यवाद देती है।

ग्रेस मार्क्स...

इसके बाद जरूरत पड़ेगी तो इनका रिजल्ट संशोधित किया जा सकता है। इससे नीट रिजल्ट के बाद होने वाली एमबीबीएस व बीडीएस समेत विभिन्न मेडिकल कोर्सेज की एडमिशन प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ग्रेस मार्क्स देने के लिए कोर्ट के पूर्व निर्णय के आधार पर फार्मूला बनाया गया था। वहीं इस मामले में आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआइटी जांच की मांग की है। यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मामले की जांच न्यायालय की देख-रेख कराने की मांग की है।

जम्मू-कश्मीर की...

जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव में 58.58 प्रतिशत जबकि घाटी में 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ था।

चुनाव बाद राज्य का दर्जा : अनुच्छेद 370 के खात्मे के बाद केंद्र शासित प्रदेश बने जम्मू-कश्मीर को पुन: राज्य का दर्जा देने की मांग उठती रही है। केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह कह चुके हैं कि विधानसभा चुनाव के बाद उचित समय पर जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा दिया जाएगा।

ये है सीटों का गणित : जम्मू-कश्मीर विधानसभा के परिसीमन के बाद सीटों की संख्या 114 हो गई है। इनमें 24 सीटें पाक अधिकृत कश्मीर क्षेत्र में आती हैं। शेष 90 सीटों में से 47 कश्मीर संभाग तथा 43 जम्मू संभाग में आती हैं।

मोदी आज लेंगे...

मोबाइल की घंटी बजते ही धड़क उठता है दिल: मंत्री पद की रेस में शामिल नवनिर्वाचित सांसदों के मोबाइल की घंटी शनिवार देर रात तक उनकी धड़कन बढ़ाते रहे। चौकस नए सांसदों ने मोबाइल सहयोगियों की जगह अपने पास ही रखा। हर अनजान नंबर से आने वाली घंटी उनके दिल की धड़कन बढ़ा जाती थी। क्योंकि, जिन्हें मंत्री बनाया जाना है, उन्हें पीएम मोदी अपने आवास पर चाय के लिए आमंत्रित करेंगे।

निर्वाचितों की 360 डिग्री जांच : लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के तुरंत बाद ही बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी नवनिर्वाचित सांसदों से पांच पन्नों में अपनी प्रोफाइल भेजने को कहा था। जिसमें शिक्षा से लेकर पूर्व में राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में योगदान और पेशा आदि का ब्योरा मांगा गया था। बीजेपी के तीन राष्ट्रीय महा सचिवों ने सांसदों की प्रोफाइल की 360 डिग्री जांच कर नेतृत्व को एक लिस्ट भेजी है। मंत्रियों के चयन में यह लिस्ट काफी निर्णायक बताई जा रही है।

सहयोगी दल के ये नेता बन सकते हैं मंत्री : जेडीएस से कुमारस्वामी और एलजेपी से चिराग पासवान का मंत्री बनना तय माना जा रहा है। टीडीपी से राम मोहन नायडू और के रविंद्रन रेस में हैं तो अपना दल से अनुप्रिया पटेल को फिर से मौका मिल सकता है। एनसीपी से प्रफुल्ल पटेल या तटकरे दावेदार हैं। जेडीयू से लल्लन सिंह, संजय झा, रामनाथ ठाकुर में से किसी एक को मौका मिल सकता है। शिवसेना से प्रताप राव जाधव के नाम की भी चर्चा है।

शपथ समारोह में कांग्रेस के शामिल होने पर संशय: कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि शनिवार रात 10 बजे तक शपथ ग्रहण में शामिल होने का आमंत्रण उन्हें नहीं मिला है। जब मिलेगा तब समारोह में जाने पर विचार किया जाएगा।

पोलमपोल
भायो

'ट्रेलर' हाळी फिलम का, कुणी रहे किरदार।
अभिनेता-नेता कस्या, आज लेय अवतार!!

अनाश्रित बच्चों की मां बनकर उनका जीवन संवार रहीं 'भावना'

SUNDAY GUEST EDITOR
संडे गेस्ट एडिटर
@वुमन

सोच यह: कोशिश करें कि आपके प्रयास ऐसे हों, जो किसी के चेहरे पर मुस्कान लाएं।

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

जयकुमार भाटी
patrika.com

जोधपुर. भावना पारीक 82 अनाश्रित बच्चों की मां बनकर उनका भविष्य संवार रही हैं। वह अपने खुद के बच्चों के साथ ऐसे बच्चों का पालन-पोषण भी कर रही हैं, जो समाज में जन्म से ही एचआइवी संक्रमण का दंश झेल रहे हैं या फिर एड्स जैसी घातक बीमारी के कारण अपने माता-पिता की असामयिक मृत्यु के बाद उन्हें खो चुके हैं। भावना बताती हैं कि एचआइवी संक्रमण से पीड़ित अधिकांश बच्चों को परिवार व समाज की ओर से भेदभाव व कलंकित होने का दंश झेलना पड़ता है। जिसकी वजह से उन्हें इलाज, पढ़ाई व देखरेख से भी वंचित रखा जाता है। ऐसे में इन बच्चों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए उन्होंने व उनके पति दिनेश जोशी ने मिलकर पहल की। वर्ष 2010 में उन्होंने मिलकर बाल बसेरा सेवा संस्थान की स्थापना की। वर्तमान में यहां कुल 82 बालक-बालिकाएं आवासित हैं, जिन्हें सभी तरह की सुविधाएं दी जाती हैं।

ताकि कोई भी बच्चा न हो भेदभाव का शिकार

इन बच्चों को मुख्यधारा में लाने के लिए वर्षों से प्रयास कर रहे हैं। उन्हें भी समाज में सम्मानपूर्वक जीने का अधिकार है।

बच्चों का जीवन स्तर सुधारने का प्रयास

जागरूकता कार्यक्रम भी करतीं

भावना बताती हैं कि झालामण्ड में एचआइवी पॉजिटिव बच्चों के लिए जनसहयोग से आवासीय बाल गृह भवन बनाया है। यहां बच्चों के लिए अलग-अलग सुविधाएं व व्यवस्थाएं की गई हैं। बाल गृह भवन में बच्चे स्वस्थ रहने के साथ ही सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। भावना एक मां की तरह इन बच्चों का इलाज करवाने सहित शिक्षा का भी पूरा ध्यान रखती हैं। यहां पुनर्वास के बाद स्वस्थ होने पर कई लड़के-लड़कियों की शादी भी करवाई है। इनके बच्चे भी हुए है, जो एचआइवी मुक्त हैं। भावना अपने पति के साथ मिलकर एचआइवी संक्रमण के प्रति जनजागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करती हैं ताकि लोगों में इस रोग के प्रति जागरूकता लाई जा सके।

महिलाओं को दे रहीं प्रशिक्षण

भावना का कहना है कि वह महिला उत्थान के लिए जरूरतमंद व बेरोजगार महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलम्बी भी बना रही हैं। वह बताती हैं कि एचआइवी पीड़ित बच्चे भी समाज का हिस्सा हैं। इनके साथ भेदभाव व अनदेखी करने की बजाय सामान्य बच्चों की तरह उन्हें समाज को स्वीकार करना चाहिए।

ट्रेंडिंग वीडियो पत्रिका TV

1.

नीट रिजल्ट, एनटीए का फैसला, हाई पावर्ड कमेटी का गठन

2.
नेताओं की कंगना रनोत को खुली चुनौती

किसान नेताओं की कंगना रनोत को खुली चुनौती

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

न्यूज शॉर्ट्स

सीबीएसई की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं 15 जुलाई से

अजमेर @ पत्रिका. सीबीएसई की दसवीं-बारहवीं की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं 15 जुलाई से शुरू होंगी। बोर्ड ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। बोर्ड अभी ऑनलाइन फॉर्म भरवा रहा है। देश में अजमेर, पुणे, भोपाल, बेंगलूरू, प्रयागराज, दिल्ली ईस्ट, दिल्ली वेस्ट, गुवाहाटी, पटना, भुवनेश्वर, देहरादून, पंचकुला, नोएडा, चंडीगढ़, विजयवाड़ा चेन्नई और तिरुवनंतपुरम रीजन में सप्लीमेंट्री परीक्षाएं होंगी। बारहवीं के सभी विषयों की सप्लीमेंट्री परीक्षा 15 जुलाई को होगी।

कार पलटने से महिला की मौत, चार घायल

बांदीकुई (दौसा) @ पत्रिका . दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक बार फिर हादसा हो गया। हादसे में कार में सवार सास की मौत हो गई। दामाद, बेटी सहित नवासे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस ने बताया कि सोमाड़ा गांव के समीप फरीदाबाद से पालमपुर गुजरात जाते समय बेकाबू होकर कार डिवाइडर पर जाकर पलट गई। दुर्घटना में शांताबेन (65) की मौत हो गई, जबकि दामाद महेश कुमार, पत्नी रतनबेन, पुत्र प्रियांश, शिवांश अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस प्रथम हष्टया हादसे का कारण चालक को नींद की झपकी आना बता रही है।

एक किलो अफीम बरामद, दो गिरफ्तार

अजमेर @ पत्रिका. क्लॉक टावर पुलिस ने मध्यप्रदेश से ट्रेन में मादक पदार्थ की खेप लाने वाले दो तस्करों को शनिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से 1 किलो 55 ग्राम अफीम बरामद की। मामले की जांच रामगंज थाने को सौंपी गई है। बरामद अफीम की कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि पुलिस को मादक पदार्थ लेकर दो युवकों के स्टेशन रोड माल गोदाम के निकट खड़े होने की जानकारी मिली थी। मौके पर पहुंची विशेष टीम ने दोनों युवकों की तलाशी ली। दोनों के पास अलग-अलग बैग से क्रमश: 620 और 635 ग्राम अफीम बरामद की गई। पुलिस ने हनुमान नगर भोजाकोर थाना लोहावट निवासी मुकेश (22) और विश्नोइयों की ढाणियां लोहावट निवासी मुकेश कुमार (23) को गिरफ्तार किया। एसपी विश्नोई ने बताया कि पुणे में गैस रिफिलिंग का काम करने वाले दोनों तस्कर अफीम की खेप लेकर मध्यप्रदेश के नीमच से अजमेर पहुंचे थे।

ट्रक ने टोलकर्मी को कुचला, मौत

नांगल राजावतान (दौसा). @ पत्रिका . दौसा-कोथून नेशनल हाइवे पर टीटोली टोल प्लाजा पर शनिवार को ट्रक ने एक टोलकर्मी आशीषसिंह तोमर (20) को कुचल दिया इससे उसकी मौत हो गई। दूसरा टोलकर्मी रवि कुमार घायल हो गया। घटना से गुस्साए टोलकर्मी मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ धरने पर बैठ गए व जाम लगा दिया।

सीएम की अध्यक्षता में बनी हुई है आबू विकास समिति, लेकिन बैठकें ही नहीं होती

'सरकार' के हाथ में हिल स्टेशन की बागडोर... नजरें इनायत हो तो निखरे माउंट का स्वरूप

राजेन्द्रसिंह देणोक
patrika.com

पाली. माउंट आबू प्रदेश का ऐसा इकलौता शहर है जिसकी बागडोर सीधे 'सरकार' के हाथों में है। यानि मुख्यमंत्री खुद अध्यक्ष होता है और विभिन्न विभागों के 14 अधिकारी सदस्य। सरकार की नजरें इनायत हो तो निखर सकता है इस हिल स्टेशन का स्वरूप, क्योंकि माउंट के स्थानीय लोगों और हर साल घूमने आ रहे लाखों पर्यटकों के सामने कई तरह की परेशानियां हैं।

तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर के कार्यकाल में आबू विकास समिति का गठन किया गया था। बरसों से इस समिति की न तो नियमित बैठकें हो रही है और न ही माउंट का सतत विकास। सैलानियों को लुभाने वाला आबूराज खुद विकास को तरस रहा है। यहां कई समस्याएं तो स्थायी बनी हुई है, जिसके समाधान की जरूरत है। खमियाजा यहां के बाशिंदे और पर्यटक उठा रहे हैं।

प्रदेश का यह एकमात्र हिल स्टेशन है। इस कारण गर्मी और स्कूलों की छुट्टियां शुरू होते ही यहां क्राउड बढ़ जाता है। हर साल करीब 30 से 40 लाख सैलानी आ रहे हैं।


माउंट आबू की नक्की झील का नजारा।

16 साल में दो बैठकें, माउंट को मदद की दरकार

वसुंधरा राजे के पिछले दोनों कार्यकाल 2008 और 2016 में आबू विकास समिति की बैठकें हुई थी। इसके बाद अशोक गहलोत पांच साल सीएम रहे। वर्तमान भजनलाल सरकार को अस्तित्व में आए करीब छह माह हो गए। सीएम की अगुवाई वाली समिति की बैठकें नियमित नहीं होने से योजनाएं धरातल पर नहीं उतर रही है।

मुद्दे...जिन पर ध्यान देने की जरूरत

- माउंट में न घर बना सकते हैं न ही शौचालय। इस पर ठोस निर्णय की आवश्यकता।
- माउंट आबू पर आने का एकमात्र मार्ग है। सीजन में जाम रहता है। बारिश में अवरूद्ध होता है।
- पार्किंग व्यवस्था नहीं। सीजन के दौरान जाम लगा रहता।
- सालगांव बांध परियोजना को धरातल पर लाने की आवश्यकता।
- पर्यटकों के अधिक ठहराव के लिए अच्छे होटलों का अभाव। इनके निर्माण की स्वीकृति।
- आबूरोड से गुरुशिखर तक स्वीकृत भारतमाला परियोजना को मूर्तरूप दिया जाना चाहिए।
- पर्यटकों के लिए शक्तिपीठ आस्थास्थल अधरदेवी, भैरूतारक धाम तक प्रस्तावित रोप-वे बनाए जाने की जरूरत।
- धार्मिक और पौराणिक पर्यटन स्थलों का विकास।
- माउंट में बढ़ते शराब के चलन पर नियंत्रण किया जाना चाहिए।
- माउंट में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत।

क्या है आबू विकास समिति

आबू के विकास के लिए सरकार ने इस समिति का गठन किया था। पूरे प्रदेश में माउंटआबू ही एकमात्र ऐसा शहर है जिसके विकास के लिए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में समिति बनी हुई है। कई बार इसकी बैठक प्रदेश के राज्यपाल भी ले चुके हैं, लेकिन समिति की बैठक कभी भी समय पर नहीं हुई। पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में इसकी बैठक एक बार भी नहीं हुई।

माउंट के सुव्यवस्थित विकास की जरूरत

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आबू विकास समिति बनीं हुई है। इसमें कई विभागों के सचिव स्तर के अधिकारी शामिल है। समिति की बैठकें नियमित नहीं होती। इससे माउंट का विकास ठप है। यहां बड़े-बड़े अधिकारी आते हैं। इसके बावजूद माउंट के विकास की कोई ठोस योजना नहीं है।

सुनील आचार्य, नेता प्रतिपक्ष, माउंट आबू

पत्रिका ने किया था फर्जीवाड़े का खुलासा

किसान बरसों से काट रहे थे चक्कर... अब 3 दिन में मिल जाएगा 40 करोड़ का बीमा क्लेम

जिला कलक्टर ने भुगतान करने का दिया आदेश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

असर

राजस्थान पत्रिका

चितलवाना (सांचौर). प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में चल रहे फर्जीवाड़े का राजस्थान पत्रिका की ओर से खुलासा करने के बाद किसानों के लिए राहत भरी खबर हैं। बीमा कंपनी ने तीन साल से किसानों का क्लेम अटका रखा था। पत्रिका के खुलासे के बाद अब जिला कलक्टर सांचौर शक्तिसिंह राठौड़ ने बीमा कंपनी को अगले तीन दिन में 1944 किसानों को 40 करोड़ रुपए का भुगतान करने के आदेश दिए हैं। यह राशि सीधे किसानों के खाते में आएगी।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में रबी व खरीफ की वर्ष 2020 से 2022 के बीच किसानों के बीमा क्लेम की राशि किसानों के खाते में जमा नहीं हुई थी। बीमा कंपनी ने यह क्लेम अटका दिया था। किसान चक्कर काटकर थक गए, लेकिन कंपनी ने क्लेम नहीं दिया। राजस्थान पत्रिका ने बीमा कंपनी की मनमानी को लेकर सिलसिलेवार खबरों का प्रकाशन किया। जिला कलक्टर ने गंभीरता से लेते हुए क्लेम से वंचित किसानों को चिह्नित किया। गांवों में शिविर लगाकर उनके दस्तावेज एकत्रित किए। रानीवाड़ा के 240, बागोड़ा के 478 , सांचौर से 339 व चितलवाना के 887 काश्तकारों को अब क्लेम मिल सकेगा।

> बीमा क्लेम की राशि तीन साल से अटकी हुई थी। हमने जयपुर से बीमा कंपनी को बुलाकर पंचायत समितिवार विशेष शिविर लगाकर दस्तावेज जुटाए। बीमा क्लेम भुगतान की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में है।
>
> **शक्ति सिंह राठौड़,** कलेक्टर, सांचौर

भजनलाल सरकार के चार माह के कार्यकाल में अपराध की समीक्षा

हत्या-लूट-डकैती में कमी, चोरी-नकबजनी और बलात्कार के मामले बढ़े

मुकेश शर्मा
patrika.com

जयपुर. राजस्थान में भजनलाल शर्मा सरकार के बनने के जनवरी से अप्रेल तक हुए अपराध की समीक्षा करें तो हत्या, लूट, डकैती जैसे गंभीर अपराधों में कमी आई है। इसके पीछे पुलिस को अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट देना और पुलिस का ऑपरेशन लंगड़ा चलाया जाना बताया जाता है। हालांकि चोरी व नकबजनी की वारदातें बढ़ी हैं। पुलिस चोरों और नकबजनों पर नकेल कसने में विफल रही। राजस्थान पत्रिका ने गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष जनवरी से अप्रेल तक हुए अपराध की समीक्षा की तो यह स्थिति सामने आई। नई सरकार में महिला अपराधों में भी कमी आई है, लेकिन बलात्कार के मामले इस वर्ष अधिक दर्ज हुए हैं। गत वर्ष जनवरी से अप्रेल तक 74926 आपराधिक प्रकरण दर्ज हुए, जो इस वर्ष इस अवधि में 73963 दर्ज हुए। राहत की बात यह है कि इस वर्ष कुल अपराध में 1.29 प्रतिशत कमी हुई है।

पुलिस ने चार माह में दर्ज अपराधों में 18466 प्रकरणों का अनुसंधान किया, जिसमें 5210 प्रकरण झूठे करवाया जाना सामने आया। जबकि 3290 प्रकरणों में सबूतों के अभाव व अपराधियों के नहीं मिलने पर पुलिस ने बंद कर दिए। वहीं, 9966 प्रकरणों में चालान पेश किया। 55497 प्रकरण लंबित है। इस वर्ष डकैती में 33 फीसदी, लूट में 32 फीसदी, नकबजनी में 7.92 व चोरी में 9.62 प्रतिशत मामले झूठे निकले हैं।

रामगंज बाजार स्थित दर्जियों की गली में पथराव के बाद मौजूद पुलिस।

बलात्कार के मामले चिंताजनक

इस वर्ष महिला अपराधों में मामूली कमी आई। गत वर्ष शुरुआत के चार माह में 12800 प्रकरण दर्ज हुए, वहीं इस वर्ष 12315 प्रकरण दर्ज हुए। बलात्कार के बाद 7 महिलाओं की हत्या करने के मामले दर्ज हुए। बलात्कार के 293 प्रकरण दर्ज हुए, जिनमें 47 झूठे थे। चार छोटी बच्चियों की बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई, 117 बच्चियों से बलात्कार की घटनाएं सामने आई।

अपराध के आंकड़े

वारदात	वर्ष 2023	वर्ष 2024
हत्या	541	494
हत्या का प्रयास	947	865
डकैती	40	32
लूट	656	614
अपहरण	3578	3769
बलात्कार	1549	1669
बलवा	143	142
नकबजनी	2372	2746
चोरी	17061	17401
अन्य	48039	46231
कुल	74926	73963

कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर का 5वां दीक्षांत समारोह

कृषि क्षेत्र से जुड़े युवा देश के विकास में भूमिका निभाएं: मिश्र

कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल व दीक्षार्थी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. राज्यपाल व कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि कृषि क्षेत्र से जुड़े युवाओं को पूरी सकारात्मक ऊर्जा के साथ देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। मिश्र ने विश्वविद्यालय में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाने पर भी जोर दिया, जिनसे युवा रोजगार ढूंढ़ने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बनें। कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. पी जोशी ऑडिटोरियम में शनिवार को आयोजित पांचवें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यपाल मिश्र ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं, बल्कि नवजीवन की शुरुआत है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.बी.आर. चौधरी ने विश्वविद्यालय के कार्यों व गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया। समारोह में राज्यपाल ने 185 डिग्रियां प्रदान की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय परिसर में करीब एक करोड़ की लागत से नवनिर्मित संविधान पार्क का लोकार्पण भी किया।

एआइ का उपयोग कर नवाचार अपनाएं

उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लिए युवाओं से आह्वान करते हुए कृषि में नवाचार अपनाते हुए कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के उपयोग से कृषि की वैश्विक चुनौतियों को स्वीकार कर कृषि वैज्ञानिकों से जलवायु अनुरूप कृषि के विकास के लिए भी कार्य करने की आवश्यकता जताई।

भुवनेश बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष निर्वाचित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. राज्य के अधिवक्ताओं की सबसे बड़ी नियामक संस्था बार काउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्यों की साधारण सभा की बैठक में सर्वसम्मति से भुवनेश शर्मा बीसीआर के चेयरमैन निर्वाचित हुए। देवेन्द्रसिंह राठौड़ वाइस चेयरमैन तथा नवरंगसिंह चौधरी, रतनसिंह राव, हरेंद्रसिंह सिनसिनवार एवं कपिल प्रकाश माथुर को को-चेयरमैन के पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया।

भुवनेश शर्मा

हैरिटेज न्यायालय परिसर स्थित बीसीआर के मुख्यालय में आयोजित साधारण सभा में अधिवक्ताओं के विरुद्ध व्यवसायिक दुराचरण की शिकायतों का निस्तारण किया। रामप्रसाद सिंगारिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई मीटिंग में कई मुद्दों पर चर्चा हुई। नवनिर्वाचित चेयरमैन भुवनेश शर्मा करौली जिले के हुकमी गांव के निवासी हैं। वे 2018 में बार कौंसिल ऑफ राजस्थान के पहली बार सदस्य निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता वकीलों का कल्याण और सरकार से दस करोड़ का फंड लेना रहेगा।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में हुआ कार्यक्रम

जैविक खेती में नवाचारों के लिए संतोष को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नवलगढ़ (झुंझुनूं). सीकर जिले के गांव बेरी की किसान संतोष खेदड़ को जैविक खेती में किए गए नवाचारों को लेकर नवोन्मेषी किसान के रूप में राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में गुरुवार को उन्हें यह सम्मान मिला। संतोष 16 वर्षों से जैविक खेती कर रही हैं। उनके अपने कृषि फार्म में सेब, अनार, अमरूद, चीकू, नींबू, किन्नू सहित अनेक फलदार पेड़ों के बगीचे लहलहा रहे हैं। वह स्वयं अपने बगीचे की नर्सरी में जैविक विधि से दर्जनों किस्म के फलदार पेड़ों की पौध तैयार करती हैं। 10वीं तक पढ़ी संतोष देवी अपने बगीचे में नर्सरी व बागवानी रिसर्च सेंटर भी चलाती हैं। अब तक वह हजारों किसानों को जैविक खेती व बागवानी के गुर सिखा चुकी है।

समारोह के दौरान संतोष खेदड़।

भीषण गर्मी में तैयार होती है सेब की फसल: आमतौर पर सर्दी के मौसम में लोगों को सेब खाने को मिलती है लेकिन संतोष के बगीचे में भीषण गर्मी के बीच जून के महीने में सेब की फसल तैयार होती है।

सोशल प्राइड: 13 शादी करा चुके हैं दंपती, अब 14 जून को 14वीं बेटी की शादी

एक दंपती की मुहिम, अनाथ बेटियों की करवा रहे शादी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

भरतपुर. हर माता-पिता की हसरत अपनी बेटी की डोली बड़े अरमानों से उठाएं, लेकिन नियति को कुछ और मंजूर हो तो बेटी के सपने भी सिमट जाते हैं। ऐसी अनाथ बेटियों के दामन में नदिया मोहल्ला निवासी एक दंपती खुशियां भर रहे हैं। इस बार 14 जून को यह दंपती 14वीं अनाथ बेटी की शादी माता-पिता बनकर धूमधाम से करने जा रहे हैं।

खास बात यह है कि ये दंपती बेटियों की शादी के लिए पूरे साल गुल्लक में राशि डालते हैं। उस राशि को वे शादी में इस्तेमाल करते हैं। नदिया मोहल्ला निवासी पुष्कर सिंह एवं उनकी पत्नी ऊषा वर्ष 2010 से इस मुहिम में जुटे हैं। लगातार शादियां कराने के बाद अब अनाथ बेटियों के परिजन उनके पास आने लगे हैं। पुष्कर ने बताया कि इस बार नमक कटारा निवासी यशोदा पुत्री फतेह सिंह की शादी मथुरा गेट निवासी अमित कुमार से कराई जाएगी। शादी में समाजसेवी दंपती की ओर से शादी का सारा सामान, बारातियों को दावत एवं दूल्हे को कपड़े आदि भेंट दिए जाएंगे। सिंह ने बताया कि कोरोना काल के दौरान यह सिलसिला कुछ समय के लिए थम गया था, लेकिन अब फिर से अनाथ बेटियों के हाथ पीले करने की मुहिम जारी है।

बना रखी है गुल्लक

दोनों हर साल नई गुल्लक खरीदते हैं। एक गुल्लक को पुष्कर अपनी जनरल स्टोर की दुकान पर रखते हैं, जबकि ऊषा की गुल्लक घर में रहती है। सुबह पूजा-पाठ के दौरान पुष्कर उसमें कुछ राशि अवश्य डालते हैं। वहीं ऊषा भी नियमित रूप से गुल्लक में कुछ पैसे जमा करती हैं। इसे शादी से ठीक पहले फोड़ा जाता है। एक साल में दोनों शादी के लायक राशि जमा कर लेते हैं। दंपती मैरिज होम, बैंड एवं हलवाई का खर्चा स्वयं उठाते हैं।

दादी से मिली प्रेरणा के बाद से मदद जारी

पुष्कर बताते हैं कि दादी ने कहा था कि कभी जीवन में मौका मिले तो अनाथ बेटी की शादी जरूर करना। तब मैं इस मुहिम में जुटा हुआ हूं। एक दिन मैं अपने मित्र के यहां बैठा था। यहां कुछ लोग आए और उन्होंने अनाथ बेटी की शादी के लिए मदद की गुहार लगाई। इस पर मैंने बेटी की शादी का पूरा खर्चा उठाने की बात कही। इसके बाद से यह सिलसिला चल पड़ा, जो निरंतर जारी है। सिंह दंपती का कहना हैं कि शादी में बाराती लाने की भी बंदिश नहीं होती। सबके लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है।

10 हजार रुपए रिश्वत लेते हेड कांस्टेबल व दलाल गिरफ्तार

कोटा @ पत्रिका. एसीबी स्पेशल यूनिट कोटा इकाई ने बारां में कार्रवाई कर अटरू थाने के हेड कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह व दलाल सुनील शर्मा को 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि परिवादी ने शिकायत दी थी कि उसके भाई के विरुद्ध दर्ज प्रकरण में पुलिस रिमांड नहीं लेने और न्यायालय में शीघ्र चालान पेश करने की एवज में अटरू दोनों रिश्वत की मांग कर रहे हैं। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने दोनों को गिरफ्तार किया गया।

दलाल और हेड कांस्टेबल

justeen 13 से 19 साल बेमिसाल

Young Prodigy

That's The Spirit

16 वर्षीय पर्वतारोही काम्या ने हाल ही माउंट एवरेस्ट की चोटी पर सफलतापूर्वक चढ़ाई की।

यंगिस्तान

एवरेस्ट फतेह करने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय

सिर्फ 16 साल की उम्र में काम्या पांच महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ाई कर चुकी हैं। अब वह नेपाल की ओर से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की भारतीय और दुनिया की दूसरी सबसे कम उम्र की व्यक्ति बन गई हैं। उन्हें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल शक्ति पुरस्कार भी मिल चुका है। उनके पिता भारतीय नौसेना के कमांडर एस कार्तिकियन उनके जुनून को पूरा करने में हर वक्त उनके साथ होते हैं।

कौन हैं ये

- नाम : **काम्या कार्तिकियन**
- उम्र : **16 वर्ष**
- **उपलब्धि:** माउंट स्टोक कांगरी और माउंट एकॉनकागुआ पर भी जा चुकी हैं।
- **माउंट** एल्ब्रस के शिखर से स्की करके नीचे उतरने का भी कीर्तिमान।

TRICKS of MEMORY IMPROVEMENT by कृष्ण चहल गिनीज बुक वर्ल्ड रेकॉर्ड

विद्यार्थियों को फोकस बढ़ाने के लिए इच्छाओं को नियंत्रित करना चाहिए।

जरूरत और इच्छा के बीच चयन करना सीखें

छात्रों और अभिभावकों के बीच नया संघर्ष देखने को मिल रहा है- जरूरतों और इच्छाओं के बीच का चुनाव। जरूरतें दैनिक कार्यों के लिए अनिवार्य होती हैं, जबकि इच्छाएं वे गैर-जरूरी चीजें होती हैं जो आराम और आनंद को बढ़ाती हैं।

- **अध्ययन पर ज्यादा ध्यान-** ध्यान भटकाने वाले अनावश्यक खर्च को कम कर आप समय और संसाधनों को पढ़ाई में लगा सकते हैं।
- **लक्ष्य निर्धारण और उपलब्धि-** जरूरतों को प्राथमिकता देने से आपको स्पष्ट, यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें व्यवस्थित रूप से हासिल करने में मदद मिलती है।
- **आत्म-अनुशासन में वृद्धि-** जरूरतों और इच्छाओं के बीच अंतर करना सीखने से आत्म-अनुशासन विकसित होता है, जो अध्ययन को बेहतर करता है।

DO IT YOURSELF

पेपर से बनाएं एंटीस्ट्रेस टॉय

क्या आप पेपर की मदद से एंटीस्ट्रेस टॉय बनाना चाहते हैं। इसके लिए आपको एक ए4 पेपर या प्लास्टिक की शीट की जरूरत होगी। फिर इसे आप कैंची की मदद से पट्टियों में काटकर आसानी से गोंद या पिन से जोड़ सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए यह वीडियो देख सकते हैं- **bit.ly/fursat549**

बनाएं हमें अपना BFF

अंग्रेज लेखक जॉन एवलिन का कहना है, 'दोस्ती वह सुनहरा धागा है, जो पूरी दुनिया के दिलों को बांधता है।' आप भी हमारे ऐसे ही सच्चे दोस्त बन सकते हैं। हमसे जुड़ने के लिए और अपने मन की बात हमसे शेयर करने के लिए आप इस मेल पते पर संपर्क कर सकते हैं-

मेल आईडी sunday@in.patrika.com

विश्व रक्तदाता दिवस विशेष- 14 जून

खून के अभाव में जाने वाली हर जान को बचाना है मकसद

कहते हैं रक्तदान महादान। इलाज के दौरान खून की कमी से देश में हर साल लाखों लोगों का निधन होता है। यदि उन्हें सही समय पर खून मिल जाए, तो जीवन बचाया जा सकता है। खून के साथ ही प्लेटलेट्स पर भी यह नियम लागू होता है। ऐसे में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और रक्तदाताओं के अधिकारों की पैरवी के लिए देश में कुछ लोग मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। ऐसे ही कुछ नायकों की जानकारी-

रक्तदान जागरूकता के लिए 21 हजार किमी की पैदल यात्रा

दिल्ली में रहने वाले केरल के किरण वर्मा ने अपना जीवन रक्तदान को ही समर्पित किया है। उन्होंने 28 दिसंबर, 2021 को तिरुवनंतपुरम से 21000 किलोमीटर की अनोखी पैदल यात्रा शुरू की और इसका अधिकांश हिस्सा वे पूरा कर चुके हैं। किरण चाहते हैं कि दिसंबर 2025 तक 50 ब्लड डोनर्स तैयार हो जाएं, जिससे खून के अभाव में कोई जान नहीं जाए। वे कहते हैं कि वे पैदल चलकर लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हैं। किरण ने 2016 में रायपुर की एक महिला को अपने पति के लिए ब्लड की व्यवस्था की गुहार करते देखा था। ऐसे में उन्होंने ब्लड डोनेट किया। जब महिला से बातचीत की तो पता चला कि उसे पति के इलाज व ब्लड को अरेंज करने के लिए शरीर बेचना पड़ा। इसके बाद 2017 में दिल्ली के एम्स में 14 साल के एक बच्चे ने प्लेटलेट्स नहीं मिल पाने की वजह से अपने पिता के सामने ही तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। किरण के घर भी पहला बच्चा आने वाला था। तब उन्हें लगा कि ऐसा किसी के साथ भी हो सकता है। इसके बाद उन्होंने नौकरी छोड़कर सिंपली ब्लड नाम के एनजीओ की शुरुआत की।



अजनबी फोन कॉल पर 1600 किमी का सफर तय कर किया प्लाज्मा डोनेट

कोविडकाल में जब लोग अपनों का साथ छोड़ रहे थे, ऐसे में प्रयागराज के रहने वाले राजीव मिश्रा ऐसे प्लाज्मा वीर थे,

जो एक अजनबी कॉल पर प्रयागराज से 1600 किलोमीटर हरियाणा की यात्रा कर वेदांता हॉस्पिटल में कोरोना रोगी के लिए प्लाज्मा डोनेट करने के लिए गए। राजीव ऐसे रक्त और प्लाज्मा दाता हैं जो 55 हजार किलोमीटर से अधिक की यात्रा कर कई राज्यों में जाकर 100 से अधिक बार रक्तदान कर चुके हैं। बलिया के रहने वाले राजीव मिश्रा प्रयागराज में रहकर प्राइवेट काम कर रहे हैं। वे लोगों को ब्लड और प्लाज्मा देने के लिए जागरूक करते हैं। उनकी इस उपलब्धि के लिए कनाडा की ब्रॉम्प्टन यूनिवर्सिटी ने उन्हें डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा है। राजीव के भाई की मौत ऑपरेशन के बाद खून की कमी से हुई थी, जिसके बाद वे टूट चुके थे। इस घटना के बाद उन्होंने रक्तदान कर लोगों की जिंदगी बचाने का फैसला लिया।

रक्तदान में ट्रांसजेंडर्स के साथ भेदभाव का किया विरोध

मणिपुर की सांता खुरई ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ता और लेखिका हैं। जब उन्हें पता चला कि ट्रांसजेंडर्स नियमों के तहत रक्तदान नहीं

कर सकते तो उन्होंने इसके खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने मार्च 2021 में राष्ट्रीय आधान परिषद और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा जारी रक्तदाता चयन और रक्तदाता रेफरल, 2017 के दिशानिर्देशों के खंड 12 और 51 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी और सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका (पीआइएल) दायर की। उन्होंने तर्क दिया कि स्थायी प्रतिबंध के आधार मनमाने, भेदभावपूर्ण और अवैज्ञानिक हैं। उस वक्त कोविड के विकट दौर में ट्रांसजेंडर व्यक्ति आपात स्थिति के दौरान अपने समुदाय के अन्य सदस्यों को रक्तदान करने में असमर्थ थे। इसके अलावा खुरई ने सितंबर 2021 में जिनेवा में आयोजित 48वें संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद सत्र में भी ट्रांसजेंडर्स के साथ भेदभाव पर बयान प्रस्तुत किया। खुरई ने विभिन्न क्षेत्रों में ट्रांसजेंडर लोगों के अनुभवों की खोज करते हुए कई लेख प्रकाशित किए हैं।

चर्चा में

वान गॉग की तारों वाली रात का रिक्रिएशन

कलाकारों ने फ्रांस के लुमा आर्ल्स में क्रिएटिविटी दिखाते हुए ड्रोन प्रदर्शन के साथ वान गॉग की स्टारी नाइट को फिर से जीवंत किया है।

लुमा आर्ल्स में समकालीन कलाकार जोड़ी ड्रिफ्ट ने दो इमर्सिव और इंटरेक्टिव कलाकृतियों की प्रदर्शनी लिविंग लैंडस्केप प्रस्तुत की है। प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने संग्रहालय के फ्रैंक गेहरी द्वारा डिजाइन किए गए टॉवर के ऊपर एक ड्रोन प्रदर्शन किया, जिसमें वान गॉग के चित्रों को दर्शाया गया। ड्रिफ्ट की इमर्सिव कलाकृतियां दर्शकों को प्रकृति और प्रौद्योगिकी के बीच संबंधों पर विचार करने के लिए आमंत्रित करती हैं। लिविंग लैंडस्केप विशाल, इंटरेक्टिव स्थापना है, जो दर्शकों को आभासी परिदृश्य दिखाती है। ड्रिफ्टिंग फील्ड छोटी स्थापना है, जो प्रकाश और ध्वनि का इस्तेमाल कर खास अनुभव बनाती है।

इनोवेशन

कार निर्माण में मदद कर रहे ह्यूमनॉइड रोबोट

चीन की वाहन निर्माता कंपनी डॉन्गफेंग मोटर ने असेंबली लाइन पर काम को पूरा करने के लिए ह्यूमनॉइड रोबोट का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

वॉकर एस नाम के ये रोबोट यूबीटेक कंपनी द्वारा विकसित किए गए हैं और इन्हें कारों के निर्माण में दक्षता और सटीकता लाने के लिए डिजाइन किया गया है। ये रोबोट पारंपरिक मशीनरी के साथ इंटीग्रेट किए गए हैं और अपने काम को पूरा करने के लिए एआइ का इस्तेमाल करते हैं। वे सीट बेल्ट, दरवाजे और बॉडी क्वालिटी का निरीक्षण कर सकते हैं। तेल भर सकते हैं और लेबल लगा सकते हैं। यूबीटेक का दावा है कि वॉकर एस रोबोट का इस्तेमाल करने से कार निर्माण प्रोसेस तेज होगा। ये मनुष्यों की तुलना में तेजी से और अधिक सटीक रूप से काम कर सकते हैं, जिससे उत्पादन समय कम हो जाता है और लागत में कमी आती है।

{ हास्यम } humour

ठहाका

हाथी और घोड़ा शतरंज में बिजी

पिछले अंक में पूछा था कि जिसकी लाठी उसकी भैंस। भैंस ही क्यों, घोड़ा या हाथी क्यों नहीं?

- **क्योंकि** भैंस दूध देती है और घास-चारा खाकर खुश रहती है। घोड़े बेचकर सोती नहीं और हाथी जैसे खाने और दिखाने के अलग-अलग दांत नहीं है। - **उषा खाती,** बेंगलूरु
- **जिसकी** लाठी उसकी भैंस, क्योंकि हाथी और घोड़ा तो शतरंज खेलने में बिजी हैं। - **किरण टी. रजक,** बेंगलूरु
- **घोड़ा** चले चाबुक से, हाथी अंकुश धाय। बैल चले टचकारे से, भैंस तो लाठी खाय। - **बृजेश गौतम,** मंडावरी

अगले सप्ताह का सवाल

अब आया ऊंट पहाड़ के नीचे! पहाड़ के नीचे ही क्यों, कहीं और क्यों नहीं?

पाठक अपने फनी जवाब वॉट्सऐप नंबर 8955003879 पर गुरुवार तक भेज दें।

कार्टून कॉर्नर

गर्मी के साइड इफेक्ट

पाठक द्वारा प्रेषित

बतकही | वाह रे गुरुघंटाल, देखा तेरा जमाल। तू निकला माया चोर। हम रोवै घनघोर।

महाठगिनी माया की दीवानी दुनिया

अशोक राही
व्यंग्यकार

माया को भी कमसिन नादान समझने की भूल न कर बैठना। माया भी जब अपना चक्कर चलाती है, जाल बिछाती है तो अच्छे-अच्छे फन्ने खां उसके चंगुल में ऐसे जा फंसते हैं, जैसे सोलह साल का युवा सेल्फी के चक्कर में फंस जाता है। वर्तमान में कुछ पवित्र शरीरधारियों को माया सर्वाधिक सताती है।

बड़े-बूढ़े हमें समझाते- समझाते राम नाम रूपी सत्य को प्राप्त हो गए कि बेटा! माया ठगिनी है। महाठगिनी। इससे बचना। संभालना। उनकी बात सुन सारी दुनिया अपनी मुंडी सहमति में हिलाती रही पर जिसने जहां भी माया देखी, उससे ऐसा चिपका जैसे डायरेक्टर के हल्के इशारे पर हीरो फिल्मी हीरोइन के जा चिपकता है।

माया का यही खेल है। एक कलयुगी कथा सुनिए।

गुरु अपने चेले को दुनियादारी समझाता-समझाता चला जा रहा था- बेटा! माया चंचल है, चतुर है, चालक है। तेरे सरीखे भोले-भाले नादान को तुरंत फंसा लेती है। माया से चार हाथ दूर रहने में ही भलाई है।

पर वाह री किस्मत, अभी प्रवचन समाप्त भी नहीं हुआ था कि पलक झपकते ही माया सामने आ गई।

और चेला जब तक संभलता तब तक गुरुजी माया को गोद में उठाकर रफूचक्कर हो गए ।

बेचारा जवान चेला रोता रह गया। सुना है आजकल गली-गली गाता फिर रहा है, वाह रे गुरुघंटाल, देखा तेरा जमाल। तू निकला माया चोर। हम रोवै घनघोर।

मोरल ऑफ द स्टोरी यह है कि माया का मामला हो तो अपने सगे बाप पर भी भरोसा न करो।

अब आप हमारे ऊपर समाज को भ्रमित करने का इल्जाम न लगा देना। वरना हम इतिहास में घुसकर ऐसे ऐसे उदाहरण पेश करेंगे कि आप चिल्लाकर कहेंगे, देखो! ये आदमी संस्कृति खतरे में डाल रहा है।

अब आप माया को भी कमसिन नादान समझने की भूल न कर बैठना। माया भी जब अपना चक्कर चलाती है, जाल बिछाती है तो अच्छे-अच्छे फन्ने खां उसके चंगुल में ऐसे जा फंसते हैं, जैसे कोई सोलह साल का युवा सेल्फी के चक्कर में फंस जाता है।

वर्तमान में कुछ पवित्र शरीरधारियों को माया सर्वाधिक सताती है। जिसमें प्रमुख है हमारे प्यारे नेता और हाकिम। नेताजी से पूछो कि आप राजनीति में क्यों घुसे तो वे कहेंगे जनकल्याण को। लेकिन शैतान माया अपना जाल बुनती है और पवित्र नेताजी को तुरंत भ्रष्ट कर डालती है। देखते-देखते सूखे गालों पर लाल लाल सुर्खी छा जाती है और तोंद के घेरे में सलवटें पड़ जाती हैं।

बेचारे नेताजी ना चाहते हुए भी माया के चक्कर में अपनी सेवाभावी आत्मा को बेच डालते हैं।

आत्मा घरवाली की तरह रोती रहती है और माया बाहरवाली की माफिक गुलछर्रे उड़ाती है। इधर बेचारी जनता चिल्लाती-चिल्लाती दस किलो गेहूं की मुफ्त राशन लाइन में खड़ी रहती है ।

यही हाल हकिमों का भी है। एक ईमानदार युवक बरसों किताबों में सर खपाकर आला अधिकारी बनता है। और चंचल माया उसके सामने ऐसा अंग दिखावन नृत्य करती है कि ईमानदार शीघ्र ही रिश्वतखोर का रूप धारण कर लेता है।

बाकी आपके हमारे जैसे आम आदमियों की तो बात ही क्या।

माया के चक्कर में तो पुराने राजा रानी तक मुकदमे बाजी करने लगते हैं। राजा कहता है कि रानी पीटती है और रानी कहती है कि राजा अफीमची है।

माया का चरित्र चित्रण करते-करते बेचारे कबीर चाचा और तुलसी बाबा की कलम की स्याही सूख गई पर नशीली माया के जाल से दुनिया न बच सकी। अब युवाओं की तो क्या बात करें, ज्यादातर हमारे जैसे अधेड़ भी माया के जाल में फंसे पड़े हैं। माया जब-तब सपनों में आ जाती है तो उनकी नींद उड़ जाती है। वे बेचैनी से माया को दबोचना चाहते हैं पर माया इठलाती हुई उनके चंगुल से बच कर नेताजी की गाड़ी में जा बैठती है। और जनता रोती रह जाती है-

हे बेवफा माया! तू हमारी क्यों न हुई।

फनी पहेली

- **पहेली:** यदि आप लाल सागर में एक पीली टोपी गिराते हैं, तो वह हो जाती है?
  जवाब: गीली।
- **पहेली:** मैं पंख की तरह हल्की हूं, फिर भी सबसे ताकतवर व्यक्ति मुझे पांच मिनट तक नहीं रोक सकता। मैं क्या हूं?
  जवाब: सांस।
- **पहेली:** कौन सा जानवर इमारत से भी ऊंची छलांग लगा सकता है?
  जवाब: हर जानवर, क्योंकि इमारत स्थिर रहती हैं।
- **पहेली:** मैं फलों का पिता हूं। मैं क्या हूं?
  जवाब: पापा-या यानी पपीता।
- **पहेली:** एक मुर्गा खलिहान की छत पर दक्षिण की ओर मुंह करके बैठा है। अगर वह अंडा देता है, तो अंडा पूर्व की ओर लुढ़केगा या पश्चिम की ओर?
  जवाब: यह असंभव है- मुर्गे अंडे नहीं देते।
- **पहेली:** कौन सी दो चीजें आप नाश्ते में कभी नहीं खा सकते?
  जवाब: लंच और डिनर।

गुदगुदाते रहें

आलसी बेटा- पापा एक गिलास पानी दे दीजिए।
पापा- अगर पानी मांगा तो थप्पड़ मारूंगा।
बेटा- थप्पड़ मारने आओ तो पानी लेते आना।

टीचर क्लास में- दिल्ली में कुतुब मीनार है।
चिंटू क्लास में सो रहा था।
टीचर ने उसे जगाया और पूछा- मैंने अभी क्या बोला?
चिंटू- दिल्ली में कुत्ता बीमार है।

अध्यापक - ताजमहल किसने बनाया?
मोंटू - जी, कारीगर ने!
अध्यापक - मेरा मतलब, बनवाया किसने था?
मोंटू - जी, ठेकेदार ने!

सुबह- पत्नी नींद से उठते ही बोली, अजी सुनते हो?
पति- बोलो! क्या हुआ?
पत्नी- मुझे सपना आया कि आप हीरों का हार लाए हो।
पति- ठीक है, तो पहनकर सो जाओ!

व्यंग्य बाण

अंतर

राजनीति में शासन का,
खेलों में अनुशासन का,
अलग-अलग मंतर होता है,
खेल और राजनीति में
बड़ा अंतर होता है।
दोनों में नहीं है
कोई मेल,
राजनीति करना नहीं है
कोई हंसी-खेल,
राजनीति की पिच पर
अच्छे अच्छे खिलाड़ी
हो जाते हैं फेल।
बड़े-बड़े दिग्गज
पल में हो जाते हैं पिट्टू से,
कोई इमरान खान
तो कोई सिद्दू से।
एक ही क्षेत्र में
लक्ष्य साधकर
सफलता का स्वाद चखें,
खेलों से राजनीति,
राजनीति से खेलों को
सर्वथा अलग रखें।

-पीयूष पाचक

लोट-पोट

सत्ता के साथी

एसएमएस- पाठकों की तरफ से सोशल मीडिया शेयरिंग

इस फोटो को देखकर आपके मन में ताजा घटनाओं से संबंधी कोई मजेदार कंटेंट आता है तो लिखकर हमें वॉट्सऐप नंबर 8955003879 पर भेजें। बेहतर और चयनित कमेंट को 'हास्यम्' के अगले अंक में प्रकाशित करेंगे।

रीडर्स रिएक्शन

- शुक्रिया ईश्वर! इस गर्मी में कम से कम हवालात में हवा तो मिलेगी। - **शिवानी खोवाल,** जयपुर
- शाहरुख- खून में मेरे गर्मी, गर्मी में मेरा खून।
  इंस्पेक्टर- गाड़ी साइड में लगा, वरना नंगे पैर चलवा दूंगा.. क्योंकि ये है तपता जून।
  -**विजेन्द्र पाराशर**, बांदीकुई
- काट लिया पेड़, लगवा लिया एसी.. मिल गई कलेजे को ठंडक-**गितिका अवसरिया,** छत्तीसगढ़

पाठक-पाती

- हास्यम् पेज में सभी अपने-अपने हिसाब से विचार प्रस्तुत करते हैं, जो इस पेज के ह्यूमर को और बढ़ा देता है। **-सतीश कुमार पटेल,** बिलासपुर
- आज के समय चेहरे पर मुस्कान आ जाना बड़ी बात है, मगर हास्यम् ने खिलखिलाकर हंसने का मौका दिया। इंतजार रहता है रविवार का। **-साजिद अली,** इंदौर
- हास्यम पृष्ठ अनूठा है। इसमें फनी सवाल-जवाब, हास्य कविता, कार्टून कोना सभी में उच्च स्तरीय हास्य है। **-अमृता राजेन्द्र प्रसाद,** जगदलपुर

पाठक भी हमसे जुड़ सकते हैं | *अगर आप अच्छा कार्टून, मीम्स बनाते या फिर सटायर-कमेंट-या फिर हास्य कविता लिखते हैं तो हमसे जुड़ सकते हैं। अपना कंटेंट, हास्य कविता, कार्टून या मीम्स हमें नीचे दिए गए वॉट्सऐप नंबर और ईमेल पर भेजें। ध्यान रहे कि अपनी मौलिक रचना ही भेजें। किसी अन्य की रचना भेजने पर कानूनी कार्रवाई भी हो सकती है।* **इन्हें वॉट्सऐप नंबर 8955003879 या ईमेल पर गुरुवार तक भेज दें।**

सड़क हादसा

ट्यूशन से घर लौट रही छात्रा को ट्रक ने कुचला, मौत

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

दुर्ग. ट्यूशन से घर लौट रही साइकिल सवार छात्रा को ट्रक ने कुचल दिया। घटना शनिवार को सुबह करीब 8 बजे की है। कक्षा आठवीं की छात्रा ओजस्वी पारकर (13 वर्ष) अपने गांव चंगोरी से समीप के गांव अंजोरा में ट्यूशन पढ़ने गई थी। लौटते समय भूसे से लोड ट्रक ने उसकी साइकिल को पीछे से ठोकर मार दिया। वह साइकिल समते सड़क पर गिर गई। ट्रक का पिछला पहिया उसे कुचलता हुआ निकल गया।

छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। पुलगांव थाना टीआई पुष्पेन्द्र भट्ट ने बताया कि इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया था। करीब चार घंटे सड़क जाम रहा। एसडीएम समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उचित मुआवजा दिलवाने के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए।

सांप ने डसा तो युवक ने पकड़कर सिर चबा डाला, दोनों की मौत

प्रतापपुर @ पत्रिका. प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत भेड़िया में एक अजीबोगरीब घटना सामने आई जिसमें युवक व सांप दोनों की जान चली गई। दरअसल सांप द्वारा डसे जाने से आक्रोशित युवक उसका सिर चबा गया, इससे सांप की तो मौत हो गई, लेकिन तेजी से जहर फैलने के कारण युवक की भी मौत हो गई। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं जारी है।

लापरवाही : सरगुजा में नवानगर दरिमा उप स्वास्थ्य केंद्र का मामला, प्रसव का वीडियो हो रहा वायरल

डॉक्टर-नर्स गायब, फर्श पर असहनीय पीड़ा के बीच महिला का प्रसव

पत्रिका ब्यूरो @ अंबिकापुर. सरगुजा में डॉक्टरों व स्टाफ नर्सों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के स्वास्थ्य केंद्रों से अक्सर डॉक्टर व नर्स ड्यूटी से गायब रहते हैं। इस स्थिति में मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय से लगे नवानगर दरिमा उप स्वास्थ्य केन्द्र में शनिवार की सुबह डॉक्टर वीरेंद्र पटेल और स्टाफ नर्स कन्या पैंकरा ड्यूटी से गायब थे। मजबूरन मितानिन को एक गर्भवती महिला को अस्पताल के फर्श पर लिटाकर असुरक्षित प्रसव कराना पड़ा। प्रसव के दौरान समुचित इलाज नहीं मिलने के कारण महिला को काफी पीड़ा झेलनी पड़ी। इस लापरवाही को लेकर परिजन में आक्रोश है। वहीं स्वास्थ्य केंद्र परिसर में फर्श पर प्रसव कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सवाल है कि वीडियो में प्रसूता की निजता का भी ध्यान नहीं रखा गया।

परिजन गर्भवती को लेकर सुबह पहुंचे थे अस्पताल

ग्राम पंचायत नवानगर निवासी प्रियावती पैंकरा (25) नौ मह की गर्भवती थी। शनिवार की सुबह प्रसव पीड़ा होने पर परिजन मितानिन की मदद से उसका प्रसव कराने नवानगर उप स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे, लेकिन यहां डॉक्टर व नर्स इ्यूटी से गायब थे। इधर महिला प्रसव पीड़ा से तड़प रही थी। परिजन व मितानिन ने कई बार डॉक्टर व नर्स को फोन लगाया पर किसी ने नहीं उठाया। फिर मितानिन ने फर्श पर लिटाकर महिला का असुरक्षित प्रसव कराया। इस दौरान डॉक्टर व नर्स नहीं होने से स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल सकी। इससे महिला की स्थिति काफी गंभीर हो गई थी।

अक्सर नदारद रहते हैं डॉक्टर व नर्स

ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई पहली घटना नहीं है। मितानिन ने कहा कि अक्सर हमलोग यहां केस लेकर आते हैं तो नर्स डांटती हैं। अक्सर उप स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर व नर्स गायब रहते हैं।

वीडियो में निजता का नहीं रखा गया ख्याल

अस्पताल परिसर के अंदर फर्श पर महिला के प्रसव कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो बनाने वाले व्यक्ति द्वारा प्रसूता की निजता का ख्याल नहीं रखा गया है। सीएमएचओ आरएन गुप्ता ने कहा कि इस पर भी संज्ञान लेते हुए उच्चाधिकारियों की सलाह पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मामले की जानकारी मिली है। लापरवाही हुई है। सुबह जिस नर्स की ड्यूटी लगी थी, स्वास्थ्य केंद्र आने के दौरान दुर्घटना हो गई थी, इस कारण वह सवा घंटे लेट से पहुंची थी। स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के न रहने के मामले में बीएमओ को मामले की जांच के लिए बोला गया है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। **-डॉ. आरएन गुप्ता,** सीएमएचओ, सरगुजा

मौसम | हल्की बारिश के साथ समय से दो दिन पहले पहुंचा मानसून

सुकमा के रास्ते छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक

रायपुर समेत कई इलाकों में आज अंधड़ के साथ हो सकती है बारिश

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

रायपुर . सुकमा के रास्ते मानसून ने शनिवार को छत्तीसगढ़ में दस्तक दे दी है। इस बार मानसून तय समय से दो दिन पहले पहुंच गया है। सामान्यत: बस्तर में मानसून की एंट्री 10 जून तक होती रही है। रायपुर में मानसून पहुंचने में तीन से चार दिनों की देरी हो सकती है, क्योंकि मानसून आगे बढ़ने के लिए अनुकूल सिस्टम नहीं बना है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। अंधड़ चलने व वज्रपात होने की भी संभावना है। अभी मानसून बस्तर संभाग के निचले जिले सुकमा व बीजापुर में ही प्रवेश किया है। बाकी जिलों में मानसून नहीं पहुंचा है। इसलिए बारिश भी नहीं हो रही है। इसे मानसून की सुस्त दस्तक कहा जा सकता है। पिछले 24 घंटे में गुंडरदेही, महासमुंद, मगरलोड व लैलूंगा में ही एक-एक सेमी बारिश हुई है।

बस्तर में छाए हल्के बादल : बस्तर संभाग के जगदलपुर में भी बारिश नहीं हुई है। हालांकि वहां हल्के बादल छाए रहे। राजधानी में भी शनिवार की शाम हल्के काले बादल छाए थे और ठंडी हवा चल रही थी। मौसम विज्ञान केंद्र लालपुर के मौसम विज्ञानियों के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद 1 से दो डिग्री तक तापमान बढ़ सकता है। दिन में उमस ने लोगों को हलाकान किया। रायपुर जिले में तो प्री मानसूनी बारिश बारिश भी नहीं हो रही है। इसलिए उमस बढ़ गई है। रायपुर में अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री रहा। रविवार को गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

रायगढ़ के ग्रामीण इलाके में तेज आंधी के दौरान विशाल पेड़ गिर पड़ा।

15 सालों में मानसून और बारिश

वर्ष	तारीख	बारिश
2023	23 जून	1061.3
2022	18 जून	1071.5
2021	11 जून	1107.7
2020	12 जून	1101.0
2019	22 जून	1095.0
2018	26 जून	1005.0
2017	21 जून	842.9
2016	17 जून	1112.1
2015	14 जून	959.6
2014	19 जून	1129.9
2013	09 जून	1229.0
2012	18 जून	1230.7
2011	17 जून	1212.2
2010	17 जून	1060.6

वर्षा मिमी में

हादसा

पाटन के श्रद्धालुओं की यूपी के शिकोहाबाद में बस पलटी

3 की मौत, 25 घायल

पत्रिका ब्यूरो @ भिलाई. पाटन से मां वैष्णो देवी के दर्शन करने गए श्रद्धालुओं की बस वापसी में फिरोजाबाद के शिकोहाबाद में पलट गई। हादसे में 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई। मृतकों में धमधा निवासी आरती (19), धर्मेंद्र धीवर (6), अन्नपूर्णा कुंडली (12) शामिल हैं। वहीं 25 यात्री घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही सांसद विजय बघेल घायलों से मिलने व उनका हालचाल जानने फिरोजाबाद के लिए रवाना हुए। सूचना मिलते ही सांसद विजय बघेल ने पहले फिरोजाबाद के डीएम और एसपी से फोन पर संपर्क किया। घायलों को समय पर सही उपचार करने के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए कहा। गंभीर रूप से घायलों को बड़े अस्पताल में रेफर किया गया है। सांसद विजय बघेल ने मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि पाटन के शर्मा ट्रैवल्स की बस से जिले के लोग माता वैष्णो देवी दर्शन करने गए थे। लौटते समय यह हादसा हुआ। सांसद बघेल ने दुर्ग कलेक्टर को मृतकों के शव को उनके परिवार के पास पहुंचाने का इंतजाम करने के लिए कहा है। वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने तीनों श्रद्धालुओं की मौत पर शोक जताते हुए परिजनों के संवेदना व्यक्त किया है। साथ ही घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

अबूझमाड़ मुठभेड़ : बस्तर आईजी ने दी जानकारी

मारी गई दो महिला समेत 6 नक्सलियों पर था 38 लाख का इनाम

सभी नक्सलियों के शव बरामद

नक्सलियों के शव बरामद।

पत्रिका ब्यूरो @ जगदलपुर. अबूझमाड़ के मुंगेड़ी और गोबेल में हुए मुठभेड़ में सात नहीं छह नक्सली मारे गए हैं। शनिवार को जगदलपुर में बस्तर आईजी पी सुंदरराज समेत दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर और कोण्डगांव के एसपी ने संयुक्त रूप से प्रेस कान्फ्रेंस कर मुठभेड़ के संबंध में जानकारी दी। बस्तर आईजी के मुताबिक मुठभेड़ में मारे गए 6 नक्सलियों पर कुल 38 लाख रुपए का इनाम था। आईजी सुंदरराज ने बताया कि दंतेवाड़ा, नारायणपुर, जगदलपुर और कोंडागांव जिले के डीआरजी और आईटीबीपी के जवान 6 जून को ऑपरेशन के लिए निकले थे। पूर्व बस्तर डिविजन के नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर ऑपरेशन लांच किया गया था। इस मुठभेड़ में एएसआई कचरू राम कोर्राम, आरक्षक मंगलू राम कुमेटी और आरक्षक भारत सिंह धरल घायल हुए हैं।

मुठभेड़ के बाद बरामद हथियार

मुठभेड़ के बाद जवानों ने सर्चिंग की तो उन्हें चार पुरुष और दो महिला नक्सलियों के शव के साथ 2 थ्री नॉट थ्री राइफल, 1 315 बोर रायफल, 1 बीजीएल लांचर, 3 12 बोर रायफल, 10 बीजीएल सेल, 12 बोर का पोच, जिंदा कुकर बम बरामद हुआ है।

शादी से लौट रहे युवक को नक्सलियों ने गोली मारी, मौत

कोण्डागांव/केशकाल. केशकाल ब्लॉक के धनौरा थाना क्षेत्र के ग्राम तिमड़ी में शुक्रवार रात 12.30 बजे शादी समारोह से लौट रहे एक युवक को नक्सलियों ने मुखबिरी के शक में मार डाला। नक्सलियों ने युवक दिनेश मंडावी (35) को उसके घर के सामने ही घेर कर गोली मारी। युवक को उपचार के लिए तत्काल केशकाल अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। केशकाल इलाके में लंबे वक्त के बाद इस तरह की नक्सल गतिविधि हुई है।

यात्रीगण ध्यान दें : कटनी लाइन पर 12 से 20 जून के बीच तीसरी लाइन का काम चलेगा

चुनाव के बाद पहला बड़ा ब्लॉक, गरीबरथ व गोंदिया समेत 24 एक्सप्रेस ट्रेनें कैंसिल

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

रायपुर. रेलवे चुनाव खत्म अब कटनी लाइन पर 12 से 20 जून तक रेलवे बड़ा ब्लॉक लेने जा रहा है क्योंकि अभी तीसरी और चौथी रेलवे लाइन तैयार करने का काम बाकी है। 8 दिनों के इस ब्लॉक से गोंदिया तक के यात्री परेशानी में घिर गए हैं। इस दौरान दुर्ग से चलने वाली अजमेर एक्सप्रेस, रायपुर से लखनऊ गरीब रथ समेत 24 ट्रेनें कैंसिल होंगी। जबकि गोंदिया से चलने वाली बरौनी एक्सप्रेस दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर होकर नहीं चलेगी। इस ब्लॉक के अलावा सिकंदराबाद रेलवे में 17 जून से लगने वाले ब्लॉक से 16 एक्सप्रेस ट्रेनें अलग-अलग तारीखों में रद्द करने की सूची जारी की गई है।

12 जून से परिवर्तित मार्ग से चलेगी गोंदिया-बरौनी ट्रेन

- 12 जून से 20 जून तक बरौनी से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 15231 बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया कटनी, जबलपुर, नैनपुर के रास्ते चलेगी।
- 13 जून से 21 जून तक गोंदिया से रवाना होने वाली ट्रेन नंबर 15232 गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग वाया नैनपुर, जबलर्पु, कटनी के रास्ते गोंदिया पहुंचेगी। यह ट्रेन दुर्ग, रायपुर, भाटापारा होकर नहीं चलेगी।

इतनी ट्रेनें लगातार रद्द

- 13 जून से 20 जून तक ट्रेन नंबर 08269 चिरमिरी-चंदिया रोड पैसेंजर स्पेशल रद्द ।
- 13 से 20 जून तक चंदिया रोड से ट्रेन नंबर 08270 चंदिया रोड-चिरमिरी पैसेंजर रद्द।
- 12 जून से 19 जून तक कटनी से ट्रेन नंबर 06617 कटनी-चिरमिरी पैसेंजर रद्द।
- 13 जून से 20 जून तक चिरमिरी से ट्रेन नंबर 06618 चिरमिरी-कटनी पैसेंजर रद्द ।
- 12 जून से 19 जून तक बिलासपुर से ट्रेन नंबर 18247 बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस रद्द।
- 12 जून से 19 जून तक रींवा से 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 13 जून से 20 जून तक बिलासपुर से 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 12 जून से 19 जून तक इंदौर से 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 12 जून से 19 जून तक बिलासपुर से 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 13 जून से 20 जून तक भोपाल से 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 12 जून से 20 जून तक जबलपुर से 11265 जबलपुर-अम्बिकापुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 13 जून से 21 जून तक अम्बिकापुर से 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 12 जून से 20 जून तक नागपुर से 11201 नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 13 जून से 21 जून 2024 तक शहडोल से 11202 शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

भिलाई में कारोबारी के घर डकैती : दरवाजा तोड़कर घर में घुसे आरोपी

पांच नकाबपोश पति-पत्नी को बांधकर 35 तोला सोना व 25 हजार नकदी ले भागे

भिलाई के रसमड़ा स्थित कारोबारी का मकान, जहां डकैती पड़ी।

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

भिलाई. रसमड़ा के पास हाइवे किनारे स्थित बिजनेसमैन दिलीप मिश्रा के घर में बीती रात पांच नकाबपोश डकैतों ने धावा बोला। सब्बल से घर का दरवाजा तोड़कर भीतर घुसे और दिलीप मिश्रा और उनकी पत्नी का हाथ पैर बांध दिया। जरा भी आवाज करने पर जान से मारने की धमकी दी। डकैत आलमारी को तोड़कर 35 तोला सोना 25 हजार रुपए नकद लेकर भाग गए।

सूचना पर दुर्ग पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले मे जांच शुरू की। पुलगांव टीआई पुष्पेन्द्र भट्ट ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात 2.30 बजे की है। रसमड़ा में दिलीप टिम्बर के संचालक दिलीप मिश्रा का फर्नीचर शो रूम भी है। दुकान से लगा घर नेशनल हाइवे के किनारे है। डीएसपी हेमप्रकाश नायक ने बताया कि दिलीप मिश्रा ने लकड़ी की देखरेख के लिए सीसीटीवी कैमरा लगवाया है। पांच नकाबपोश कैमरे में कैद हुए हैं। आरोपियों की फुटेज के आधार पर खोजबीन की जा रही हैं।

हाईकोर्ट का फैसला : न्यायाधिकरण को मुआवजे का फैसला करने का अधिकार

जिन कंस्ट्रक्शन प्रोजेक्ट को एक्ट से पूर्व पूर्णता प्रमाण-पत्र नहीं, वो भी रेरा के दायरे में

कंस्ट्रक्शन कंपनी की याचिकाएं खारिज

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

बिलासपुर. हाईकोर्ट ने एक प्रकरण में महत्वपूर्ण आदेश दिया है कि रेरा के प्रावधान ऐसे प्रोजेक्ट पर भी लागू होंगे, जो एक्ट लागू होने से पहले शुरू हुए हैं, और जिनमें पूर्णता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है। कोर्ट ने गोल्ड ब्रिक्स और तनु कंस्ट्रक्शन नाम की बिल्डर कंपनियों की याचिका खारिज करते हुए यह फैसला दिया है।

डिवीजन बेंच ने यह भी कहा कि रियल एस्टेट विनियमन और विकास अधिनियम 2016 (रेरा) की धारा 71 (1) के तहत न्यायनिर्णायक प्राधिकारी अकेले मुआवजे का फैसला कर सकता है। जस्टिस गौतम भादुड़ी और जस्टिस संजय एस अग्रवाल की बेंच ने कहा कि फ्लैट- मकान बुक कराने के बाद कई किस्त देने वाले लोग प्रोजेक्ट के पूरा होने का इंतजार करते हुए मूकदर्शक बनकर नहीं रह सकते।

कंपनी के तर्कों से असहमति जताई हाईकोर्ट ने : कंपनियों ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर कर तर्क दिया कि रेरा के प्राधिकारी ने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन करते हुए आदेश जारी किया है। पूरा भुगतान किए बगैर रेरा में मामला नहीं प्रस्तुत किया जा सकता, कंपनी ने रेरा के आदेश को निरस्त करने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा है कि फ्लैट या जमीन पर मकान बनने का रास्ता देख रहे लोगों से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे प्रोजेक्ट के नाकाम होने तक निष्क्रिय रहेंगे। प्रमोटर कंपनी ने अपना काम पूरा करने के बजाय यह तर्क दिया कि रेरा के पास अधिकार क्षेत्र ही नहीं है। कोर्ट ने कहा है कि रेरा के प्रावधान ऐसे प्रोजेक्ट पर भी लागू होंगे जो एक्ट लागू होने से पहले शुरू किए गए थे और जिसमें पूर्णता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया है।

यह है मामला

रायपुर समेत अन्य जगहों पर रहने वाले अतीत अग्रवाल, नंदकिशोर पटेल, चंद्रकिरण ओगर, आरटी वानखेड़े, मनोज लहरे, संजीव, सुविरा दास, प्रियंका सिंह, मनीषा सिंह आदि ने रायपुर में कंस्ट्रक्शन कंपनियों में फ्लैट बुक कराया था। कुछ लोगों ने प्लॉट लिए, जहां कंपनी को मकान बनाकर देना था। कुछ ने एग्रीमेंट के बाद कई किस्त का और कुछ ने पूरा भुगतान भी कर दिया है। लेकिन कंपनी ने काम ही शुरू नहीं किया। साथ ही आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं कराई। जो लोग मकान बनवाना चाहते थे, उनसे विकास शुल्क की मांग की। इसके बाद प्रभावित लोगों ने रेरा के तहत कार्रवाई के लिए प्राधिकरण में आवेदन दिया। न्यायाधिकरण ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद कंपनी को लोगों से ली गई रकम को ब्याज के साथ दो माह के भीतर लौटाने के आदेश दिए थे।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने सुनाया फैसला

पैसा लेने के बाद भी मकान न सौंपने वाले बिल्डर को देना होगा ब्याज सहित 8.52 लाख

रायपुर. दो मजदूरों के भरोसे 2 मंजिला मकान बनाने वाले बिल्डर को जिला फोरम ने ब्याज सहित 8.52 लाख रुपए लौटाने का आदेश दिया है। यह राशि 45 दिन के भीतर देने का फैसला जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष ने सुनाया है। साथ ही बिल्डर के इस कृत्य को सेवा में निम्नता माना है।

आयोग अध्यक्ष डाकेश्वर प्रसाद शर्मा ने रकम का भुगतान करने के बाद भी काम बंद करने और अतिरिक्त रकम का तकादा करने पर नाराजगी जताई। इसके दस्तावेजों की जांच करने के बाद समझौते का पालन करने और दूसरे ठेकेदार से काम कराने पर सवाल उठाया। अधिवक्ता रूचिर झंवर ने बताया कि उरकुरा बीरगांव निवासी महिला आंचल दुबे ने चौधरी डेवलपर्स की संचालक प्रीति चौधरी के जरिए कुम्हारी स्थित एक बिल्डर से 1500 वर्गफीट जमीन खरीदा। इसका नक्शा 24 जून 2022 को होने के बाद 2942 वर्गफीट में मकान बनाने के लिए चौधरी डेवलपर्स के साथ इकरारनामा किया। इसमें भूतल, प्रथम तल के साथ ही द्वतीय दल का निर्माण 8 महीने में किया जाना था। इसके एवज में कुल 19 लाख 37250 रुपए किस्तों में रकम ली गई थी। इसमें मजदूर और भवन निर्माण की सामग्री शामिल थी। लेकिन, रकम का भुगतान होने के बाद भी निर्धारित अवधि में मकान नहीं बनाया। उल्टे अतिरिक्त राशि देने की मांग की गई। जबकि नियमानुसार भुगतान की गई रकम में मकान का निर्माण किया जाना था। अतिरिक्त राशि नहीं देने पर काम बंद करने की सूचना दी गई।

दो मजदूरों के भरोसे निर्माण : इकरारनामा के अनुसार रकम का भुगतान करने के बाद कुछ दिनों तक चौधरी डेवलपर्स द्वारा प्लाट में निर्माण कार्य शुरू किया गया। लेकिन कुछ दिनों बाद केवल 2-3 मजदूरों के जरिए 2 मंजिला मकान का काम कराया जा रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर जमीन खरीददार में आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही कहा कि इस तरह काम करने पर सालों बाद भी निर्माण पूरा नहीं हो पाएगा। वहीं निर्माण कार्य का अधिकृत इंजीनियर से जांच कराने पर पता चला कि निम्नस्तरीय काम किया जा रहा है। वहीं किसी दूसरे ठेकेदार से काम कराया जा रहा है। उसे निर्माण सामग्री और रकम का भुगतान नहीं करने पर काम बंद कर दिया था। भवन में 19 लाख 37250 रुपए के स्थान पर केवल 11 लाख 47690 रुपए का काम ही किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर बकाया रकम देने की मांग खरीदार द्वारा की गई। कोई रिस्पांस नहीं मिलने पर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग में शिकायत की। साथ ही दस्तावेज साक्ष्य, रजिस्ट्री पेपर, इकरारनाका, भवन का फोटोग्राफ और बैंक स्टेटमेंट का ब्यौरा दिया गया।

विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवसः लक्षण तथा प्रचलित व रोबोटिक उपकरण से इलाज की दी जानकारी

रायबरेली: दिमागी ट्यूमर को लेकर किया जागरूक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रायबरेली. जनपद के मुंशीगंज स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में डॉक्टरों ने विश्व मष्तिष्क ट्यूमर दिवस के अवसर पर शनिवार को इस दिमागी ट्यूमर की बीमारी के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए उसके लक्षण तथा प्रचलित व रोबेटिक उपकरण से इलाज के बारे में बताया।

एम्स के प्रवक्ता डॉ सुयश सिंह ने बताया कि 8 जून को विश्व मस्तिष्क ट्यूमर दिवस को न्यूरोसर्जरी विभाग एम्स रायबरेली द्वारा जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया।

इस मौके पर डायरेक्टर प्रोफेसर अरविंद राजवंशी, डीन प्रोफेसर नीरज कुमारी एवं विभागाध्यक्ष डॉक्टर सुयश सिंह मौजूद रहे। डॉक्टर सुयश सिंह ने मस्तिष्क में गांठ की शुरुआती लक्षणों एवं इलाज के बारे में जानकारी दी।

दुष्प्रभाव के बारे में बताया

उन्होंने विभाग में चल रहे अति आधुनिक रोबोटिक उपकरण से मस्तिष्क में गांठ के इलाज के बारे में भी बताया। डॉ ब्रजेश ने मस्तिष्क में होने वाले विभिन्न प्रकार के गांठ एवं उनसे होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया। डीन प्रोफेसर नीरज कुमारी ने मस्तिष्क में होने वाली गांठ के नवीनतम दिशा निर्देश एवं मॉलेक्युलर पैथोलॉजी के बारे में व्याख्यान दिया।

मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही

डायरेक्टर प्रोफेसर अरविंद राजवंशी ने बताया कि विगत वर्षों में मस्तिष्क की गांठ के इलाज में बहुत बदलाव आए हैं एवं मरीजों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। इस आयोजन में न्यूरो सर्जरी विभाग के नर्सिंग ऑफिसर हितेश, विष्णु, विवेक, अशोक, काजल, श्वेता, आकांक्षा के अलावा अन्य लोगों ने भी हिस्सा लिया।

बस्सी थाना इलाके में गोठड़ा कट के पास हुआ हादसा

ट्रेलर की टक्कर से कार सवार 2 जनों की मौत, 3 घायल

दुर्घटना के बाद चालक ट्रेलर छोड़ कर फरार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बस्सी. थाना इलाके में गोठड़ा कट के पास शनिवार तड़के ट्रेलर की टक्कर से कार सवार दो जने की मौत हो गई और तीन घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर 3, राजेंद्र नगर, साहिबाबाद, गाजियाबाद यूपी निवासी प्रमोद कुमार जैन परिवार सहित कार में सवार होकर शुक्रवार रात घर से जयपुर के लिए रवाना हुआ था। शनिवार तड़के जब वह थाना इलाके में गोठड़ा कट के पास पहुंचा। तभी पीछे से आ रहे एक ट्रेलर ने कार के टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही कार में सवार बीना जैन, गीतांजलि जैन, राहुल जैन व मिस्टी जैन गंभीर घायल हो गए। स्थानीय निवासियों ने घायलों को सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर में भर्ती करा दिया। पुलिस ने बताया कि गंभीर घायल बीना पत्नी प्रमोद कुमार जैन की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

मंत्रिमंडल की विशेष बैठक का आयोजन

जनता के बीच जाएं मंत्री

वीआईपी कल्चर से करें परहेज : योगी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

लखनऊ. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंत्रियों को 'संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता' का मंत्र देकर एक बार फिर से जनता के बीच भ्रमण के निर्देश दिए हैं। शनिवार को मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में उन्होंने कहा कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है। ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। मंत्री फील्ड में जाएं, संवेदनशीलता के साथ जनता से संवाद करें और स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा शासन-प्रशासन के साथ समन्वय बनाते हुए समस्याओं का समाधान कराएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 10 वर्षों में जिस तरह उत्तर प्रदेश में विकास को रफ्तार मिली है, आने वाले पांच वर्षों में हम अनेक नए कीर्तिमान रचने में सफल होंगे। उन्होंने कहा कि सभी मंत्री केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाएं। डबल इंजन सरकार की नीतियों, निर्णयों और उनके सकारात्मक परिणाम से जनता को अवगत कराएं। मंत्री हों या अन्य जनप्रतिनिधि, सभी को वीआईपी कल्चर से परहेज करना होगा। हमारी कोई भी गतिविधि ऐसी न हो, जो वीआईपी संस्कृति को प्रदर्शित करती हो, इसके लिए सभी को सतर्क और सावधान रहना होगा।

उन्होंने कहा कि पीएम के मार्गदर्शन में विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा हमें हर संभव सहायता मिल रही है। केंद्र से सामंजस्य स्थापित कर अवशेष धनराशि प्राप्त करें।

हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय

विभागीय कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एक ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रही हैं। इसमें हर विभाग की जिम्मेदारी पहले से तय है। यह मंत्रियों की जिम्मेदारी है कि वह लक्ष्य के अनुरूप प्रगति की समीक्षा करें, जहां गड़बड़ी हो तत्काल सुधार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही समाप्त होने वाली है। सभी विभागों द्वारा वर्तमान बजट में प्राविधानित धनराशि का यथोचित खर्च किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आवंटन और व्यय में तेजी की अपेक्षा है। विभाग स्तर भी पर खर्च की समीक्षा भी जाए। संबंधित मंत्री अपने विभागीय स्थिति की समीक्षा करें।

अग्नि सुरक्षा जागरूकता रैली

पटना में शनिवार को अग्निशमन विभाग के कर्मी आम लोगों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूक करने के लिए अग्निशमन वाहनों के साथ रैली निकालते हुए।

रामविलास पासवान के संघर्ष की कहानियों से प्रभावित होकर राजनीति में रखा कदम

बैंकर की नौकरी से राजनीति के शिखर पर पहुंचे अरुण कुमार भारती

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पटना. दिवंगत राजनेता रामविलास पासवान के संघर्ष की कहानियों से प्रभावित होकर राजनीति में कदम रखने वाले अरुण भारती ने बैंकर से व्यवसायी और अब सांसद, हर क्षेत्र में कामयाबी का परचम लहराया है।

अरुण भारती को राजनीति विरासत में मिली थी। उनकी मां डॉक्टर ज्योति कांग्रेस की दिग्गज नेत्री हैं। वह भोजपुर जिले की सहार सीट से दो बार विधायक और विधान पार्षद भी रह चुकी हैं।अरुण भारती के पिता राम यश राम बोकारो स्टील सिटी में कमर्शियल ऑब्जर्वर के पद पर काम कर चुके थे। अरुण दिवंगत नेता रामविलास पासवान की बेटी निशा पासवान के पति और चिराग पासवान के बहनोई हैं।

अरुण रामविलास पासवान की संघर्ष की कहानियां से अरुण भारती बेहद प्रभावित हुए और वर्ष 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान उन्होंने शेखपुरा जिले में चिराग पासवान के लिए चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी निभाई। यह पहला मौका था जब वह चुनावी राजनीति के संबंध में प्रत्यक्ष रूप से अपनी भागीदारी निभाई थी।

एमबीबीएस की टॉपर राजनीति में भी टॉपर

पटना @ पत्रिका. राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी की बड़ी पुत्री राज्यसभा सांसद मीसा भारती ने पाटलीपुत्र संसदीय सीट से जीत दर्ज कर न सिर्फ अपने पिता के सपनों को पूरा किया, जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था, वहीं इस जीत के साथ ही वह अब एमबीबीएस के बाद राजनीति की परीक्षा में भी टॉपर बन गई हैं। वर्ष 2013 में चारा घोटाले मामले में सजा सुनाए जाने के बाद 2014 से लालू के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लग गया। ऐसे में खानदान की विरासत लालू प्रसाद यादव के दोनों बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव की ओर खिसकाने की पहल हो चुकी थी। ऐसे कठिन समय में मीसा ने अपने पिता के उत्तराधिकारी में स्वयं को पेश किया।

सपा नेता डी पी यादव ने की आत्महत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मुरादाबाद. जनपद में लोकसभा चुनाव के दौरान पद से हटाए गए समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह बुद्धि विहार स्थित अपने आवास पर आत्महत्या कर ली। घटना से उनके परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

जानकारी मिलने पर भाजपा नेता व विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त सपा जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, जिला सचिव समेत अन्य कई कार्यकर्ताओं के अलावा आसपास के लोग आवास पर पहुंचे। घटना की सूचना बसपा के पूर्व सांसद वीर सिंह ने दी। सूचना पर थाना मझौला पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, मौके पर कोई सुसाइड नोट नहीं मिला और आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है।

आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर हुई दुर्घटना

तीर्थ यात्रियों से भरी बस पलटी, 3 की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

फिरोजाबाद/रायपुर. नसीरपुर थाना क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तीर्थ यात्रियों से भरी बस पलटने से उसमे सवार तीन यात्रियों की मृत्यु हो गई, जबकि 27 अन्य घायल हो गए।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रणविजय सिंह ने बताया कि आगरा लखनऊ एक्सप्रेस पर माइलस्टोन 51 के निकट एक बस शनिवार भोर असंतुलित होकर एक गड्डे में पलट गई। बस में करीब 65 यात्री सवार थे, जिनमें 30 यात्रियों को गंभीर चोटें आई है। सूचना मिलते ही यूपीडा के कर्मचारी और थाना पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरु किया।

थाना प्रभारी शेर सिंह ने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल एक महिला के अलावा सात साल के बालक और 15 वर्षीय बालिका ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी है। सभी हताहत छत्तीसगढ़ में दुर्ग जिले के निवासी हैं, जो वैष्णो देवी के दर्शन करने के बाद शुक्रवार रात प्रयागराज के लिए रवाना हुए थे। हादसे का कारण बस चालक को झपकी आना बताया जा रहा है।

यह हुए घायल

घायलों में भूषण कुमार साहू, नूतन साहू, भाग्य लक्ष्मी, नेमा, कांति यादव, पुष्पेंद्र, गीता ठाकुर, परशराम, आरती साहू, कारती ठाकुर, पुलेस्वर प्रसाद साहू, प्रतिभा, तामेस्वरी, विमला बाई, पूर्णिमा, चेतन लाल मटियारा, लक्ष्मी मटियारा, लक्ष्मी साहू, कामती, जिवराखन पटेल, ललिता, पिंगला, रूपा साहू, धिरोपति शामिल हैं।

ट्रेलर की चपेट में आने से पिकअप सवार दो लोगों की मौत

जौनपुर @ पत्रिका. जिले के बक्शा क्षेत्र में शनिवार भोर एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से पिकअप सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शम्भूगंज आदर्श इंटर कॉलेज के समीप वैसपार गांव के पास हुए हादसे में दोनों पिकप के परखच्चे उड़ गए। पुलिस के अनुसार जौनपुर से सुल्तानपुर के लिए चाउमीन लेकर जा रही पिकअप क्षेत्र के आदर्श इंटर कॉलेज के पास अचानक खराब हो गई। इस बीच लगभग चार बजे एक दूसरे पिकअप पर चाऊमीन की लदाई की जा रही थी। उसी समय जौनपुर से तेज रफ्तार में सुल्तानपुर की तरफ जा रहे ट्रेलर ने दोनों पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बक्शा थाना क्षेत्र के शिवगुलामगंज उमरपुर निवासी सचिन गुप्ता (25) और गौतम घोष (35) की मौके पर मौत हो गई, जबकि चालक सोनू घायल हो गया।

फर्रुखाबाद में पिता-पुत्र के शव बरामद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

फर्रुखाबाद. शमशाबाद थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह पुलिस ने पिता-पुत्र के शव बरामद किए है।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शनिवार को घटना स्थल का जायजा लेने के बाद प्रथम दृष्टया बताया कि थाना क्षेत्र के ग्राम सरैहय्या निवासी रामनिवास (50) का अपने शराबी बेटे कुलदीप उर्फ बंटी (21) से आए दिन शराब पीने को लेकर विवाद हुआ करता था। पिछले दिनों कुलदीप ने अपने पिता रामनिवास से पैसे मांगे और पैसे ना मिलने पर अपने ट्रैक्टर में आग लगा दी।

शुक्रवार-शनिवार की रात में किसी विवाद के दौरान प्रथम दृष्टया पिता रामनिवास ने छत के ऊपर कुलदीप की नुकीले धारदार हथियार एवं गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद पुत्र की हत्या के सदमे में गांव के समीपवर्ती खेत में शौच के लिए गए रामनिवास की भी सदमे में मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि घटना के सभी बिंदुओं पर जांच पड़ताल होगी।

लू की चपेट में आए वकील की मौत

छपरा @ पत्रिका. सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र में लू लगने से एक वकील की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नंदनपुर गवन्द्री गांव निवासी वकील अशोक कुमार सिंह (59) व्यवहार न्यायालय से काम समाप्त कर मोटरसाइकिल से वापस घर आ रहें थे। इसी दौरान वह बीच रास्ते में गिर गए। उनके साथ चल रहे अन्य वकीलों ने अशोक कुमार सिंह को उठा कर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

सारण : युवक की चाकू मारकर हत्या

छपरा @ पत्रिका. सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र में डे-नाइट क्रिकेट मैच देखने गए एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई।

मुबारकपुर गांव निवासी स्व. बचन राम का पुत्र चंदन राय (22) पिरौना गांव में शुक्रवार को चल रहे डे-नाइट क्रिकेट मैच को देखने गया था। जासोसती पोखरा के समीप शनिवार की सुबह उसका शव बरामद किया गया है। चंदन की चाकू मारकर हत्या की गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

दहेज की मांग को लेकर युवती की हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

छपरा. सारण जिले के दिघवारा थाना क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक युवती की जहर खिलाकर हत्या कर दी गई। रामदसचक गांव निवासी विश्व मोहन सिंह की पत्नी निधि सिंह (26) के भाई ने पुलिस को सूचना दी है कि उनकी बहन की हत्या उसके ससुराल वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर जहर खिला कर दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस मृतका के मायके वालों से प्राप्त आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

चोरों ने महिला की गोली मारकर हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

छपरा. सारण जिले के पहलेजा घाट थाना क्षेत्र में भैंस चोरी का विरोध करने पर अपराधियों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि छितरचक गांव निवासी आमोद राय के घर पर शुक्रवार की देर रात अपराधियों द्वारा भैंस चोरी की घटना को अंजाम देते हुए उसकी पत्नी सुनैना देवी (45) ने देखा और विरोध करना शुरू कर दिया। अपराधियों ने सुनैना देवी की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

सुपौल : 40 पुड़िया स्मैक के साथ 11 अपराधी गिरफ्तार

सुपौल @ पत्रिका. जिले के सुपौल थाना क्षेत्र से पुलिस ने 40 पुड़िया स्मैक के साथ 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शैशव यादव ने बताया कि सूचना के आधार पर शुक्रवार की रात चैतीदुर्गा मंदिर के समीप छापेमारी की गई। इस दौरान 40 पुड़िया में रखी 12.07 ग्राम स्मैक के साथ 11 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान मोहम्मद जियाउल, अंशु कुमार, आनंद यादव, अमन कुमार, विकास कुमार, राजा कुमार, मोहम्मद इरशाद, किशोर कुमार शर्मा, राकेश कुमार, नीतीश कुमार और सुमन कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार अपराधियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

9 को मंडलों में उत्सव मनाएगी भाजपा

रांची @ पत्रिका. भाजपा नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारी अंतिम चरण में है। पूरे देश से नव निर्वाचित सांसद दिल्ली पहुंच रहे हैं। साथ ही सभी प्रदेशों से पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, जिलों के अध्यक्ष, प्रभारी, लोकसभा, विधानसभा क्षेत्र के संयोजक, प्रभारी सहित हजारों कार्यकर्ता शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बनेंगे। इधर, प्रदेश भाजपा ने झारखंड के सभी सांगठनिक मंडलों में शपथ ग्रहण के अवसर पर उत्सव मनाने का निर्णय लिया है।

सीएम चम्पई सोरेन से नवनिर्वाचित सांसद जोबा मांझी ने की मुलाकात

रांची. सीएम चम्पई सोरेन से सिंहभूम सीट से नवनिर्वाचित सांसद जोबा मांझी ने मुलाकात की। इस अवसर पर सिंहभूम लोकसभा सीट से मिली शानदार जीत पर मांझी को बधाई दी। इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री दीपक बिरुवा एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य मौजूद रहे।

ठेकेदार ने निजी कंपनी के इंजीनियर को मारी गोली

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

शाहजहांपुर. जिले के मदनापुर क्षेत्र में पैसों के लेनदेन को लेकर जल निगम के दबंग ठेकेदार ने निजी कंपनी के जूनियर इंजीनियर को गोली मार दी। पुलिस ने गंभीर हालत में घायल जेई को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बताया कि फाजिलपुर गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत एनसीसी कंपनी का जूनियर इंजीनियर दीपक वर्मा (24) अपने साथी उर्वेश कुमार के साथ शुक्रवार देर शाम गांव में पाइप लाइन बिछाने के काम की जांच करने गए थे। इसी बीच ठेकेदार अजय और जेई दीपक के बीच में बिल और पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया।

इस दौरान ठेकेदार अजय कुमार ने गोट से तमंचा निकालकर जेई को गोली मार दी। गोली हाथ में लगते हुए पेट में लगी। गोली मारने के बाद ठेकेदार मौके से फरार हो गया। घायल जेई को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने फरार ठेकेदार की गिरफ्तारी के लिए तलाश शुरू कर दी है।

फर्रुखाबादः जल निगम टंकी के चौकीदार की हत्या

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

फर्रुखाबाद. मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में पानी की टंकी पर तैनात जल निगम चौकीदार की हत्या कर दी गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पट्टी खुर्द में जल निगम पानी की टंकी पर तैनात चौकीदार वेदराम (61) पिछले करीब 30 वर्षो से यही रह रहा था, जो अविवाहित था और जनपद हरदोई का स्थाई निवासी था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार और शनिवार की रात में किन्हीं अज्ञात हत्यारों ने, टंकी परिसर में ही चौकीदार के सिर पर चोट मारकर हत्या कर दी। शनिवार सुबह मौके पर पहुंची पुलिस एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने घटना का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि चौकीदार वेद राम हत्याकांड में कई बिंदुओं पर जांच होगी और हत्या काण्ड का जल्द से जल्द अनावरण होगा और हत्यारे जेल भेजे जाएंगे। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भेज दिया।

छज्जा गिरने से दो की मौत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कौशांबी. संदीपनघाट थाना क्षेत्र में बारजा गिर जाने से हुई दुर्घटना में मलबे में दबकर एक किशोरी सहित दो महिलाओं की मृत्यु हो गई।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना मोहिद्दीनपुर गौस गांव में शनिवार देर रात हुई। गांव की सुमित्रा (36) और उसकी बहन की बेटी विमला (14) व परिवार का अनूप (10) शुक्रवार की रात में घर के छज्जे के नीचे सो रहे थे। अचानक छज्जा टूट कर गिर गया, जिसके नीचे दब कर तीनों लोग घायल हो गए।

परिजनों ने तीनों को निजी अस्पताल नवजीवन ककोढ़ा में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सुमित्रा और विमला की मृत्यु हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ली परेड की सलामी

ओटीए के प्रांगण में 25वीं पासिंग आउट परेड, 118 जेंटलमैन कैडेट्स हुए पास आउट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

गया. जिले के बोधगया मुख्य सड़क मार्ग पर पहाड़पुर गांव के समीप स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) के प्रांगण में 25वीं पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया।

परेड कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी शामिल हुए, जहां उन्होंने परेड की सलामी ली। इस दौरान 118 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए। कार्यक्रम में जेंटलमैन कैडेट्स के अभिभावकों के अलावा कई सैन्य अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान पिपिंग सेरेमनी का भी आयोजन किया गया, जहां जवानों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी।

आप पर देश को नाज है

इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सेना उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि आज बड़ा ही गौरव का दिन है। उन्होंने कहा, 118 जेंटलमैन कैडेट्स अंतिम पग रखकर सैन्य अधिकारी बने हैं। अब ये देश के विभिन्न सैन्य संस्थानों में जाकर अपनी सेवा देंगे। उन्होंने जेंटलमैन कैडेट्स को उनके उज्जवल भविष्य की बधाई देते हुए कहा कि आप पर देश को नाज है। आप लोग सैन्य संस्थाओं को ऊंचाइयों तक ले जाइएगा, ऐसी हमारी कामना है। आपका जीवन अनुशासित होना चाहिए। देश के लिए आप हमेशा तैयार रहेंगे, ऐसी हमें उम्मीद है। देश की गरिमा और एकता बनाए रखने में आपकी भूमिका सराहनीय होनी चाहिए।

एनबीएआइएम आईसीएआर के 32वें स्थापना दिवस पर जुटेंगे देश के प्रमुख कृषि वैज्ञानिक

कृषि में सूक्ष्म जीव अनुसंधान के क्षेत्र में विमर्श करेंगे वैज्ञानिक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मऊ. राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो (एनबीएआइएम) में 'कृषि में सूक्ष्मजीव अनुसंधान के क्षितिज का विस्तार' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जहां 10 और 11 जून को देशभर के प्रमुख कृषि वैज्ञानिक व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि जुटेंगे।

इस संबंध में वीरों के निदेशक डॉ आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मऊ जनपद स्थित एनबीएआइएम आईसीएआर के 32वें स्थापना दिवस समारोह पर पहली बार इस तरह के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लगातार रसायनों के प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता ही खराब नहीं हो रही, बल्कि उपज भी प्रभावित हो रही है। इसके तमाम कारण खेतों का शहरीकरण होना, रासायनीकरण होना इत्यादि हैं। सूक्ष्मजीव सदैव से कृषि कार्य में सहायक रहा है, ऐसे में उक्त विषयों को लेकर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप महानिदेशक फसल विज्ञान डॉ टीआर शर्मा, विशिष्ट अतिथि उपमहानिदेशक प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन डॉ एस के चौधरी व डॉ पीके चक्रवर्ती सहित कृषि वैज्ञानिक चर्चा करेंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की 11 संस्थानों व सूक्ष्मजीव आधारित तकनीकी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। जहां उपलब्धियों व उत्पादों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्मजीव ब्यूरो के निदेशक डॉक्टर आलोक कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को बताया कि संस्था के वैज्ञानिकों द्वारा एक ऐसे गेहूं के बीज का अनुसंधान किया गया है, जिसमें तीन बार पानी देने की जगह दो बार ही पानी दिया जाएगा। जिससे एक बार कम पानी देकर भी भरपूर गेहूं का उत्पादन किया जा सकेगा। विशेष बात यह कि पिछले दो वर्षों से इस अनुसंधान को पूर्ण करने में लगे वैज्ञानिकों द्वारा स्थानीय स्तर पर 141 एकड़ खेतों में स्थानीय किसानों द्वारा अपनी देखरेख में गेहूं की खेती की जा रही है। फिलहाल 2 वर्षों तक दो बार पानी देकर भी पूर्व की तरह भरपूर गेहूं का उत्पादन किया गया है। इस क्रम को आगे भी जारी रखते हुए विभिन्न अनुसंधान केंद्र द्वारा अनुसंधान कराया जाएगा। यह अनुसंधान सफल रहा तो कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति आएगी।



कम सिंचाई में भी लहलहाएगी गेहूं की फसल

राष्ट्रीय कृषि उपयोगी सूक्ष्म ब्यूरो (एनबीएआइएम) आईसीएमआर ने दावा किया कि कृषि क्षेत्र में जारी अनुसंधान के दम पर देश ने एक बड़ी कृषि क्रांति की ओर कदम बढ़ाया है। सब कुछ ठीक रहा तो शीघ्र ही कम पानी का प्रयोग कर भरपूर फसल उत्पादन करने वाले बीज का अनुसंधान किया जाएगा, जो किसानों के लिए एक वरदान साबित होगा।

खाद्य सुरक्षा है आवश्यक

क्या खाद्य पदार्थ खरीदते समय चैक करते हैं लेबल और लोगो?

सेहत के प्रति बनें जागरूक, खाने की चीजों को लेकर रहें सतर्क

खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम तथा अन्य कानूनों के नियमानुसार बाजार में उपलब्ध खाद्य पदार्थों के पैकेट्स के लेबल पर कुछ जानकारियां अंकित होना अनिवार्य है। कोई भी खाद्य पदार्थ खरीदते समय लेबल पर क्या लिखा है, इसके बारे में लोगों का जागरूक होना बेहद जरूरी है। उनके लेबल पढ़कर ही खाद्य पदार्थ को खरीदना चाहिए।

लेबल की जानकारी

1. ***सामग्री की सूची*:** यह महत्त्वपूर्ण सूची है, जिसमें उन सभी एडिटिव्स व सामग्री की जानकारी दी होती है जिससे अमुक खाद्य पदार्थ तैयार किया गया होता है जैसे उस खाद्य पदार्थ को लंबे समय तक सुरक्षित रखने के लिए एडिटिव्स के रूप में अनेक प्रकार के केमिकल जिनका उपयोग फूड कलर, इमल्सीफायर, प्रिजर्वेटिव्स की तरह होता है।

2. ***पोषण की जानकारी*:** इसमें प्रति सौ ग्राम खाद्य में विभिन्न प्रकार के कार्बोहाइड्रेट, फैट (ट्रांस फैट, मोनोसैचुरेटेड, पॉलीसैचुरेटेड आदि) एनर्जी कैलोरी, डायट्री फाइबर आदि कितनी मात्रा में उपस्थित हैं, इसकी जानकारी दी होती है।

3. ***खाद्य की अवधि*:** एक्सपायरी, बेस्ट बिफोर अवधि, कुल मात्रा ,एमआरपी, कस्टमर केयर नंबर, मैन्युफैक्चरर का नाम, पता आदि की जानकारी कर लेनी चाहिए।

लोगो और सिंबल

1. ग्रीन सिंबल

जो खाद्य केवल शाकाहारी सामग्री और प्रोसेसिंग से तैयार किया जाता है उसके पैकेट पर ब्रांड के ठीक ऊपर आयत आकृति में हरे रंग का सर्किल बना होता है।

2. ब्राउन सिंबल

जिस खाद्य पदार्थ में कोई मांसाहारी सामग्री या प्रोसेसिंग में कोई मांसाहारी पदार्थ लिया गया है तो उसके लिए आयत आकृति में भूरे रंग में ही त्रिभुज होता है।

3. वीगन लोगो

VEGAN

अब वीगन फूड का प्रचलन बढ़ा है। ऐसे फूड सिर्फ पेड़ पौधों वनस्पति से तैयार किए जाते हैं। इनके पैकेट्स के लेबल पर 'वी' अंकित होता है जिसके अन्दर पौधा लगा होता है।

4. FSSAI लोगो

fssai

यह खाद्य पदार्थ के पैकेट पर लाइसेंस नम्बर के साथ लगा होना अनिवार्य है, जो प्रमाणित करता है कि उस खाद्य को बनाने के लिए एफएसएसएआइ द्वारा फूड लाइसेंस दिया गया है।

5. + F लोगो

जिनमें कुपोषण से बचाने के लिए आयोडीन, विटामिन ए, विटामिन डी, आयरन को नमक, चावल, दूध, आटा, खाद्य तेल में मिलाया जाता है। उन्हें फोर्टिफाइड फूड कहते हैं।

6. ग्लूटेन फ्री

CERTIFIED GLUTEN FREE

बच्चों को ग्लूटेन से एलर्जी होती है। उनके लिए बाजार में ग्लूटेन फ्री खाद्य उत्पाद जैसे आटा, बिस्किट, नूडल्स आदि उपलब्ध हैं। इनके पैकेट्स पर ग्लूटेन फ्री का यह लोगो लगा होता है।

7. जैविक भारत

आजकल ऑर्गेनिक फूड का चलन है जिसके प्रमाणीकरण के लिए ऐसे फूड, जो ऑर्गेनिक तरीके से तैयार किए जाते हैं उनके पैकेट्स पर यह लोगो लगा होता है।

8. एगमार्क लोगो

यह लोगो कृषि मंत्रालय की संस्था द्वारा फूड प्रोडक्ट्स जैसे घी, खाद्य तेल, मसालों आदि के लिए जारी किया जाता है जिनकी विशेष गुणवत्ता होती है।

9. क्रॉस -जो चीजें मानव उपयोग के लिए न हों जैसे कुछ घी-तेल की पैकिंग पूजन के लिए होती है। -***सुशील चोटवानी***, *फूड सेफ्टी ऑफिसर, अजमेर*

वेल-बीइंग

नींद के चक्र में गड़बड़ी न होने दें, 7-9 घंटे सोएं, स्लीप पैरालिसिस से बचें

स्लीप पैरालिसिस ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति जागने या सोने के दौरान अस्थाई रूप से अपनी मांसपेशियों को हिलाने या बोलने में असमर्थ होता है। इसमें व्यक्ति अक्सर जागरूक रहता है पर मांसपेशियां कुछ समय के लिए निष्क्रिय हो जाती हैं। यह नींद के रेपिड आइ मूवमेंट चक्र के दौरान होता है, इस समय ब्लड प्रेशर और हार्ट बीट बढ़ती हैं।

अपने आप ठीक होती

स्लीप पैरालिसिस में व्यक्ति को डरावना दिखना या आवाजें महसूस होती हैं। यह स्थिति कुछ सेकंड से लेकर कुछ मिनटों तक रहती है। फिर अपने आप ही ठीक हो जाती है। इसका कारण पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है, पर नींद के चक्र में गड़बड़ी, नींद की कमी, अनियमित नींद की आदतें असर डाल सकती हैं।

करें ये उपाय

- **रोजाना** एक ही समय पर सोने और जागने की आदत डालें।
- **हर** रात कम से कम 7-9 घंटे की नींद लें।
- **सोने** के दौरान शांत, अंधेरा और ठंडा वातावरण बनाए रखें।
- **तनाव** और चिंता को कम करने के लिए योग व ध्यान करें।
- **कैफीन** और शराब की आदत से बचें, सोने से पहले सेवन न करें।
- **नियमित** व्यायाम करें, इससे नींद की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है।
- **सोने** से पहले फोन, कंप्यूटर और टीवी का उपयोग न करें।
- **इस** सबके बावजूद अगर बार-बार स्लीप पैरालिसिस होता है, तो डॉक्टर से परामर्श करें। - ***डॉ. सुनील शर्मा***, *वरिष्ठ मनोचिकित्सा विशेषज्ञ*

यदि बेचैनी महसूस करें...

स्लीप पैरालिसिस के कारण बेचैन या थका हुआ महसूस करते हैं, तो डॉक्टर से बात करें व उनके निर्देशों का पालन करें। यह आमतौर पर हानिकारक नहीं होता है।

ब्रेन हैल्थ विशेष : यदि समय रहते संकेतों से पहचान लें तो रोग का निदान होता आसान

ब्रेन में सभी ट्यूमर कैंसर नहीं होते, पर लक्षणों के प्रति गंभीरता जरूरी

चिकित्सा *जगत के लिए ब्रेन ट्यूमर हमेशा से चुनौती बने रहे हैं। यह ब्रेन और उसके आवरण उत्तकों के अंदर सहायक कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि के कारण होते हैं। यदि समय रहते इसके लक्षणों को न समझा जाए तो यह गंभीर स्थिति पैदा कर सकते हैं। ब्रेन ट्यूमर्स बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी को प्रभावित करते हैं। इस रोग के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है।*

ब्रेन ट्यूमर कैंसर कोशिकाओं युक्त (मेलिग्नेंट) और कैंसर कोशिकाओं रहित (बिनाइन) दोनों तरह के होते हैं। कुछ तेजी से और कुछ धीरे-धीरे बढ़ते हैं। अधिकतर ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में ही फैलते हैं। शरीर के अन्य भागों में उत्पन्न होने वाले ट्यूमर रक्तप्रवाह के जरिए ब्रेन में फैल सकते हैं। इन्हें मेटास्टेटिक ट्यूमर्स कहा जाता है।

120 *के करीब अलग-अलग किस्में बताई गई हैं आकार, स्थान, उत्पत्ति की कोशिका और ट्यूमर की ग्रेड के आधार पर ब्रेन ट्यूमर्स की*

10 *शीर्ष ट्यूमर्स, जो भारतीय आबादी को प्रभावित करते हैं उनमें से एक है, ब्रेन ट्यूमर (नेशनल लाइब्रेरी ऑफ साइंस)*

01 *लाख में से 5-10 को केंद्रीय तंत्रिका तंत्र का ट्यूमर डायग्नोस होता है, भारत में। (नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हैल्थ)*

70 *ब्रेन ट्यूमर्स जो वयस्कों में डायग्नोस किए जाते हैं, वे बिनाइन होते हैं और शेष 30% मेलिग्नेंट होते हैं। (नेशनल ब्रेन ट्यूमर सोसायटी)*

मस्तिष्क में ट्यूमर बनने का कारण

ब्रेन ट्यूमर के वैसे सटीक कारण अक्सर अज्ञात होते हैं। लेकिन कुछ वंशानुगत विकारों की वजह से भी ब्रेन ट्यूमर हो सकते हैं। उसके अलावा कुछ अध्ययनों में रेडिएशन के अधिक सम्पर्क को ट्यूमर का कारण माना गया है लेकिन यह पुष्ट नहीं है।

ऐसे पहचानें

- **सुबह** के समय तेज सिरदर्द व उल्टी आना
- **सिरदर्द,** जो बार-बार होता है और अधिक गंभीर लगता है।
- **आंखों** की समस्याएं जैसे दोहरी दृष्टि, धुंधली दृष्टि, या दृष्टि के क्षेत्र के किनारों पर दृष्टि खोना।
- **दौरे** आना।

इसका डायग्नोसिस

ब्रेन ट्यूमर के डायग्नोसिस में आमतौर पर इमेजिंग परीक्षण शामिल होते हैं, जैसे कि एमआरआइ, सीटी स्कैन और ट्यूमर कोशिकाओं की जांच करने के लिए बायोप्सी। ट्यूमर की सीमा का आकलन करने और उपचार का सबसे अच्छा तरीका निर्धारित करने के लिए न्यूरोलॉजिकल परीक्षण और रक्त परीक्षण जैसे अन्य परीक्षणों का भी उपयोग किया जा सकता है।

ये दो तरह के होते हैं

1. गैर कैंसर कोशिका युक्त (बिनाइन) ट्यूमर : ये गंभीर समस्या का कारण बन सकते हैं पर इनमें कैंसर कोशिकाएं नहीं होतीं। वे धीरे-धीरे बढ़ते हैं और आमतौर पर अन्य ऊतकों में नहीं फैलते। उन्हें सर्जरी से निकालना आसान है। हटाने के बाद वापस नहीं आते।

2. कैंसरयुक्त कोशिकाओं वाले (मेलिग्नेंट) ट्यूमर : तेजी से बढ़ते हैं और ब्रेन या सेंट्रल नर्वस सिस्टम के अन्य भागों में फैल सकते हैं जो जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।

इसका उपचार

ब्रेन ट्यूमर का उपचार ट्यूमर के प्रकार, आकार, स्थान और ग्रेड पर निर्भर करता है। उपचार विकल्पों में ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी, विकिरण चिकित्सा, कीमोथेरेपी, लक्षित चिकित्सा और लक्षणों को मैनेज करने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए सहायक देखभाल शामिल हो सकती है। उपचार का लक्ष्य मस्तिष्क के कार्य और समग्र स्वास्थ्य को बनाए रखते हुए ट्यूमर को खत्म करना या नियंत्रित करना है।

> ***अपनी*** *ब्रेन हैल्थ पर ध्यान दें। अच्छी नींद लें। नियमित व्यायाम करें, शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। ब्रेन हैल्थ से जुड़ी कोई समस्या हो तो तुरंत डॉक्टरी परामर्श लें।*

डॉ. रश्मि कटारिया
वरिष्ठ न्यूरोसर्जन

विश्व रक्तदाता दिवस : 14 जून

शरीर स्वस्थ रखता व दूसरों की जान भी बचाता रक्तदान

रक्तदान को महादान कहा गया है। इससे किसी जरूरतमंद मरीज की जान बचाई जा सकती है। इससे स्वयं का शरीर भी स्वस्थ रहता है। स्वस्थ व्यक्ति 90 दिनों के बाद फिर से रक्तदान कर सकता है। वहीं महिला रक्तदान करती है तो उसे कम से कम 120 दिनों के बाद ही पुन: रक्तदान करना चाहिए।

ब्लड डोनेट करें तो ये बातें ध्यान रखें

रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है क्योंकि इससे शरीर के अंदर वसा का जमाव नहीं हो पाता। यदि किसी को ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, खून की कमी, हेपेटाइटिस, सिकल सेल, हीमोफीलिया इत्यादि में से कोई भी बीमारी हो तो उन्हें रक्तदान नहीं करना चाहिए। जिस दिन रक्तदान करते हैं उस दिन व्यायाम या अन्य कोई हैवी काम न करें। हल्का भोजन करें। पानी पर्याप्त मात्रा में पीएं व तरल की कमी न होने दें। पॉलीसिथेमिया के मरीजों को नियमित रूप से दो-तीन माह में एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। क्योंकि इस रोग में हीमोग्लोबिन का स्तर 18-20 ग्राम तक हो जाता है।

50 वर्ष से अधिक उम्र वाले न करें

रक्तदाता के शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर कम से कम 13 ग्राम होना चाहिए। साथ ही 50 वर्ष से ज्यादा उम्र वाले लोगों को रक्तदान नहीं करना चाहिए। अगर उनका ब्लड ग्रुप दुर्लभ हो तो ही रक्तदान करना चाहिए। अगर किसी को रक्तदान करते समय बुखार या सर्दी-जुकाम हो तो भी ब्लड डोनेट नहीं करना चाहिए। रक्तदान के 15 दिन से लेकर तीन महीने तक की अवधि में शरीर में रक्त की पूर्ति हो जाती है।
- ***डॉ. सुधीर गांगेय***, *फिजिशियन*

लाइफ लाइन हैलो डॉक्टर

बाहर का बना भोजन न खाएं डिब्बाबंद चीजों से दूरी बनाएं

पत्रिका की घर बैठे निशुल्क डॉक्टरी सलाह से जुड़ी पहल लाइफलाइन के तहत विभिन्न राज्यों से पाठकों ने आहार पर सवाल भेजे हैं।

हैलो डॉक्टर

एक दर्शक, इस मौसम में किस प्रकार का खानपान होना चाहिए। जिसके कारण गर्मी के प्रभाव से बच सकें?

गर्मियों में पानी की मात्रा कम न होने दें। क्योंकि इन दिनों में शरीर को हाइड्रेट रखना बहुत जरूरी होता है। इसलिए थोड़े-थोड़े अंतराल पर पानी पीते रहें। आप छाछ, नारियल पानी, नींबू पानी या जूस पी सकते हैं। जब भी घर से बाहर जा रहे हों तो अपने साथ पानी की बोतल जरूर रखें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। गर्मियों में घर का बना खाना और जूस पीना चाहिए। आप सत्तू, जौ की राबड़ी, पोहा, दलिया खा सकते हैं। अपने खाने में सत्तू का पानी या कोकम भी शामिल करें। आप वे फल और सब्जियां खा सकते हैं जिनमें पानी की मात्रा अधिक होती है। बाजार का भोजन व डिब्बाबंद चीजें न खाएं।

सुनीता, गर्मी में मुझे बहुत थकान महसूस होती है। मैं बहुत सारा पानी पीती हूं, फिर भी पूरे दिन थकान रहती है। इससे निपटने के लिए मुझे खानपान कैसा रखना चाहिए?

गर्मियों में बहुत ज्यादा पसीना आने या पानी की कमी की वजह से आपको थकान महसूस हो सकती है या सिर दर्द हो सकता है। बहुत ज्यादा गर्म जगह पर न रहें। तेज धूप आने से पहले ज्यादा थकान वाले काम निपटा लें। दोपहर में बाहर न निकलें। आपको अपनी डाइट में कोकम और आम पना शामिल करना चाहिए। इससे आपके शरीर को ऊर्जा मिलेगी और काम करने के बाद भी आपको थकान महसूस नहीं होगी।

अभिषेक, मेरी उम्र 30 साल है और मुझे गर्मियों में सिरदर्द होता है। हमेशा माइग्रेन जैसी समस्या रहती है।

अपने आहार में पानी की मात्रा अधिक रखें। इससे रक्तसंचार सही रहेगा और माइग्रेन जैसी समस्या नहीं होगी। आहार में मैग्नीशियम भी शामिल करें। हरी पत्तेदार सब्जियों में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है। आहार में दूध और दूध से बनी चीजों को शामिल करना चाहिए। आप सभी तरह के ड्राई फ्रूट्स खा सकते हैं। इन्हें भिगोकर खाने से अच्छे परिणाम मिलते हैं। विटामिन ए, सी और ई को भी अपने आहार का हिस्सा बनाना चाहिए। पपीता, केला, आम, कीवी, संतरा और मौसमी फल खाएं।

विजय, इस मौसम में मुझे भूख कम लगती है और उसकी वजह से कई बार कब्ज की समस्या हो जाती है? मुझे क्या करना चाहिए?

इस समस्या में आपको अपने खाने में मसालों को शामिल करना चाहिए। जीरे या सौंफ का पानी पीएं। यह पाचन तंत्र को मजबूत करेगा। सब्जा बीज या चिया बीज शामिल करें। आप इसका पानी भी पी सकते हैं। आपको ऐसे फल खाने चाहिए जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो। भोजन से पहले तरबूज, लीची, खरबूजा और आम आदि खाएं। दही, छाछ और दूध के साथ आम खाना चाहिए ताकि कब्ज की समस्या न हो। ऐसी सब्जियां खाएं जिनमें पानी की मात्रा अधिक हो।

- ***अंजलि फाटक***, *आहार विशेषज्ञ*

पाठकों के शेष सवालों के जवाब को लिंक से भी देख सकते हैं-shorturl.re/7e1yp

इस क्यूआर कोड को स्कैन करें।

महिला स्वास्थ्य : यदि महिलाओं को हार्मोन असंतुलन की समस्या है तो...

पंचकर्म से शरीर को करें डिटॉक्स, पाएं राहत

बदलती जीवनशैली में महिलाओं में हार्मोन असंतुलन एक आम समस्या है। उसकी वजह से उन्हें कई अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मूड स्विंग्स, तनाव, अनिद्रा जैसी समस्याएं भी हार्मोन असंतुलन के कारण हो सकती हैं। अगर आप हार्मोन असंतुलन से पीड़ित हैं, तो आयुर्वेद में कुछ आसान उपाय हैं। जिससे आप इस समस्या से राहत पा सकते हैं।

शरीर में जमा विषाक्त को निकालता

शरीर के अंदर जमा अतिरिक्त हार्मोन को साफ करने के लिए आयुर्वेदिक पंचकर्म उपचार ले सकते हैं। वमन शरीर में जमा अतिरिक्त बलगम से श्वसन पथ, पेट को साफ करने के लिए उल्टी को प्रेरित करता है। यह कफ असंतुलन को कम करने में मदद करता है। नास्यम दूसरी डिटॉक्स विधि है, जिसमें हार्मोनल स्वास्थ्य को नियंत्रित करने वाली पिट्यूटरी ग्रंथि को उत्तेजित करने के लिए नाक के माध्यम से औषधीय तेलों को शामिल करना शामिल है। यह नाक के मार्ग से किसी भी अशुद्धता और अतिरिक्त बलगम को साफ करने में भी मदद करता है।

पंचकर्म से जुड़े आयुर्वेदिक तरीके शरीर को डिटॉक्स करने, दोषों को संतुलित करने और पाचन में सुधार करने और समग्र जीवन शक्ति को बढ़ाने में मदद करते हैं। यह पुरानी और जीवनशैली संबंधी बीमारियों से उबरने में भी मदद करता है और शरीर में तनाव को कम करता है। परामर्श के लिए किसी आयुर्वेदिक डॉक्टर से बात करें और अपने लक्षणों को दूर करने के लिए पंचकर्म थेरेपी लें।

यह है हार्मोन असंतुलन

हार्मोन असंतुलन शरीर द्वारा अपने स्वयं के हार्मोन को पचाने में असमर्थता के कारण होता है। यदि पहले से ही हार्मोन असंतुलित हैं तो मांस, समुद्री भोजन, अंडे व डेयरी उत्पादों का सेवन न करें। इनमें एस्ट्रोजन, टेस्टोस्टेरोन, कोर्टिसोल और पशु द्वारा वध के दौरान छोड़े गए मवाद जैसे हार्मोन होते हैं। ये लाभ के बजाय अधिक नुकसान पहुंचाएंगे।

आंत स्वस्थ रहना है जरूरी

हार्मोन और स्त्री रोग संबंधी स्वास्थ्य के लिए सबसे महत्त्वपूर्ण कारक आंत होती है। गट हैल्थ अच्छी रहेगी तो शरीर गर्भाशय और अंत: स्रावी ग्रंथियों को ठीक करना शुरू कर देता है, जो हार्मोन का उत्पादन करते हैं।

त्रिफला, अश्वगंधा लें

आहार में शतावरी, अश्वगंधा, त्रिफला जैसी प्राकृतिक जड़ी-बूटियां भी शामिल कर सकते हैं जो हार्मोन को संतुलित करने में मदद करती हैं। इन्हें लेने पहले आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह अवश्य लेनी चाहिए।

तितली आसन करें

गर्भाशय में रक्त के प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए हल मुद्रा, ऊंट मुद्रा, तितली आसन जैसे योग आसन कर सकते हैं। कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें। - ***डॉ. डिम्पल जांगड़ा***, *आयुर्वेदिक कोच व गट थेरेपिस्ट*

योग विज्ञान: सीरीज-17 — मधुमेह के रोगियों के लिए बेहद कारगर है पादहस्तासन, उदर रोगों को दूर करने में भी सहायक

पैन्क्रियाज की क्रियाशीलता और कार्यक्षमता को बढ़ाता आसन

अतुल व्यास
सेलिब्रिटी योग प्रशिक्षक
patrika.com

मधुमेह रोग दो प्रकार का होता है। डायबिटीज टाइप वन और दूसरा डायबिटीज टाइप टू। इंसुलिन, जो एक हार्मोन है, रक्त में शर्करा की मात्रा को संतुलित रखता है और पैन्क्रियाज में बनता है। टाइप वन में वह बनना बंद हो जाता है। टाइप टू डायबिटीज में गलत खानपान, अत्यधिक तनाव से इंसुलिन बनाने वाली ग्रन्थि पैन्क्रियाज कमजोर हो जाती है जिससे इंसुलिन बनना कम हो जाता है और रक्त में शर्करा की मात्रा बढ़ जाती है या अनियंत्रित हो जाती है।

हम यहां टाइप टू डायबिटीज की बात करेंगे। इस बीमारी में योग को बहुत सहायक पाया गया है। एक रिसर्च जो 1980 में एक जर्नल 'जर्नल ऑफ डायबिटीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया' में प्रकाशित हुई थी। उसमें यह पाया गया कि जब टाइप टू डायबिटीज के मरीजों को बिना खानपान बदले, योग 40 मिनट प्रतिदिन छह माह तक कराया गया तो उनके रक्त में शर्करा की मात्रा में खाना खाने के बाद कमी पाई गई। यही नहीं, बल्कि उनके मूत्र में भी शर्करा की मात्रा कम पाई गई। ज्यादातर मरीजों की 40 प्रतिशत दवाएं भी कम करनी पड़ीं। योग में इस बीमारी को लेकर एक नहीं अनेक आसन हैं पर उनमें से एक है पादहस्तासन। इसका पैन्क्रियाज और किडनी पर अच्छा असर पड़ता है। पादहस्तासन एड्रिनल ग्रन्थि को भी स्वस्थ रखने का कार्य करता है। यह शुगर कंट्रोल में सहायक होता है।

करने का तरीका

1. **इस** आसन में पैरों को हाथ से पकड़ते हैं इसलिए इसे पादहस्तासन कहते हैं।
2. **दोनों** पैरों को आपस में मिलाकर सीधे खड़े हो जाएं और दोनों हाथों को ऊपर सीधा रखें।
3. **अब** धीरे-धीरे श्वास को छोड़ते हुए आगे झुकें और हथेलियों से पांवों के पंजों को पकड़ने का प्रयास करें। अगर नहीं पकड़ सकें तो हाथ घुटनों पर भी रख सकते हैं और सिर को घुटनों के पास स्पर्श कराने का प्रयत्न करें और श्वास-प्रश्वास जारी रखें।
4. **अपने** सामर्थ्यनुसार इस अवस्था में रुकें। फिर वापस श्वास भरते हुए सीधे खड़े हो जाएं। इसे दो-तीन बार दोहराएं।

फायदा

- **यह** उदर रोगों को दूर करता है।
- **यह** पैन्क्रियाज की क्रियाशीलता एवं कार्यक्षमता को बढ़ाता है, इसलिए मधुमेह के लिए यह उत्तम आसन है।
- **यह** गर्भाशय की स्थिति को ठीक करता है।
- **यह** किडनी की क्रियाशीलता को भी बढ़ाता है।

सावधानियां

- पीठ के रोगियों को यह आसन योग गुरु की देखरेख में करना चाहिए या चिकित्सक की राय लेकर ही करें।

इस सप्ताह पूछें योगासनों से जुड़े सवाल

पत्रिका लाइफलाइन में इस सप्ताह योगासनों से जुड़े सवाल पूछें। आपके सवालों के जवाब 16 जून के अंक में एक्सपर्ट देंगे।

ध्यान रखें: सभी सवालों के जवाब यहां प्रकाशित करना संभव नहीं है। इसलिए शेष जवाब 14 जून को पत्रिका टीवी के 'हैलो डॉक्टर' शो में दोपहर 1:00 बजे और फेसबुक लाइव में देख सकेंगे। सवाल विस्तार से लिखकर गुरुवार तक वॉट्सऐप नं. 8955003879 पर भेज दें। (*यह डॉक्टर का नहीं, पत्रिका हैल्थ डेस्क का नंबर है। यहां फोन न करें। वॉट्सऐप पर जवाब नहीं दिए जाते हैं। यह मेडिको लीगल के लिए मान्य नहीं है।)

पत्रिका लाइफ लाइन लाइव

नोट- डॉक्टरी सलाह से ही कोई नुस्खा या दवा लें।

स्पंदन

गुलाब कोठारी
लेखक पत्रिका समूह के प्रधान संपादक हैं

साक्षी-1

आत्मा के दो कार्य हैं-ज्ञान और दर्शन। जानना और देखना। करना कुछ नहीं। ब्रह्म का अंश होता है, अतः साक्षी होता है। कार्य सारा माया का क्षेत्र है। भारतीय दर्शन, योग, यज्ञादि का लक्ष्य उन शक्तियों को प्राप्त करने का है, जिनसे व्यक्ति अपने जीवन में साक्षी भाव को उपलब्ध हो सके। फिर आगे का मार्ग स्वतः ही प्रशस्त होता जाता है। साक्षी का अर्थ भी द्रष्टा ही होता है। द्रष्टा भी तटस्थता का सूचक माना जाता है।

हमारा जीवन ब्रह्म और माया अथवा ज्ञान और कर्म रूप ही है। ज्ञान बिना कोई कर्म नहीं होता, मन में इच्छा नहीं होती। अतः ये भी अलग-अलग नहीं है। कृष्ण ने तो ज्ञान, ज्ञाता और ज्ञेय का अविनाभाव सिद्ध किया है। ज्ञान तथा ज्ञान का विषय व्यक्ति सापेक्ष होता है। विज्ञान में ज्ञान का आधार उपकरण होने से व्यक्ति सापेक्ष नहीं होता। ऐसा ज्ञान हितकारी भी हो सकता है तथा अहितकारी भी हो सकता है। जबकि ज्ञाता से जुड़ा ज्ञान हितकारी ही होगा। यही तो अन्तर है पश्चिम और पूर्व में।

मन की चंचलता को ही तो दुःखों का आधार माना गया है। सभी इन्द्रियां मन के अधीन होती हैं। इन्द्रियों के माध्यम से विषय आ-आकर मन पर पड़ते जाते हैं। मन में अनेक प्रकार की इच्छाओं का एक समुद्र हिलोरे लेता रहता है। कभी कान कुछ सुनने को प्रेरित करते हैं, तो कभी आंख कुछ देखने को। कभी जीभ बार-बार किसी स्वाद की मांग करती है। कभी त्वचा स्पर्श के लिए इंगित करती है। अर्थात् मन की आंखों पर जहां पहले ही सत-रज-तम के पर्दे पड़े होते हैं, वहीं इतनी इच्छाएं मन को कहां तटस्थ रहने देंगी! विचार रुकने का नाम ही नहीं लेते। मन में टकराने वाला हर शब्द बार-बार गूंजता रहता है। यह शब्द भी मन का निर्माण करने वाला तत्त्व ही है। तब मन कैसे तटस्थ हो सकता है? मन शब्दों की तरंगों पर थिरकता है। इच्छा की तरंगें भी स्पन्दन रूप में एक के ऊपर एक चढ़ती जाती हैं। मन की चिनाई करती जाती हैं। इच्छाओं का उद्गम होने से मन ही जीवन की गतिविधियों का केन्द्र है। जहां इतनी हलचल हो, वहां साक्षी भाव की संभावना कैसे हो सकती है? मन की सारी इच्छाओं की अभिव्यक्ति एवं इच्छापूर्ति की क्रियाएं सभी शरीर में अभिव्यक्त होती रहती हैं। शरीर भी शान्त दिखाई नहीं पड़ता।

शरीर हमारे अस्तित्व का सबसे स्थूल भाग है। दृश्य अंग भी यही है। शेष मन, बुद्धि और आत्मा तीनों ही अदृश्य हैं। अतः अदृश्य की यात्रा का माध्यम शरीर ही है। इसी के सहारे व्यक्ति भीतर प्रवेश कर सकता है। 'शरीर माद्यं खलु धर्म साधनम्।' शरीर की चंचलता को रोकना हमारी अनिवार्यता है। इसका निर्माण अन्न से होता है। इसीलिए 'अन्नमय कोश' कहलाता है। शरीर का निर्माण अन्न से होता है। अतः अन्न की शुद्धि शरीर शुद्धि के लिए अतीव महत्त्वपूर्ण है। शाकाहार



अथवा मांसाहार का भेद शरीर रचना के आधार पर समझा जा सकता है। हमारा अन्न ही रस, रक्त, मांस, मेद, अस्थि और मज्जा का निर्माण करता हुआ शुक्र का निर्माण करता है। इसी शुक्र से हमारा निर्माण होता है। बीज रूप शुक्र जो पिता से प्राप्त होता है, उसमें मेरे अन्नमय कोश का इतिहास होता है। पितरों के अंश का प्रमाण रहता है।

शुक्र से ही मन का निर्माण होता है। चूंकि अन्न के पैदा होने में, जीवात्मा के विश्रान्ति काल में आश्रय देने में चन्द्रमा की भूमिका है। अतः मन का निर्माण भी चन्द्रमा से ही होता है। क्योंकि मन के साथ पिछले जन्मों की स्मृति भी होती है। जब तक शरीर पर व्यक्ति का नियंत्रण नहीं होता, भीतर की यात्रा संभव नहीं है। अतः सात्त्विक अन्न से इस शरीर को पूरा परिष्कृत करने की हमको सलाह दी गई है। तब जाकर यह आसन-प्रत्याहार आदि से स्थिर हो पाता है।

शरीर में जितनी भी गतिविधियां हैं, सब मन की ओर से प्रेरित होती हैं। बुद्धि के नियंत्रण में होती हैं। और ये सारे प्रकृति के नियंत्रण में रहते हैं। शरीर को शिथिल रखने में अत्यन्त कठिनाई होती है। शरीर को साधना, शरीर की भाषा का ज्ञान होना, शरीर को स्वस्थ रख पाना, मन की शरीर में होने वाली अभिव्यक्ति को नियंत्रित कर पाना आदि का अभ्यास अनिवार्य है। शरीर स्वयं निष्क्रिय है। इसे चलाया जाता है। इसके भीतर का प्राणमय कोश इसको अन्तर के मनोमय कोश के साथ जोड़े रखता है।

प्राणमय कोश में दस स्थूल प्राण होते हैं। इनमें भी पांच मुख्य तथा पांच गौण होते हैं। सृष्टि की सारी गतिविधियां प्राणों पर आधारित हैं।

सभी प्राणों का उद्गम स्वयंभू लोक के ऋषि प्राण हैं। प्राण निकलते ही देह का भीतर का सम्पर्क टूट जाता है। जब शरीर को शिथिल किया जाता है, तब श्वास भी मन्द होने लगती हैं। प्राणों की शिथिलता भीतर के अंगों का शरीर से सम्पर्क काट देती है। अब मन की हलचल शरीर तक नहीं पहुंच पाती। मन के भाव अभिव्यक्त नहीं हो पाते। मन का इधर का रास्ता बन्द होते ही वह दूसरी ओर, भीतर की ओर, मुड़ जाता है। शान्त तो फिर भी नहीं होता। किन्तु; भीतर के विज्ञानमय कोश से जुड़कर गहनता में उतरने लगता है। उसकी सोई हुई आत्मा जाग्रत होने लगती है। जब मन की अभिव्यक्ति शरीर तक नहीं पहुंचती, तब भावों की कमी या अभाव दिखाई देने लगता है। राग-द्वेष, अहंकार, ममकार, मोह, ईर्ष्या आदि की अभिव्यक्ति शरीर में नहीं हो पाती। लगता है जैसे व्यक्ति पथराने लगा हो। यांत्रिक स्वर जान पड़ता है। जैसे-जैसे विज्ञानमय कोश का ज्ञान मन के धरातल को उपलब्ध होता है, उसके साथ केन्द्रीभूत आनन्दमय कोश का रस भी प्रभावित होने लगता है। साक्षी भाव अब रस पूर्ण होने लगता है। रस को ब्रह्म का पर्याय कहा है। ब्रह्म स्वयं भी निष्क्रिय है। साक्षी है। व्यक्ति भी साक्षी भाव को ग्रहण कर लेता है।

साक्षी भाव से जीवन चलचित्र बन जाता है। व्यक्ति के चारों ओर एक सिनेमा का पर्दा बन जाता है। हर एक व्यक्ति या वस्तु पर्दे पर रहती है। व्यक्ति इसके मिथ्या भाव को जानता है। किसी अच्छे शरीर को पकड़ने के लिए पर्दे की ओर नहीं लपकता। साक्षी हो कर देखता रहता है। अतः आसक्ति से सदा मुक्त रहता है। मोह, अहंकार छू नहीं पाते। मन की दुनिया भी रहती है और साक्षी भाव के सहारे व्यक्ति मन के पार भी निकल जाता है। (क्रमशः)

gulabkothari@epatrika.com

सामाजिक संस्कारों से जुड़ा यह स्तंभ नई पीढ़ी को भी पढ़ाएं।

पुस्तक चर्चा
BOOK REVIEW

आधी आबादी को बयां करतीं कविताएं

पुस्तक में देश विदेश के एक सौ ग्यारह पारिजात पुष्प रुपी कविताओं को 'मैं सृष्टि हूं' की माला में गूंथ कर प्रस्तुत किया गया है।

'वेदों का, उपनिषदों का ज्ञान हूं। मैं ही मेनका, रम्भा, रावी, मैं ही पद्मिनी कनुप्रिया, मणिकर्णिका, मैं ही पन्ना माई हूं। मैं भगिनी जीवन संगिनी, उमा, लक्ष्मी, सरस्वती, मैं ही मीरां बाई हूं।' कुछ इसी प्रकार के भावों को दर्शाती एक सौ ग्यारह कवयित्रियों के हृदय उद्गारों से सुसज्जित करती पुस्तक है- 'मैं सृष्टि हूं'। इसका संपादन लेखिका रेनू शब्द मुखर ने किया है।



मैं सृष्टि हूं
(कविता संग्रह)
संपादक
रेनू शब्द मुखर

यह पुस्तक केवल एक पुस्तक भर नहीं है अपितु उस आधी आबादी का सम्पूर्ण प्रतिनिधित्व करती है जिसको सहस्राब्दियों से पुरुष ने अपने अहंकार के बोझ तले दबा रखा था। पुस्तक में देश विदेश के उन एक सौ ग्यारह पारिजात पुष्पों को 'मैं सृष्टि हूं' की एक माला में गूंथ कर सबके समक्ष प्रस्तुत किया है जो सुरभित है, औषध हैं, राग है, विराग है, बसंत है, बिहाग है, रंग है, उमंग है, उल्हास है परिहास है,मन की पीड़ा है, चेतना का बीड़ा है।

आज की नारी घर की देहरी में बांधकर रखने की पुरुष की मानसिकता को चुनौती देकर पुरुष के भ्रामक अहंकार को ललकारती है तो वहीं आवश्यकता पड़ने पर उसी को पुचकारती भी है। इन कवयित्रियों ने जीवन की सार्थकता को समझा है। समय की कसौटी पर परखा है इसीलिए वो अपने अधिकार को लड़ती भी है तो दूसरों के अधिकार पर अतिक्रमण का तिरस्कार भी करती है। वो रमा है तो चंडिका भी है, वो ब्रह्मबोधिनी है तो शिव संगिनी भी है, कमलासन है तो वीरांगना भी है। वो परिवार को जोड़ना जानती है तो बेड़ियों को तोड़ना भी जानती है।

कुल मिलाकर यह एक बेहतरीन और संग्रहणीय, पठनीय पुस्तक है जिसमें बसरा सदृश एक सौ ग्यारह बेहतरीन अनमोल मोतियों को पिरोने का जिम्मा लेकर रेनू शब्द मुखर ने एक सराहनीय कार्य किया है। हर पृष्ठ पर अंकित कविता निश्चय ही एक भाव और एक सार को प्रदर्शित करती है।

\- योगेश कानवा

मुझे तो बाबू जी ने सबसे पीछे का प्लॉट दिया है, वो भी दक्षिण मुखी। जब से रह रहा हूं परेशान हूं। तुम्हारी भाभी को कुछ सुनाई नहीं पड़ता। हम दो लोग नहीं संभाल पाएंगे।

अंतिम संस्कार

संजय दुबे

रायगढ़ न्यायालय के परिसर में रामनाथ जाने पहचाने अर्जी नवीस थे। सारे वकील उन्हें मुद्दे दे बेफिक्र हो जाते। क्या शपथ, क्या वकालतनामा, क्या याचिका, बस विषय बता दो, अंगुलियां टाइप राइटर पर दौड़ने लगतीं। बदले में रामनाथ पैसे पूरे लेते। दस साल में इतना पैसा हो गया कि शहर से लगे एक गांव में दो एकड़ जमीन खरीद ली।

रामनाथ का परिवार भी छोटा न था। पांच लड़के दो लड़कियां थीं। समय रहते लड़कियां ब्याह दीं। दो लड़के रमेश और महेश इंजीनियर बने, एक लड़का विवेक ग्राम सहायक बन गया। मनोज और महेंद्र पढ़ नहीं पाए तो मनोज को साथ में कचहरी में सहायक बना लिया। महेंद्र कम दिमाग का था सो घर में ही रहता। वक्त तेजी से बीत रहा था। चारों लड़कों की शादी के बाद लगा कि संपत्ति का जीते जी बंटवारा कर देना चाहिए। शहर के पास जिस गांव में दो एकड़ जमीन ली थी, वो गांव शहर में आ गया था। चार लड़कों को पांच पांच हजार फुट जमीन दूर दूर देकर बाकी जमीन बेच सबके घर बनवा दिए। कुछ पैसे बचे तो लड़कियों को दे दिए।

सरकारी नौकरी में रहने वाले तीनों बेटे रिटायर होकर अपने-अपने घर में रहने लगे। मनोज, कचहरी में सहयोगी था, उसके साथ रामनाथ रहने लगे। महेंद्र भी मनोज के ही साथ रहता। एक दिन रामनाथ, कचहरी में अर्जी लिखते लिखते अचेत हो गए। आनन फानन अस्पताल ले जाया गया तो दिल का दौरा पड़ने के कारण एक तरफ लकवा मार गया था।

'अगले चौबीस घंटे का समय कठिन है। हम लोग पूरी कोशिश करेंगे। सब ठीक रहा तो कल घर ले जाइएगा, लेकिन इनकी पूरे समय देखभाल करनी पड़ेगी।' डॉ. साहब ने अस्पताल के वार्ड के बाहर खड़े चारों भाइयों को समझाया। मनोज बोला, 'गुड़िया का एक सप्ताह बाद बारहवीं का पेपर है, मुझे कचहरी का काम देखना है, आप तीनों रिटायर हो गए हो, बाबू जी को कौन रखेगा ये तय कर लीजिए। वैसे भी महेंद्र को मैं ही देख रहा हूं।'

भाइयों में सबसे बड़ा रमेश था। बाकी भाइयों ने रमेश की तरफ देखा

'मेरी तरफ क्यों देख रहे हो? मुझे तो बाबू जी ने सबसे पीछे का प्लॉट दिया है, वो भी दक्षिण मुखी, जब से रह रहा हूं परेशान हूं। तुम्हारी भाभी को कुछ सुनाई नहीं पड़ता। हम दो लोग नहीं संभाल पाएंगे। महेश और मनोज, तुम दोनों में कोई भी बाबू जी को रख लो।' इतना कह रमेश निकल लिया।

'मेरे घर में जगह ही कहां है। दो कमरे ही बनवाए हैं। एक में हर्षित एम टेक की तैयारी कर रहा है। दूसरे कमरे में हम लोग रह रहे हैं। हां, सात आठ महीने में एक कमरा बनवा लेता हूं तब तक मनोज तुम बाबू जी को अपने पास रख लो।' अपना पल्ला झाड़ महेश भी चला गया।

'विवेक, बाबू जी को कल अस्पताल से छुट्टी मिलेगी। तुम घर जाकर इंतजाम कर लो।' मनोज इतना कह कर कचहरी चला गया।

विवेक ने घर आकर पत्नी को सारी बात बताई तो पत्नी झल्ला पड़ी, 'क्यों दोनो इंजीनियर बेटों की पढ़ाई पर बाबू जी ने ज्यादा पैसा खर्च किया है तो रखने की जिम्मेदारी उनकी है। तुम खुद दमा के मरीज हो। मैं अपने घर में बाबू जी को नहीं रखूंगी। तुम रात को मेरे घर अकलतरा चले जाओ। जब बाबू जी की व्यवस्था हो जाएगी तब आ जाना।'

विवेक को सलाह बेहतर लगी। रात ही में विवेक अकलतरा चला गया। अस्पताल में रात भर मनोज बाबू जी के पास रहा। सुबह कोई भी भाई नहीं आए तो नर्स को नहाकर वापस आने की बात कह घर चला गया। 'क्यों बाबू जी कैसे हैं? किसके घर में रहेंगे बाबू जी?' मनोज की पत्नी कीर्ति ने पूछा

किस-किस घर में नहीं रहेंगे? ये पूछो। रमेश और महेश भैया तो मुसीबत गिना कर चले गए। विवेक को बोला लेकिन लगता नहीं कि वो भी रखेगा। मैंने गुड़िया की परीक्षा की बात बता कर साफ बोल दिया है कि बाबू जी को मैं नहीं रख पाऊंगा।

'ये बोले कि नहीं कि महेंद्र को हम लोग रख रहे हैं।' कीर्ति ने पूछा

'हां बता दिया। सुनो मैं कचहरी जाऊंगा। बाबू जी का बहुत सा काम अधूरा है उसे पूरा करना है।'

'एक बात बताओ, बाबू जी को अस्पताल में भर्ती किसने करवाया था?' कीर्ति ने पूछा

'लेकर तो मैं गया था लेकिन अस्पताल में कागजी कार्यवाही रमेश भैया ने करवाई थी।'

'मतलब फोन नंबर उन्हीं का लिखा होगा?'

'फोन नंबर से क्या मतलब कीर्ति तुम्हारा'

'भगवान न करे बाबू जी को कुछ हो, अगर हो गया तो बड़े भैया को ही खबर मिलेगी।'

'शुभ-शुभ बोलो, अटैक आया था एक तरफ लकवा मार दिया है। ठीक हो जाएंगे।'

मनोज कचहरी चला गया। एक घंटे बाद, मनोज के घर की कॉल बेल बजी। कीर्ति बाहर निकली तो रमेश भैया खड़े थे, 'बाबू जी नहीं रहे। उनको अटैक आया और डेथ हो गई। मनोज कचहरी गया है क्या?'

'जी'

'डेड बॉडी का कैसे, क्या करें, ये पूछने आया था।'.

'भैया, एक सप्ताह बाद गुड़िया का पेपर है।'

'मैं देखता हूं।' कहकर रमेश चला गया। अस्पताल में दो घंटे इंतजार करने के बाद कोई नहीं आया तो रामनाथ की डेड बॉडी को एंबुलेंस में रख कर रमेश के पते पर भेज दिया गया।

एंबुलेस चालक रमेश के घर पहुंचा तो रमेश की पत्नी ने रमेश के घर में न होने की बात कह महेश के घर की तरफ इशारा कर दिया।

एंबुलेंस महेश के घर के सामने पहुंची महेश ने विवेक के घर का पता बता दिया। विवेक के घर एंबुलेंस पहुंची तो विवेक की पत्नी ने अकलतरा जाने की बात बता मनोज के घर की ओर इशारा कर दिया। एंबुलेंस मनोज के घर के सामने खड़ी हो गई। चालक ने घंटी बजाई। कीर्ति बाहर निकली।

'जी बताइए?'

'ये चौथा घर है। पीछे के तीन घर वाले एक के बाद एक पता दे रहे हैं। आपके घर छोड़ूं या आप भी कोई नया पता बताएंगी?' चालक की बातों में झल्लाहट थी।

'आपको कोई फोन नंबर और पता तो मिला होगा न। उसी पते पर छोड़िए। और हां न माने तो भी छोड़ दीजिएगा। आखिर आपको किसी पते पर छोड़ने की जिम्मेदारी दी गई है ना।'

'मैं समझ गया बाई जी, अच्छा हुआ ये आदमी बिना सच जाने मर गया। ये बीमार रहता और जीता तो पता नहीं क्या हाल हुआ होता। मैं कहीं नहीं जा रहा। सीधे अस्पताल ले जाकर लावारिश बता देता हूं। कुछ समाजसेवी संस्था ऐसे लोगों का अंतिम संस्कार करती हैं। दशगात्र, तेरहवीं, पिंड दान, बरसी सब करवाती हैं।' चालक एंबुलेंस लेकर रवाना हो गया।

काव्यांजलि
POEM

संघर्ष

डॉ. राजीव जैन

समग्र कोलाहल
जब थमता है,
एक हलाहल
भीतर जगता है।
सत्य के अन्वेषी होंगे
हजारों यहां,
पर सत्य कब
मुखर होता है !!!
यह जीवन है,
यहां ऐसा ही
होता है !!!

तू खुद को क्यों
निराश करें,
कुंठित हो क्यों
हथियार धरे !!!
इन लहरों से
जो तू घबराएगा,
तो इन लहरों में ही
खो जाएगा।

क्या बन अर्जुन
तू इस सारे चक्रव्यूह के,
सारे दुर्ग
ढहा पाएगा !!
या बन एक
क्षणिक मेघ,
दो पल में ही
झड़ जाएगा।

तू खुद में समेटे सूर्य की
अरुणता,
तुझ में ही समाहित चंद्रमा
की धवलता।
अपनी शक्ति पर
तू विश्वास कर।
क्षीण कर दें
तुझको जो,
उन पलों पर अपना
अधिकार कर।

दीप जला संघर्ष के,
मुश्किल का
तू प्रतिकार कर !!
खुला आसमान,
चांद, तारे हैं
मंजिल तेरी,
अग्नि जिगीषा को
तू अंगीकार कर !!!!

सीख
SHORT STORIES

ताला

अर्चना मंडलोई

कबाड़ खाने में जोरदार बहस छिड़ी हुई थी।

कुछ साल पहले तक घर के मुख्य दरवाजे पर लगा होता था पूरे घर की सुरक्षा मुझ पर थी।

कोने में पड़ा जंग लगा ताला बोला।

रहने भी दो मुझे सब संभाल कर रखते थे, मेरे बिना तुम्हारी कोई औकात नहीं...। चाबी भी ठुनक कर बोली। छाता भी कहां चुप रहने वाला था...धूप गर्मी से मैं ही तो बचाता था, मेरे शरीर पर एक छेद क्या हुआ...... मैं यहां पड़ा हूं जालों के बीच।

तभी बगल वाले कमरे से दादाजी के खांसने की आवाज सुन सिलाई मशीन बोली, एक समय था जब मुझ पर सिलाई कर दादाजी पूरे घर का भरण-पोषण करते थे।

अब बूढ़े हो चले दादाजी, कार्य करने में अक्षम दादाजी भी तो हमारी तरह उपेक्षित हैं, तो हम किस खेत की मूली।

यह सुनकर अब कबाड़ में पड़ी सारी वस्तुएं चुप हो गईं।

भ्रान्त रूढ़ियां और वास्तविक तथ्य

मेज चौकोर थी तो नाम गोलमेज सम्मेलन क्यों?



गोलमेज सम्मेलन का चित्र मैंने देखा तो उसमें स्पष्ट था कि जिस मेज के चारों ओर नेता बैठे थे वह गोल नहीं चौकोर थी। किसी भी सम्मेलन में मेज गोल नहीं थी।

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास की एक सुप्रसिद्ध घटना गलत अनुवाद के बावजूद इतनी प्रसिद्ध हो गई कि उसका वही नाम आज तक चल रहा है। और उसकी ओर विद्वानों का ध्यान आज तक नहीं जा पाया, यह और भी दिलचस्प है। वह घटना है- 'गोलमेज कॉन्फ्रेंस'। सभी जानते हैं कि गांधीजी ने ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध सविनय अवज्ञा आंदोलन 1930 ई. में शुरू किया था। उस समय लॉर्ड इरविन भारत का वायसराय था। 1926 में वह नियुक्त हुआ था। उसने समझौते का भी प्रयत्न किया था। 1928 में साइमन कमीशन भारत भेजा था पर उसका विरोध हुआ था। समझौता नहीं हो पाया। 1929 में जतिन दास की 64 दिन की भूख हड़ताल के बाद जेल में मृत्यु हो गई। गांधी जी का सविनय अवज्ञा आंदोलन चल ही रहा था, तभी समझौते के लिए इरविन ने 1930 में गांधी जी तथा अन्य नेताओं को शांति से बैठकर चर्चा करने के लिए लंदन बुलाया। गांधी जी के नेतृत्व में नेताओं से वायसराय की बात हुई। इसे प्रथम गोलमेज सम्मेलन कहा जाता है। इसके बाद गांधी-इरविन पैक्ट पर हस्ताक्षर भी हुए थे।

1931 में लॉर्ड विलिंगटन वायसराय बना। उसके समय में भी 1931 में द्वितीय गोलमेज सम्मेलन तथा दिसंबर 1932 में तृतीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया। गोलमेज सम्मेलन का यह इतिहास जब मैंने पढ़ा तो इस दिलचस्प नाम का क्या कारण रहा, यह जानना चाहा। सम्मेलन का चित्र मैंने देखा तो उसमें स्पष्ट था कि जिस मेज के चारों ओर नेता बैठे थे वह गोल नहीं चौकोर थी। किसी भी सम्मेलन में मेज गोल नहीं थी। तब यह नाम क्यों पड़ा? इसकी छानबीन की तो दिलचस्प जानकारी मिली कि अंग्रेजी से हिंदी अनुवाद ने यह 'करिश्मा' पैदा किया था। वायसराय ने एक राउंड टेबल टॉक का आमंत्रण दिया था। 'वी शुड-सिट राउंड द टेबल एण्ड टॉक'। अंग्रेजी में 'राउंड टेबल टॉक' यह मुहावरा टेबल के चारों ओर बैठकर बात करने के लिए आता है। राउंड द टेबल यानि टेबल पर बात करना। किसी हिंदी वाले ने राउंड का अर्थ 'चारों ओर' न समझकर डिक्शनरी का मीनिंग देखकर अनुवाद कर दिया 'गोल'। राउंड टेबल हो गई गोलमेज। तब से मेज पर बैठकर की गई यह बात गोलमेज सम्मेलन हो गई। जो आज तक गोल ही है। किसी ने भी यह जानने का प्रयास नहीं किया कि यह गोलमेज सम्मेलन क्या बला थी? मेज हरगिज गोल नहीं थी, यह तय है पर लोगों के बीच जो शब्द चल निकला वह चलता ही गया। है न कुएं में पड़ी भांग वाली कहावत को चरितार्थ करने वाली यह इतिहास प्रसिद्ध पावन घटना।

नोटः *पिछली कड़ी में सीधा शब्द के प्रसंग में सिद्धांत शब्द के स्थान पर सिद्धान्त शब्द पढ़ें।*

अपनी रचना भेजिए: *अपनी मौलिक और अप्रकाशित कहानी, कविता और लघुकथाएं हमें इस मेल एड्रेस पर भेजिए-sunday@in.patrika.com ध्यान रखें कहानी-1000 और लघुकथा-250 शब्दों से अधिक नहीं हो।*

टी-20 विश्व कप : ग्रुप-सी के मैच में अफगान टीम ने 84 रन से शानदार जीत दर्ज की, कीवी टीम को इस प्रारूप में पहली शिकस्त दी

उलटफेर : अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को सबसे बड़ी हार का स्वाद चखाया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

प्रोविडेंस (गयाना). अफगानिस्तान ने टी-20 विश्व कप में उलटफेर करते हुए रविवार को ग्रुप-सी मुकाबले में न्यूजीलैंड को 84 रन से शिकस्त दे दी, जो उसकी कीवी टीम के खिलाफ पहली जीत है। वहीं, न्यूजीलैंड की टी-20 विश्व कप में रनों के लिहाज से यह सबसे बड़ी हार है। अफगानिस्तान ने छह विकेट पर 159 बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 15.2 ओवर में 75 रन पर ढेर कर दिया, जो विश्व कप में उसका दूसरा न्यूनतम स्कोर है। कीवी टीम 2014 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ 60 रन पर सिमट गई थी।

कीवी बल्लेबाज के खिलाफ अपील करते अफगान खिलाड़ी।

03 टी-20 मैच अब तक अफगान टीम ने **न्यूजीलैंड से खेले** **01** मैच जीता, एक हारा और ***एक बेनतीजा***

प्लेयर ऑफ द मैच: गुरबाज ने 80 रन ठोके

अफगानिस्तान टीम के सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 56 गेंदों में 80 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। प्लेयर ऑफ द मैच बने गुरबाज ने अपनी पारी के दौरान पांच चौके और पांच छक्के लगाए। उन्होंने अपने टी-20 करियर का कुल नौवां अर्धशतक लगाया।

गेंद से चमके: फारूकी और राशिद ने बरपाया कहर
मीडियम पेसर फजलहक फारूकी और स्पिनर राशिद खान ने बेहतरीन गेंदबाजी की। फारूकी ने 3.2 ओवर में 17 रन देकर चार विकेट चटकाए। वहीं, राशिद खान ने चार ओवर में 17 रन देकर चार विकेट झटके।

कीवी टीम के सिर्फ दो बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचे: न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी बेहद निराशाजनक रही और सिर्फ दो बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंचे। ग्लेन फिलिप्स ने दो चौकों के साथ 18 और मैट हेनरी ने एक छक्के के साथ 12 रन बनाए।

जबरदस्त प्रदर्शन : ग्रुप-डी का मैच दो विकेट से जीता

बांग्लादेश ने श्रीलंका को पहली बार विश्व कप में हराया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

डलास. गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से बांग्लादेश ने रविवार को आइसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप-डी मैच में श्रीलंका को दो विकेट से मात दी। यह विश्व कप इतिहास में बांग्लादेश की श्रीलंका पर तीन मैचों में पहली जीत है। टॉस जीतकर बांग्लादेश ने गेंदबाजी चुनी और श्रीलंका को नौ विकेट पर 124 रन ही बनाने दिए। जवाब में बांग्लादेश ने 19 ओवर में आठ विकेट पर 125 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

रिशाद हुसैन।

प्लेयर ऑफ द मैच: स्पिनर रिशाद ने 3 विकेट झटके
बांग्लादेश के 21 वर्षीय स्पिनर रिशाद हुसैन ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने।

टी-20 विश्व कप : नीदरलैंड्स को 4 विकेट से हराया

मिलर और ओटनील के दम पर दक्षिण अफ्रीका जीता

विकेट लेने के बाद खुशी मनाते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

न्यूयॉर्क. दक्षिण अफ्रीका ने तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन और बल्लेबाज डेविड मिलर के दम पर शनिवार को यहां खेले गए टी-20 विश्व कप मैच में नीदरलैंड्स को चार विकेट से शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए नीदरलैंड्स ने नौ विकेट पर सिर्फ 103 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18.5 ओवर में छह विकेट पर 106 रन बनाकर जीत हासिल कर ली।

मिलर प्लेयर ऑफ द मैच : लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 12 रन तक चार विकेट गंवा दिए थे। लेकिन डेविड मिलर ने तीन चौकों और चार छक्कों के साथ 59 रन की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिला दी।

आज के मुकाबले

वेस्टइंडीज VS युगांडा
प्रसारण: सुबह 6.00 बजे से
स्थान: प्रोविडेंस, गयाना

भारत VS पाकिस्तान
प्रसारण: रात 8.00 बजे से
स्थान: न्यूयॉर्क

स्कॉटलैंड VS ओमान
प्रसारण: रात 10.30 बजे से
स्थान: न्यूयॉर्क

ओटनील ने झटके चार विकेट: दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन ने चार विकेट हासिल किए। उन्होंने चार ओवर में सिर्फ 11 रन दिए। वहीं, मार्को जेंसन और केगिसो रबाडा ने दो-दो विकेट लिए।

आइसीसी टी-20 विश्व कप : न्यूयॉर्क के नासाउ क्रिकेट स्टेडियम में आज खेला जाएगा मैच

महामुकाबला : पाकिस्तान पर सातवीं जीत दर्ज करने उतरेगी टीम इंडिया

न्यूयॉर्क @ पत्रिका. आइसीसी टी-20 विश्व कप का सबसे बड़ा मुकाबला रविवार को नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा, जब भारत और पाकिस्तान एक-दूसरे के खिलाफ मैदान पर उतरेगी। इस मैच में सभी की नजरें दोनों टीमों के तेज गेंदबाजों पर रहेंगी, क्योंकि नासाउ की पिच तेज गेंदबाजों की मददगार मानी जाती है। यदि रेकॉर्ड पर नजर डालें तो भारतीय टीम का पलड़ा भारी नजर आता है। दोनों टीमों के बीच विश्व कप में कुल सात मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें छह भारतीय टीम ने जीते हैं...

जसप्रीत बुमराह
रोहित शर्मा, कप्तान

टीम इंडिया

जीते तो सुपर-8 में जगह पक्की

भारतीय टीम ने पहले मैच में आयरलैंड को शिकस्त दी थी। टीम इंडिया यदि पाकिस्तान को भी हरा देती है तो उसकी सुपर-8 में जगह लगभग पक्की हो जाएगी। इसके बाद भारतीय टीम का मुकाबला कनाडा और अमरीका की टीम से होगा, जिसके खिलाफ जीत हासिल करना ज्यादा मुश्किल नहीं होगा।

हारे तो अगले दौर में पहुंचना मुश्किल

पाकिस्तान

अमरीका के खिलाफ पहले मैच में उलटफेर का शिकार होने वाली पाक टीम के लिए भारत के खिलाफ करो या मरो वाला मुकाबला होगा। पाकिस्तान को यदि सुपर-8 में जगह बनानी है तो उसे हर हाल में भारतीय टीम को हराना होगा। पाक टीम ने भारत को टी-20 विश्व कप में एकमात्र बार 2021 में शिकस्त दी है।

गुरुमंत्र पहले गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी
भारत-पाक के बीच खेले गए कुल सात मैचों में पहले गेंदबाजी करने वाली टीम ने पांच मैच जीते हैं। वहीं, नासाउ स्टेडियम की विकेट भी गेंदबाजों की मददगार है। यहां पेसरों को शुरुआत में स्विंग और उछाल मिलता है।

बाबर आजम, कप्तान
शाहीन शाह अफरीदी

इन दिग्गजों पर रहेंगी नजरें

विराट-रोहित से अच्छी ओपनिंग की आस: आयरलैंड के खिलाफ रोहित और विराट कोहली ने पारी की शुरुआत की थी, पर विराट जल्द आउट हो गए थे। पाक के मजबूत पेस आक्रमण के खिलाफ दोनों के आगे तेज गति से रन बनाने की चुनौती है।

बुमराह-सिराज को विकेट चटकाने होंगे: भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी की बागडोर जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के कंधों पर रहेगी। यदि बुमराह और सिराज जल्द विकेट लेने में सफल हुए तो पाक टीम पर दबाव बन सकता है।

कुलदीप को मिल सकता है मौका: भारतीय टीम अंतिम एकादश में बदलाव कर सकती है और स्पिनर कुलदीप यादव को मौका मिल सकता है क्योंकि पाकिस्तान के खिलाफ उनका रेकॉर्ड बेहतरीन रहा है। ऐसे में अक्षर पटेल बाहर हो सकते हैं।

कब-कब हुई भिड़ंत

साल	परिणाम	स्थान
2022	भारत 4 विकेट से जीता	मेलबर्न
2021	पाकिस्तान 10 विकेट से जीता	दुबई
2016	भारत 06 विकेट से जीता	कोलकाता
2014	भारत 07 विकेट से जीता	मीरपुर
2012	भारत 08 विकेट से जीता	कोलंबो
2007	भारत 05 रन से जीता	जोहानिसबर्ग
2007	भारत बॉल आउट में जीता	डरबन

टॉस हो सकता है बॉस: नासाउ क्रिकेट स्टेडियम की पिच तेज गेंदबाजों की मददगार रहेगी। ऐसे में जो टीम इस मैच में टॉस जीतेगी, वो यहां पहले गेंदबाजी करना पसंद करेगी।

टीम इंडिया को इनसे बचना होगा...

रिजवान-फखर को जल्द करना होगा आउट: पहले मुकाबले में ओपनर मोहम्मद रिजवान और मध्यक्रम के बल्लेबाज फखर जमन भले ही सस्ते में आउट हो गए, लेकिन भारत के खिलाफ इन दोनों का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा है।

पाक पेस बैटरी से रहना होगा सावधान: पाक के पास नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, हारिफ रऊफ और मोहम्मद आमिर के रूप में जोरदार पेस आक्रमण है। अफरीदी और आमिर लेफ्ट आर्म पेसर हैं, जो घातक हो सकते हैं।

कप्तान बाबर पर दबाव: अमरीका से मिली हार के बाद पाक कप्तान बाबर आजम पर दबाव रहेगा। पहले मैच में उन्होंने 43 गेंदों में 44 रन की धीमी पारी खेली थी, जिसके लिए उनकी आलोचना हो रही है। उनकी कप्तानी पर भी सवालिया निशान है।

आज का पोल

क्या भारतीय टीम विश्व कप मैच में पाकिस्तान को शिकस्त दे पाएगी?
YES NO
हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। X @PatrikaNews

शनिवार का जवाब
हां 35% नहीं 65%
पिछला सवाल: क्या पाकिस्तान की टीम विश्व कप के सुपर-8 में जगह बनाने में सफल होगी?

फुटबॉल

कतर के खिलाफ 23 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित की गई

हरारे @ पत्रिका. भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमैक ने कतर के खिलाफ आगामी फीफा विश्व कप क्वालीफायर के दूसरे चरण के मैच के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की है। ब्लू टाइगर्स अपना आखिरी ग्रुप-ए मैच 11 जून को दो बार के एशियन चैंपियन कतर के खिलाफ दोहा स्थित अल रेयान के अहमद बिन अली स्टेडियम में खेलेगी। इस मैच में टीम को पूर्व कप्तान सुनील छेत्री की कमी खलेगी जिन्होंने हाल ही में खेल से संन्यास ले लिया है।

भारतीय फुटबॉल टीम:
गोलकीपर: गुरजीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ
डिफेंडर: अनवर अली, जय गुप्ता, मेहताब सिंह, नरेंद्र, निखिल पूजारी, राहुल भेके
मिडफील्डर: अनिरुद्ध थापा, ब्रैंडन फर्नांडीज, एडमंड लालरिंडिका, जैक्सन सिंह थौनाओजम, लल्लियानजुआला चांग्ते, लिस्टन कोलाको, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह वांगजम
फारवर्ड: मनवीर सिंह, रहीम अली, विक्रम प्रताप सिंह, डेविड लालहलनसांगा

CROSSWORD 7009...



बाएं से दाएं... 1. स्वादिष्ट, सुस्वादु, मीठा (3), 3. रुचि का, अच्छा लगने वाला (4), 6. धूल, गर्द (2), 7. नमूना (3), 8. जंगल, अरण्य (2), 9. अभागा, भाग्यहीन, बदकिस्मत (4), 11. अंतर्गत (3), 12. जानकार, वाकिफ (2), 13. गर्व, अदा (2), 15. तरबूज (3), 16. बराबर, जैसा, सदृश (3), 17. अवधि, वक्त, बेला (3), 18. कामना (3), 20. रिश्ता, सम्बन्ध (2), 21. भाग्य, किस्मत (3), 22. चर्बी (2), 23. मुर्दा, घाटी, फरियादी (2), 24. भगिनी (3), 26. आकाश, गगन (2), 27. रोग, बीमारी (2), 28. अंजन, काजल (3)

ऊपर से नीचे... 1. देश/ राज्य की सीमा (4), 2. चांदी (3), 3. पानी, जल (2), 4. मौशीकार, गायनाचार्य (4), 5. निमंत्रण-पत्र (3-2), 7. विद्रोही, विप्लवी (2), 10. हिन्दुस्तानी (4), 14. बरात ठहराने का स्थान (4), 15. मोह, वात्सल्य (3), 16. स्तुति, वंदना, प्रशंसा (2), 17. शाश्वत, परंपरानिष्ठ, अनादि (4), 18. रहने वाला (2), 19. कारण, हेतु (3), 21. सखा, मित्र (3), 22. जंगल में उत्पन्न (3), 25. अधिकार (2)

हल 7008

SUDOKU 6744...

1		7					8	
8					2			
		6	1		4	9		
			6					
9		1	8	4			3	
	3				1		5	
								4
6				1				
3			7					8

हल 6743

5	2	4	6	3	1	7	8	9
1	6	9	7	4	8	2	5	3
8	3	7	9	5	2	1	6	4
9	4	8	2	6	3	5	7	1
3	1	2	5	8	7	4	9	6
7	5	6	4	1	9	3	2	8
2	8	1	3	7	6	9	4	5
6	7	5	1	9	4	8	3	2
4	9	3	8	2	5	6	1	7

कैसे खेलें: वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

नार्वे शतरंज 2024 : नाकामुरा को अंतिम दौर में हरा तीसरे स्थान पर रहे प्रग्गनानंदा

कार्लसन और जू वेनजुन ने जीता खिताब

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

स्टावेंजर. दुनिया के नंबर-एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और चीन की जू वेनजुन ने अपने ख्याति के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए नार्वे शतरंज में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। 65 हजार डॉलर इनामी राशि वाली प्रतियोगिता में नार्वे के कार्लसन ने कुल 17.5 अंक के साथ अपने अभियान का समापन किया।

वहीं, भारत के 19 वर्षीय खिलाड़ी आर प्रग्गनानंदा से आखिरी दौर में हारने वाले हिकारू नाकामुरा 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, प्रग्गनानंदा 14.5 अंक संग तीसरे स्थान पर रहे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा (13.5 अंक) को चौथा स्थान मिला।

खिताब जीतने वाले नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन और चीन की जू वेनजुन।

महिला वर्ग में चीनी खिलाड़ी शीर्ष पर: चीन की जू वेनजुन ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 19 अंक अर्जित किए। भारत की आर वैशाली 12.5 अंक के साथ चौथे व कोनेरू हंपी 10 अंकों संग 5वें नंबर पर रहीं।

शीर्ष-3 खिलाड़ियों को हराने वाले प्रग्गनानंदा पहले ग्रैंड मास्टर: टूर्नामेंट में शीर्ष-3 खिलाड़ियों को हराने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने मैग्नर्स कार्लसन और फैबियानो कारूआना के अलावा अंतिम राउंड में नाकामुरा को शिकस्त दी।

बुडापेस्ट कुश्ती 2024: भारतीय महिला पहलवानों को फाइनल में मिली हार

अंतिम पंघाल-अंशु मलिक ने जीता रजत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बुडापेस्ट. भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और अंशु मलिक ने शुक्रवार को यहां बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज के अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हांगझाऊ एशियन गेम्स 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली अंतिम पंघाल को महिलाओं की 53 किग्रा भारवर्ग के फाइनल में स्वीडन की जोना मालमग्रेन से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। वही, 57 किग्रा में अंशु मलिक को फाइनल में 21 वर्षीय चीनी पहलवान केक्सिंग होंग से हार मिली। विश्व नंबर एक पहलवान के खिलाफ अंशु तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हारीं।

अंशु मलिक।

अंतिम पंघाल।

विनेश फोगाट ने किया निराश: भारत की अनुभवी और दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने निराश किया। विनेश 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं और रेपचेज राउंड में जगह नहीं बना सकी। विनेश पेरिस ओलंपिक में जगह बना चुकी हैं।

फ्रेंच ओपन टेनिस : पोलैंड की दिग्गज खिलाड़ी ने महिला एकल के फाइनल में इटालियन खिलाड़ी जैस्मीन पाउलोनी को दी शिकस्त

रौलां गैरो पर नंबर-1 स्विटेक की खिताबी हैट्रिक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पेरिस. दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्विटेक ने शनिवार रात फ्रेंच ओपन में अपनी बादशाहत कायम रखते हुए महिला एकल का खिताब जीत लिया। पोलैंड की टॉप सीड खिलाड़ी ने फाइनल में इटली की 12वीं वरीय जैस्मीन पाउलोनी को सीधे सेटों में 6-2, 6-1 से शिकस्त दी और रौलां गैरो पर खिताबी हैट्रिक पूरी कर ली।

पांचवां ग्रैंड स्लेम खिताब : स्विटेक ने फ्रेंच ओपन में चौथा और करियर का कुल पांचवां ग्रैंड स्लेम खिताब अपने नाम किया। वह 2020, 2022, 2023 और 2024 में फ्रेंच ओपन और 2022 में यूएस ओपन चैंपियन बनीं। इसके अलावा, स्विटेक 2021 से रौलां गैरो पर अजेय हैं।

दबदबा **21** मैच लगातार फ्रेंच ओपन में ***स्विटेक ने जीते*** **35** मैच जीते फ्रेंच ओपन में ***37 मुकाबलों में***

शनिवार को ट्रॉफी जीतने के बाद इगा स्विटेक ने बॉल किड्स के साथ पोज दिया।

सर्वाधिक खिताब जीतने वाली चौथी खिलाड़ी: स्विटेक फ्रेंच ओपन में सर्वाधिक महिला एकल खिताब जीतने वाली चौथी खिलाड़ी बन गई हैं। इस सूची में सात खिताब के साथ क्रिस एवर्ट पहले स्थान पर हैं। छह खिताब स्टेफी ग्राफ और सुजैन लेंगलेन जबकि पांच खिताब मार्गट कोर्ट और एडेन मेसन ने जीते हैं।

निर्णायक जंग : आज पुरुष एकल का फाइनल

मिलेगा नया बादशाह

09 मैच कुल ज्वेरेव ने ***अल्कारेज से खेले हैं***
05 मैच ज्वेरेव ने जीते, ***04 अल्कारेज के नाम रहे***
05 पिछले मैचों में तीन मैच ***अल्कारेज ने ज्वेरेव से जीते***

पेरिस @ पत्रिका. साल के दूसरे ग्रैंड स्लेम फ्रेंच में रविवार को पुरुष एकल का खिताबी मुकाबला स्पेन के तीसरी वरीय खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज और जर्मनी के चौथी एलेक्जेंडर ज्वेरेव के बीच खेला जाएगा। खास बात यह है कि रौलां गैरो को नया बादशाह मिलेगा क्योंकि अल्कारेज और ज्वेरेव पहली बार यहां फाइनल में पहुंचे हैं।

27 वर्षीय ज्वेरेव की नजरें करियर का पहला ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने पर है। वह दूसरी बार किसी ग्रैंड स्लेम के फाइनल में पहुंचे हैं। वहीं, अल्कारेज करियर में दो ग्रैंड स्लेम जीत चुके हैं। उन्होंने 2022 में यूएस ओपन और 2023 में विम्बलडन जीता था।

इस सप्ताह विशेष

सोमवार
सीएम की शपथ लेंगे तमांग
पीएस तमांग सिक्किम के सीएम पद की शपथ लेंगे। तमांग दूसरी बार सीएम पद की बागडोर संभाल रहे हैं।

मंगलवार
कांग्रेस की धन्यवाद यात्रा
यूपी में लोकसभा चुनाव के परिणामों से उत्साहित कांग्रेस 11 से 15 जून तक प्रदेश में धन्यवाद यात्रा निकालेगी।

बुधवार
आंध्रप्रदेश में टीडीपी प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू बनेंगे सीएम। केसरपल्ली आइटी पार्क में ले सकते हैं शपथ।

शनिवार
फिल्म महोत्सव शुरू
मुंबई इंटरनेशल फिल्म महोत्सव के 18वां संस्करण की शुरुआत, 21 जून तक चलेगा।

रविवार
सऊदी अरब में ईद उल अजहा 16 जून को मनाया जाएगी। इस बार हज पर आएंगे रेकॉर्ड तीर्थयात्री।

श्रद्धांजलि

24 कैरट खरे रामोजी

गुलाब कोठारी

'यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा तत्त्वेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम्।। (गीता 10/41)

जो-जो भी विभूतियुक्त और शक्तियुक्त वस्तु है, उस-उसको तू मेरे तेज के अंश की ही अभिव्यक्ति जान।

कृष्ण का मन्तव्य है कि हर काल में, मैं किसी न किसी रूप में प्रकट होता रहता हूं। विभूति एवं शक्ति, विलक्षण प्रतिभा देखकर इसे पहचान सकते हो। ऐसी ही विभूति थे हैदराबाद स्थित 'फिल्म सिटी' के निर्माता, तेलुगु दैनिक ईनाडु के संस्थापक, आंध्रप्रदेश की तत्कालीन राजनीति के 'किंगमेकर' तथा अपने सिद्धान्तों पर डटे रहने वाले कर्मयोगी-रामोजी राव। शनिवार को उन्होंने 87 वर्ष की उम्र में नए जीवन के लिए महाप्रयाण किया।

रामोजी पत्रकार तो थे ही, सही मायने में जनहित के प्रहरी पत्रकार थे। अन्तिम दिनों में आंध्रप्रदेश सरकार से इसी कारण जूझ रहे थे। सरकार किस प्रकार समाचारों को लेकर आक्रोश में थी, इसका अनुमान इसी बात से लगा सकते हैं कि रामोजी ग्रुप के प्रत्येक कार्यालय पर छापे मारे गए थे। व्यक्तिगत रूप से पदाधिकारियों, रामोजी के पुत्र/पुत्रवधुओं के विरुद्ध मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी वारंट जारी हैं। जगन सरकार चाहती रही कि सरकार के विरुद्ध कोई समाचार नहीं छपे। रामोजी कभी तैयार नहीं हुए। एक हद दर्जे की प्रताड़ना इनके परिवार ने सही। उनकी निर्भीक कलम को लाखों सलाम!

रामोजी व्यापारी भी थे। शुरुआती दिनों में अचार बनाने तथा फिल्में बनाने का कार्य किया। आज भी 'प्रिया' अचार देश में अपना स्थान रखता है। अचारों में लगभग 50 तरह के प्रयोग किए गए। रामोजी के सिद्धान्त व्यापार में भी उतने ही दृढ़ थे, जितने पत्रकारिता में। उनकी साख यह थी कि हजारों करोड़ के कारोबार में सारा लेन-देन चेक से होता है। सरकार ने कई बार कई तरीकों से जांचें करा लीं, कुछ नहीं मिला। अन्त में फिल्म सिटी की जमीन के एक हिस्से को सीमा से आगे बताकर जब्त करने की कार्रवाई शुरू की।

रामोजी के दबदबे को मैंने वर्ष 1983-84 के विधानसभा चुनावों में देखा। कर्नाटक में भी इसी के साथ चुनाव हुए थे। मेरी ड्यूटी दोनों प्रदेशों के चुनाव कवर करने की लगी थी। कर्नाटक में रामकृष्ण हेगड़े और आंध्रप्रदेश में एन.टी. रामाराव मुख्यमंत्री बने थे। रामाराव का फिल्मों में बड़ा नाम था। रामोजी ने उनके प्रचार अभियान को संभाला और सरकार बनाने का श्रेय प्राप्त किया। बाद में रामोजी ने ही सरकार के कार्यों से हताश होकर उन्हें विदा भी करवाया। वे सदा के हितैषी रहे। इसी कारण श्रद्धेय बाबूसा. के साथ उनके निजी सम्बन्ध रहे। आज तो पारिवारिक रूप बन गया।

उन्होंने समय के साथ बदलाव को भी अपनाया। तभी तो फिल्म सिटी जैसा आधुनिक उपक्रम खड़ा कर दिया। रामोजी भारतीय संस्कृति के भी उतने ही गंभीर पोषक थे। इसका मैंने उनकी तीन पोतियों की शादियों में साक्षात किया है। हर शादी में उनको 'वर' के चरण पखारते हुए देखा है। हजारों अतिथियों की उपस्थिति में। मैं जब भी उनके घर खाना खाने गया, तब दोनों पति-पत्नी मेरे दोनों ओर बैठते थे। दोनों पुत्रवधुएं हम तीनों को खाना परोसती थीं। इस आतिथ्य को पाकर कौन अतिथि विशिष्ट नहीं बन जाएगा।

रामोजी ने कई सरकारें आती-जाती देखीं। राज्य में भी और केन्द्र में भी। कभी राजनीति से न जुड़े, न ही झुके। मुझे दो-तीन बार विशेष शाबाशी इस बात के लिए भी दी कि 'कुलिश की तरह तुम और तुम्हारी नई पीढ़ी भी जनता के विश्वास को उतनी ही समर्पित है। मैंने 'जब तक काला, तब तक ताला' अभियान को बारीकी से देखा-समझा है। मैं बहुत खुश हूं।'

रामोजी राव को पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान के लिए वर्ष 2016 में देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। तेलुगु सिनेमा और मीडिया में उनके योगदान के लिए भी कई सम्मान और पुरस्कार प्राप्त हुए। रामोजी ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के अध्यक्ष का दायित्व भी निभाया। ऐसे बहुआयामी, प्रयोगधर्मी व्यक्तित्व, जो अपने कृतित्व की गहरी छाप छोड़ जाएं, इस धरा पर कम ही आते हैं। शत-शत नमन।

ड्रेगन रेस : कवि की याद में नदी में दौड़ाईं बोट

ताइपे. ताइवान की राजधानी में पारंपरिक चीनी ड्रेगन बोट रेस में हिस्सा लेते ड्रेगन बोट चालक दल के सदस्य। ड्रेगन बोट रेस प्राचीन चीनी कवि-राजनेता चू युआन की याद में होती है, जिन्होंने 277 ईसा पूर्व में सरकारी भ्रष्टाचार की निंदा करते हुए नदी में डूबकर अपनी जान दे दी थी।

एनएसएसओ रिपोर्ट: शहरों में ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में विषमता ज्यादा घटी

राहत: पिछले 10 सालों में अमीर और गरीब में कम हुई असमानता की खाई

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस (एनएसएसओ) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2011-12 से 2022-23 के दौरान देश में आर्थिक असमानता में कमी आई है। रिपोर्ट बताती है कि उपभोग पर खर्च में देश के सबसे अमीर 10 फीसदी परिवारों का हिस्सा कम हुआ और सबसे गरीब आबादी का खर्च बढ़ा है। रिपोर्ट के अनुसार, देश के उपभोग व्यय में ग्रामीण व शहरी परिवारों के शीर्ष 10% का हिस्सा केवल 22.7% और 25.7% है। जबकि 2011-12 में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए यह 24.6% और 29.7% था।

इस तरह सबसे अमीर आबादी के खर्च में 2011-12 की तुलना में कमी आई है। वहीं, कुल उपभोग में निचले 50% का हिस्सा 31.8% और 28.6% है। जबकि 2011-12 में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए निचले 50% का हिस्सा 30.9% और 25.9% था। इस तरह 2011-12 की तुलना में गरीब आबादी के खर्च में वृद्धि है। अमीरों की तुलना में गरीबों का उपभोग खर्च बढ़ना बताता है कि असमानता में कमी आई है। साथ ही, इससे यह भी पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में असमानता में ज्यादा कमी आई है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता में अपेक्षाकृत कम।

शहरी-ग्रामीण उपभोग असमानता
केरल, पंजाब और राजस्थान में सबसे कम, छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा

(आंकड़े रुपए में)

राज्य	ग्रामीण	शहरी	अंतर
केरल	5,924	7,078	19%
पंजाब	5,315	6,544	23%
राजस्थान	4,263	5,913	39%
तमिलनाडू	5,310	7,630	44%
उत्तर प्रदेश	3,191	5,040	58%
मध्य प्रदेश	3,113	4,987	60%
तेलांगाना	4,802	8,158	70%
गुजरात	3,798	6,621	74%
छत्तीसगढ़	2,466	4,483	82%
भारत	3,773	6,459	71%

सर्वेक्षण के आंकड़ों पर सवाल: *रिपोर्ट में उपभोग असमानता की वास्तविक सीमा को कम करके आंका गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण और शहरी परिवारों के शीर्ष 5% का औसत मासिक उपभोग केवल 10,501 और 20,824 रुपए है। यह हकीकत से दूर लगता है।*

उपभोग: केरल-तेलंगाना सबसे समृद्ध राज्य
अमीरों और गरीबों के बीच की खाई शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में कम हुई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के हिसाब से उपभोग के पैमाने पर केरल सबसे अमीर राज्य है, जहां प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग व्यय 5,924 रुपये है। वहीं, शहरी इलाकों के हिसाब से तेलंगाना सर्वाधिक समृद्ध है। तेलंगाना के शहरी इलाकों में उपभोग पर लोग औसतन हर महीने 8,158 रुपये खर्च कर रहे हैं। अन्य राज्यों के शहरी इलाकों की तुलना में औसतन यह सबसे ज्यादा है।

10 साल बाद रिपोर्ट
इस सर्वेक्षण ग्रामीण क्षेत्र के 8,723 गांवों में 1,55,014 परिवार शामिल किए गए, जबकि शहरी क्षेत्र में 6,115 ब्लॉकों के 1,06,732 परिवार इसमें शामिल किए गए। उपभोग के स्तर पर एनएसएसओ की मौजूदा रिपोर्ट काफी अंतराल के बाद आई है। इससे पहले आखिरी रिपोर्ट 2011-12 में आई थी। उसके बाद 2017-18 में भी रिपोर्ट का प्रकाशन होना था, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उसे सरकार ने खारिज कर दिया था। बाद में कोरोना के चलते सर्वेक्षण का काम टलता रहा।

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट : महाराष्ट्र व कर्नाटक में भारी वर्षा का अनुमान

मध्य भारत में आगे बढ़ा मानसून, अगले कुछ दिन कई राज्यों में बरसेंगे बदरा

नई दिल्ली @ पत्रिका. दक्षिण-पश्चिम मानसून मध्य अरब सागर, दक्षिण महाराष्ट्र, तेलंगाना और दक्षिण छत्तीसगढ़ तथा दक्षिण ओडिशा के कुछ हिस्सों के साथ-साथ तटीय आंध्र प्रदेश के कुछ अतिरिक्त क्षेत्रों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में मध्य अरब सागर के शेष हिस्सों और मुंबई तथा तेलंगाना सहित महाराष्ट्र के कुछ अतिरिक्त क्षेत्रों में मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले पांच दिनों में महाराष्ट्र और तटीय तथा उत्तरी आंतरिक कर्नाटक में भारी बारिश होने की संभावना है।

जैसलमेर. शनिवार शाम हुई बारिश से अमरसागर प्रोल में भरा पानी।

राजस्थान और मप्र में भी बारिश: अगले पांच दिनों में मध्य प्रदेश में छिटपुट बारिश हो सकती हैं। इस अवधि के दौरान राजस्थान में भी धूल भरी आंधी और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, राजस्थान में मानसून 20 जून तक प्रवेश कर सकता है। इसके बाद राज्य में अच्छी बारिश के साथ लोगों को गर्मी से भी राहत मिलेगी।

कनाडा

खालिस्तानियों पर कार्रवाई हो: मंत्री

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

ओटावा. कनाडा के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक ने हिंसा को बढ़ावा देने वाले खालिस्तानियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया है। लेब्लांक ने शनिवार को एक्स पर लिखा, 'इस सप्ताह, वैंकूवर में भारत की पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाली तस्वीरें और खबरें थीं। कनाडा में हिंसा को बढ़ावा देना कभी भी स्वीकार्य नहीं है।' भारतीय मूल के कनाडाई सांसद चंद्र आर्य ने भी इंदिरा गांधी के हत्यारों का महिमामंडन करने वाले खालिस्तानियों की आलोचना की।

यूरोप: पीएम मोदी ने की हमले की निंदा

डेनमार्क की पीएम पर हमला
बाल-बाल बचीं, हमलावर गिरफ्तार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कोपेनहेगन. डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेट फ्रेडरिक्सन पर कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने अचानक पीछे से हमला कर दिया। चश्मदीदों के मुताबिक आरोपी ने पीछे से आकर फ्रेडरिक्सन को जोर से धक्का मारा, जिससे वह गिरते-गिरते बचीं। हमले की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित यूरोपीय संघ के प्रमुखों ने निंदा की है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय के हवाले से कहा गया है कि फ्रेडरिक्सन इस हमले के बाद से सदमे में हैं।

यह हमला 9 जून को यूरोपियन यूनियन के चुनाव से पहले हुआ है। फ्रेडरिक्सन सोशल डेमोक्रेट्स यूरोपीय संघ के प्रमुख उम्मीदवार क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ प्रचार के दौरान लौट रही थीं। इसी दौरान एक आदमी आया और उनके कंधे पर बहुत जोर से धक्का मारा।

फिको पर भी हुआ था जानलेवा हमला
हाल में यूरोपीय राजनेताओं पर हमले बढ़े हैं। करीब तीन सप्ताह पहले स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको पर भी जानलेवा हमला हुआ था। हमलावर ने पांच गोलियां चलाई थी, जिनमें से एक फिको के पेट में लगी। उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, अब वे रिकवरी कर रहे हैं। इसके अलावा, जर्मनी में चुनाव प्रचार के दौरान पिछले महीने सोशल डेमोक्रेट नेता एमईपी मैथियास की पिटाई की गई थी।

TRENDING NEWS ट्रेंडिंग न्यूज

अवैध प्रवासी भेजने वाले चीन पर कर
अमरीका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा है कि यदि वह नवंबर में चुनाव जीतते हैं तो वह चीन सहित उन देशों पर टैरिफ लगा सकते हैं, जो अपने क्षेत्र से अमरीका में अवैध अप्रवासियों के प्रवाह को नहीं रोक पा रहे। वे चुनाव अभियान के दौरान एक सवाल का जवाब दे रहे थे

बाइडन की जेलेंस्की से माफी
अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने सैन्य सहायता पैकेज में देरी के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से माफी मांगते हुए कहा कि इसमें देरी के कारण पिछले दिनों रूस को युद्ध में बढ़त बनाने में मदद मिली।

पत्रिका पोल

Q क्या डॉक्टरों की प्रामाणिकता सत्यापित करने क्लीनिकों में उनके क्यूआर कोड लगाने से फर्जीवाड़ा खत्म हो सकता है?

कल का सवाल था
क्या रोजगार या अध्ययन के लिए सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर भरोसा घट रहा है?

जवाब: 90% हां, 10% नहीं

स्कैन करें...

मध्य गाजा में सबसे बड़ा सैन्य अभियान

भीषण संघर्ष के बीच इजरायल ने 8 माह बाद चार बंधकों को छुड़ाया

हमाल के चंगुल से सैन्य अभियान में छुड़ाए गए चार इजरायली बंधक

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

तेलअवीव. हमास के साथ जंग शुरू होने के बाद से बंधकों को बचाने के लिए इजरायली सेना ने शनिवार को अपना सबसे बड़ा सैन्य अभियान चलाया और मध्य गाजा में भीषण लड़ाई के बीच चार इजरायली लोगों को 8 महीने बाद मुक्त कराने में सफलता हासिल की, जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर को बंधक बना लिया था। अभियान के दौरान, हमास के ठिकानों पर तथा जमीनी सैनिकों की सहायता के लिए भारी हवाई हमले किए गए। इस कार्रवाई में 100 से ज्यादा फिलिस्तीनियों के साथ एक इजरायली कमांडो भी मारा गया है। इजरायली सेना ने बताया कि उसने दिन के दौरान चलाए गए सैन्य अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोजलोव (27) और श्लोमी जिव (40) को मुक्त करा लिया है। बंधकों को नुसीरात के मध्य में मौजूद दो अलग-अलग जगहों से बचाया गया और वे सभी ठीक हैं।

यूएन ने इजरायल को किया ब्लैक लिस्टेड
संयुक्त राष्ट्र ने इजरायल और हमास को काली सूची में डालने का फैसला किया है। संयुक्त राष्ट्र ने गाजा में इजरायल द्वारा पिछले 72 घंटों में यूएन संचालित दो स्कूलों पर किए हमलों के बाद यह कदम उठाया, जिसमें 50 से ज्यादा लोग मारे गए। यूएन महासचिव एंटोनियो गुटरेस सुरक्षा परिषद को दी जाने वाली वार्षिक रिपोर्ट में इन दोनों नामों को शामिल करेंगे।

100 से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए: मध्य गाजा में जिस जगह से बंधक बचाए गए वहां से डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा हॉस्पिटल में करीब 100 फिलिस्तीनियों के शव और 100 से ज्यादा घायल लाए जाने का दावा किया गया है। वहीं, इजरायल ने बताया कि 130 से ज्यादा बंधक अभी भी बचे हैं।

इंडिया @ शॉर्ट रीड

बंगाल | तृणमूल विधायक ने मारपीट पर मांगी माफी
कोलकाता @पत्रिका. अभिनेता व चांदीपुर के तृणमूल विधायक सोहम चक्रवर्ती पर न्यू टाउन में एक रेस्तरां मालिक की पिटाई का आरोप लगा है। रेस्तरां मालिक आसुल आलम ने अवैध पार्किंग से कार हटाने का कहने पर मारपीट का आरोप लगाया है। मामला वायरल होने पर सोहम ने माफी मांगते हुए कहा है कि आसुल तृणमूल नेता अभिषेक बनर्जी के लिए अपशब्द कह रहा था। वहीं, अनिसुल ने इससे इनकार किया है।

वायरल | बिहार में यात्रियों ने जलती बोगी की अलग

बिहार के किऊल स्टेशन पर पटना-जेसीडीह मेमू ट्रेन में शुक्रवार को लगी आग के बाद का यह दृश्य वायरल हो रहा है। यात्रियों ने आग फैलने से रोकने के लिए बोगियों को धक्का लगाकर अलग कर दिया।

कश्मीर | मजदूर की गोली लगने से मौत
श्रीनगर @पत्रिका. जम्मू-कश्मीर के साम्बा जिले में सीमा पर गोली लगने से एक मजदूर की मौत हो गई है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। असैन्य श्रमिक की पहचान वासुदेव के रूप में हुई है। वह अखनूर का रहने वाला था। शुक्रवार देर रात रीगल आउटपोस्ट के पास उसे गोली लगी थी। जिला अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

वर्ल्ड @ शॉर्ट रीड

रूस | यूक्रेन के 'पश्चिमी हथियारों से हमले' में 26 मरे
मॉस्को @पत्रिका. रूस के कब्जे वाले लुगांस्क और खेरसॉन क्षेत्रों के कुछ हिस्सों पर यूक्रेनी हमलों में शुक्रवार को 26 नागरिक मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। एक स्टोर पर भी मिसाइल हमले हुए। दोनों यूक्रेनी क्षेत्र उन चार क्षेत्रों में से थे, जिन पर रूस ने सितंबर 2022 में कब्जा करने का दावा किया था। क्षेत्र के अधिकारियों ने कहा है कि यूक्रेन को पश्चिमी हथियारों की डिलीवरी से नागरिक मारे जा रहे हैं।

पाकिस्तान | बलूचिस्तान में सुरक्षाकर्मियों से झड़पें
चमन @पत्रिका. पाकिस्तान के बलूचिस्तान के सीमावर्ती शहर चमन में में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़पें शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी जारी रहीं। अब तक आठ सुरक्षाकर्मियों सहित 20 लोग घायल हो गए हैं और 45 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है। यह अशांति वैध पासपोर्ट और वीजा वाले व्यक्तियों के लिए अफगानिस्तान सीमा पार करने को बैन करने वाले सरकारी नियमों पर असंतोष से उपजी है।

महिलाएं अपने सपनों के लिए खुद मेहनत करें, आगे बढ़ें

SUNDAY GUEST EDITOR
संडे गेस्ट एडिटर @वुमन

सोच यह: महिलाओं के प्रति नजरिया बदलें, उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद करें।

सुझाव भेजें
sunday@in.patrika.com

किरण राव, संडे गेस्ट एडिटर
patrika.com

मुंबई. महिलाओं के जीवन में संघर्ष छोटी उम्र से ही शुरू हो जाता है और उस समय उन्हें सबसे ज्यादा भावनात्मक सहयोग की जरूरत होती है। हाल में मेरी निर्देशित फिल्म 'लापता लेडीज' रिलीज हुई है जिसमें मैंने गांव की लड़कियों को सशक्त बनाने के लिए काम किया है। यह फिल्म ग्रामीण भारत में महिला सशक्तीकरण पर एक नया दृष्टिकोण दिखाती हुई, पुराने ढर्रे को तोड़ती है। सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती है। दरअसल, यह भारत में एक महिला होने के अर्थ को फिर से परिभाषित करती है।

किरण राव
निर्माता-निर्देशक

अपनी बेटियों पर भरोसा जताएंगे तो उन्हें जीवन में बेहतर करने की हिम्मत मिलेगी।

महिलाएं सशक्त तो परिवार खुशहाल

हम तीनों आत्मनिर्भर
मेरे माता-पिता ने भी हम तीनों बहनों पर बचपन से ही भरोसा जताया है और आत्मविश्वास के साथ अपने मन का काम करने की प्रेरणा दी है। उन्होंने हमेशा हमें खुद सपनों के लिए मेहनत करने की हिम्मत दी। जिस कारण आज हम तीनों बहनें आत्मनिर्भर हैं, अपने पैरों पर खड़ी हैं।

समस्याएं हल कर पाएंगी : अगर घर की महिलाएं सशक्त हैं तो परिवार खुशहाल होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि जब घर की महिलाएं पढ़ी-लिखी होंगी तो अपने क्रिएटिव दिमाग से घर की समस्याओं को खत्म करने के प्रयास में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगी और सभी समस्याओं का हल निकालकर घर में खुशियां भर देंगी।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII , सेक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादकः भुवनेश जैन।
सम्पादकीय प्रभारीः सुरेश व्यास-पी.आर.बी. एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी''